

प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से बाजार धड़ाम - 12



सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि - 12



कांग्रेस, वामदलों अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत - 13



पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका - 14


आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.20
सूर्यास्त 06.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:20 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 14 मई 2026, वर्ष 6, अंक 78, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# सीबीएसई 12वीं रिजल्ट में बेटियों का फास्ट ट्रैक

- 85% से ज्यादा छात्र सफल, पहली बार 'ऑन स्क्रीन' जांची गईं कॉपियां
- नतीजों में पिछले साल से 3% की गिरावट, 1.63 लाख छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस साल कुल 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

हालांकि, पिछले साल के मुकाबले इस बार उत्तीर्ण प्रतिशत में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि छात्र अपना रिजल्ट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट या डिजिलॉकर पर देख सकते हैं। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का सफलता प्रतिशत 82.13 रहा। वहीं, ट्रांसजेंडर श्रेणी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा।



सीबीएसई इंटर का रिजल्ट आने पर बरेली के एक स्कूल में खुशी से झूमे बच्चे।

### रिजल्ट के मुख्य आंकड़े

- 90% से अधिक अंक : 94,028 छात्र (कुल का 5.32%)
- 95% से अधिक अंक : 17,113 छात्र (कुल का 0.97%)
- कंपार्टमेंट श्रेणी : 1,63,800 छात्र (पिछले साल से 2% अधिक)

### देहरादून रीजन में 81.42 फीसदी विद्यार्थी पास

**देहरादून/नैनीताल :** देहरादून रीजन में इस साल 81.42 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता पायी जबकि पिछले वर्ष यह प्रतिशत 83.45 रहा था। जनपद नैनीताल का रिजल्ट लगभग शत प्रतिशत रहा। डीपीएस हल्द्वानी की छात्रा अरिना रघुवंश टॉपर रहीं। उन्होंने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। केवी लोहाघाट के पारस सिंह ने 96 प्रतिशत तो चम्पावत में होली विजडम के छात्र यथार्थ ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। सफल छात्रों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शुभकामनाएं दी हैं।

# मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन, शरीर पर चोट के छह निशान

## मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से मौत की बात आ रही सामने

- योगी ने घर जाकर दी श्रद्धांजलि
- असम से दोपहर बाद लौटीं पत्नी व भाजपा नेता अपर्णा यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव (38) का बुधवार सुबह करीब छह बजे निधन हो गया। उन्हें सुबह गंभीर हालत में लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में केजीएमयू में डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह 'मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' यानी फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने के कारण कार्डियो-रेस्पिरेटरी कोलेप्स बताई गई है। रिपोर्ट में शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं।

प्रतीक यादव, स्व. मुलायम सिंह यादव और साधना गुप्ता के पुत्र थे। उनके निधन की खबर फैलते ही मुलायम सिंह यादव के परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रतीक यादव की पत्नी भाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव दो दिन से आसाम दौरे पर थीं, सूचना मिलते ही, वह दोपहर बाद फ्लाइट से लखनऊ पहुंचीं। पति का शव देख विलख पड़ी। इसके पहले सुबह प्रतीक के बड़े भाई सपा प्रमुख अखिलेश यादव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रतीक जीवन में बड़ा काम करना चाहते थे और उनका इस तरह अचानक चले जाना बेहद दुखद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को प्रतीक यादव के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समेत तमाम मंत्रियों ने पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव समेत परिवार के तमाम सदस्य और प्रतीक के साथियों के आंसू नहीं थम रहे थे। प्रतीक कुछ समय से फेफड़ों से जुड़ी बीमारी से भी जूझ रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर आवास लाया गया।



प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### चोट पर उठ रहे सवाल, विसरा सुरक्षित

प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं, जिनमें ज्यादातर चोटें छाती, दाहिने हाथ, कोहनी और कलाई के आसपास पाई गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीर पर मिले चोट के निशान कंट्यूजन प्रकृति के हैं। इनमें कुछ चोटें पांच से सात दिन पुरानी जबकि दो चोटें लगभग एक दिन पुरानी बताई गई हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी चोटें एंटीमॉर्टम यानी मृत्यु से पहले की हैं। चिकित्सकों ने स्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए पल्मोनरी थ्रोम्बोटिक मटेरियल सुरक्षित रखा है, जबकि विसरा को केमिकल एनालिसिस के लिए संरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मौत का प्राथमिक कारण फेफड़ों में बड़े स्तर पर रक्त का थक्का बनना माना गया है, जिससे अचानक कार्डियो-रेस्पिरेटरी सिस्टम फेल हुआ। हालांकि अंतिम निष्कर्ष विसरा और अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अमूल - मदर डेयरी का दूध 2 रुपये लीटर महंगा नई दरें आज से लागू

**नई दिल्ली।** देश के दो सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने बुधवार को दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों की नई दरें गुरुवार से प्रभावी हो जाएंगी। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले एक साल में किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में करीब 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस बढ़ी हुई लागत के आंशिक बोझ को ही उपभोक्ताओं पर डाला गया है। अमूल ब्रांड का संचालन करने वाली संस्था जीसीएमएमएफ ने भी देश भर में अपनी सभी श्रेणियों में दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने के लिए किसानों से खरीद की बढ़ी लागत को ही जिम्मेदार ठहराया है।

### तमिलनाडु: बागियों के दम पर टीवीके सरकार ने जीता विश्वासमत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चार दिन पहले सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में गठित तमिलगा वेत्री कषगम सरकार ने बुधवार को विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन में सरकार के पक्ष में 144 और विरोध में केवल 22 मत पड़े। यह जीत टीवीके सरकार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के 25 बागी विधायकों (सी वे षनमुगम और एसपी वेलुमणि सहित) द्वारा पक्ष में मतदान करने से मिली। द्रमुक के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया, जबकि अन्नाद्रमुक अध्यक्ष एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के गुट के 22 सदस्यों ने सरकार के विरोध में वोट डाला। (विस्तृत देश-दुनिया पर)

### केरल के मुख्यमंत्री की घोषणा आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल ने केरल के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर अंतिम दौर की मंत्रणा की। पार्टी नेतृत्व इस फैसले की घोषणा गुरुवार को करेगा। खरगे के आवास '10 राजा जी मार्ग' पर दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने नेता चुनने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया था।

# सीएम और मंत्रियों की वाहन फ्लीट आधी, वर्क फ्रॉम होम, नो व्हीकल डे

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में अहम फैसले

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्तमान वैश्विक हालात में नागरिकों से छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों के माध्यम से राष्ट्रीय प्रयासों में सहयोग की अपील का अनुसरण करते हुए उत्तराखंड में भी कई अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधार तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला लिया गया है।

बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में संपन्न कैबिनेट की बैठक में राज्य में ऊर्जा और ईंधन बचत के लिए अहम निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के बाद, रूस-यूक्रेन संघर्ष और वर्तमान में जारी पश्चिम एशिया के संकट के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला विशेष तौर पर ईंधन, खाद्य पदार्थ और उर्वरकों पर दबाव बढ़ा है। इस वैश्विक संकट के कारण भारत भी बढती ईंधन लागत, आयात निर्भरता और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री की इस अपील का प्रदेश के जनसामान्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद राज्य में अल्प और दीर्घकालिक सुधार तत्काल लागू

### कैबिनेट के अहम फैसले

- **घर से करेंगे काम, वर्चुअल बैठक बढ़ाएं :** सरकारी विभागों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को बढ़ावा मिलेगा। वर्क फ्रॉम होम के तहत घर से ही कार्य करेंगे। निजी क्षेत्रों में भी वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहित किया जाएगा। लोगों को सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- **सप्ताह में एक दिन वाहन को ना :** मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वाहन फ्लीट में वाहनों की संख्या आधी होगी। हफ्ते में एक दिन 'नो व्हीकल डे' होगा। जन सामान्य को भी इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। सरकारी और निजी भवनों में एसी के प्रयोग को सीमित करने के प्रयास होंगे।
- **एक अधिकारी, एक वाहन :** परिवहन विभाग सार्वजनिक बसों की सेवा और क्षमता बढ़ाएगा। सरकारी कर्मियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिन अधिकारियों के पास एक से अधिक विभाग हैं, वे एक दिन में अधिकतम एक वाहन का प्रयोग करेंगे।
- **प्रभावी ईवी पॉलिसी जल्द :** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए जल्द ही प्रभावी ईवी पॉलिसी लाई जाएगी। नए सरकारी वाहनों के क्रय में 50 प्रतिशत अनिवार्य तौर पर ईवी होंगे। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन/नेटवर्क का प्राथमिकता के आधार पर विस्तार किया जाएगा।
- **सरकारी विदेश यात्राएं सीमित होंगी :** सरकारी विदेशी यात्राएं सीमित होंगी। 'विजिट माई स्टेट' अभियान से घरेलू पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में विरासत, धार्मिक, वेलनेस, ग्रामीण और इको-टूरिज्म सर्किटों के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहन और सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था होगी। उत्तराखंड इस दिशा में पहले ही पहल कर चुका है। प्रवासी भारतीयों को उत्तराखंड में छुट्टियां बिताने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- **'मेरा भारत, मेरा योगदान' :** 'मेरा भारत, मेरा योगदान' जैसे जन-जागरूकता अभियान चलेंगे। 'मेड इन स्टेट' अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी। सरकारी खरीद में 'मेक इन इंडिया' नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित होगा। नागरिकों को एक वर्ष तक सोने की खरीद को सीमित करने के लिए जागरुक किया जाएगा।
- **खाद्य तेल की खपत घटेगी :** आम जनमानस को कम तेल वाले भोजन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी कैंटीनों में तेल उपयोग की समीक्षा करते हुए उसके उपयोग में कमी लाने के प्रयास होंगे। होटल, ढाबा और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को 'लो ऑयल मेन्यू' अपनाने को प्रेरित किया जाएगा।
- **प्राकृतिक खेती को बढ़ावा :** किसानों को नेचुरल फार्मिंग, जीरो बजट फार्मिंग्स और बायो इनपुट्स का प्रशिक्षण मिलेगा। उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान चलेगा।
- **स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा :** पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों के संयोजन मिशन मोड में चलेंगे। होटल, रेस्टोरेंट और सरकारी आवासों में पीएनजी उपयोग को प्राथमिकता मिलेगी। पीएम सूर्य घर योजना में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा मिलेगा। गोबर गैस को बढ़ावा मिलेगा। माइनिंग, सोलर और पावर प्रोजेक्ट्स की मंजूरी तेजी से मिलेगी। मुख्यसचिव की अध्यक्षता में गठित एचपीसी 60 दिन में प्रस्ताव अनुमोदित करेगी।

## मोदी के काफिले में वाहनों की संख्या घटी, बस से यात्रा करेंगे जनप्रतिनिधि

- प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद कई मुख्यमंत्रियों ने भी वाहनों की संख्या में कमी की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने और मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील करने के कुछ दिन बाद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद भाजपा-शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री की हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान उनके काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम की गई है। एसपीजी के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों को बरकरार रखा गया है। हैदराबाद में रविवार को मितव्ययिता उपायों के संबंध में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में कारों की संख्या को कम कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने, जहां भी संभव हो, अपने काफिले में ईवी को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी अपना काफिला घटा दिया है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी, मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सरकारी वाहनों की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया है।

# सोना-चांदी आयात दोगुने से ज्यादा महंगा इम्पोर्ट ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत

- रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचे रुपये को संभालने की कवायद, घरेलू बाजार में बढ़ेंगे दाम

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को रोकने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) को 6 प्रतिशत से सीधे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, प्लैटिनम पर भी टैक्स 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। नई दरें तत्काल प्रभावी हो गई हैं। इसके दायरे में सोने-चांदी के डोरे, सिक्के और अन्य वस्तुएं भी आएंगी।

देश में कच्चे तेल के बाद सोने का आयात सबसे ज्यादा होता है, जिससे बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बाहर जा रही है और रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। सरकार के इस कदम से घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल आने के आसार हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में देश के भीतर सोने और चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के साथ 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके चलते देश के कुल आयात में सोने-चांदी की हिस्सेदारी 11.8% से बढ़कर सीधे 14% हो गई है।

दुनिया में चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश में सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग के लिए किया जाता है, जिसके भुगतान में भारी मात्रा में डॉलर का इस्तेमाल होता है।

### सोना 8,550 और चांदी 20,500 रुपये तेज

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# 400 करोड़ के घोटाले में सरगना सहित 5 गिरफ्तार

- लोनी अर्बन चिट फंड घोटाले में सीबीआई ने की कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सीबीआई ने उत्तराखंड के 400 करोड़ से ज्यादा के लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी चिट फंड घोटाले (एलयूसीसी) में सरगना सुशील गोखरू के अलावा राजेन्द्र सिंह बिष्ट, तरुण कुमार मौर्य, गौरव रोहिल्ला और ममता भंडारी समेत पांच आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

सीबीआई के अनुसार, उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष सोसायटी से संबंधित सभी एफआईआर सीबीआई को ट्रांसफर करने के आदेश के आधार पर सीबीआई ने 26 नवंबर 2025 को सोसायटी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। अब तक की जांच में राज्य में आम जनता के अभूतपूर्व स्तर पर वित्तीय शोषण का खुलासा हुआ, जिसमें एक लाख से ज्यादा निवेशकों को एलयूसीसी की विभिन्न अनियमित जमा योजनाओं में निवेश करने का प्रलोभन देकर करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश कराना सामने आया। सीबीआई के अनुसार, इस मामले का मुख्य आरोपी समीर अग्रवाल अपनी पत्नी सानिया अग्रवाल के साथ विदेश फरार हो गया है। आरोपियों ने अपराध से अर्जित धनराशि से जो अचल संपत्तियां खरीदी हैं, उनका विवरण उत्तराखंड सरकार से साझा करते हुए सीबीआई ने फ्रीज कराने का अनुरोध किया है।

## नीट पेपर लीक मामले में एक्शन में सीबीआई 3 राज्यों से 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बुधवार को देशव्यापी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने जयपुर से तीन, गुरुग्राम से एक और महाराष्ट्र के नासिक से एक व्यक्ति को दबोचा है।

सीबीआई की टीमों ने देश के कई शहरों में बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जांच के पहले ही दिन सीबीआई की टीम ने एनटीए के मुख्यालय का दौरा किया। वहां टीम ने नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित जरूरी दस्तावेज एकत्र किए और जांच प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से लंबी पूछताछ की। पेपर लीक के पुख्ता आरोपों के बाद सरकार ने 3 मई को आयोजित हुई इस परीक्षा को रद्द कर दिया था।

**बातचीत** — आरएसएस के सर कार्यवाह होसबाले ने कहा कि प्यार एक तरफा नहीं हो सकता ...इसमें साजिश है

# प्रेम पर सवाल नहीं...हिंदू लड़कियों को बहकाने की साजिश चिंताजनक

नई दिल्ली, एजेंसी

आरएसएस के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि अलग-अलग धर्मों के व्यक्तियों के बीच होने वाले 'सच्चे प्रेम' पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन हिंदू लड़कियों को निशाना बनाकर की जाने वाली कोई भी सुनियोजित साजिश निश्चित रूप से चिंताजनक है।

होसबाले ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्वयंसेवकों के बीच ऐसे कई मामले हैं जिन्होंने सच्चे प्रेम के लिए जाति, धर्म और यहां तक कि राष्ट्रीयता की सीमाओं को पार करते हुए विवाह किया और संघ ने इसे हमेशा स्वाभाविक मानते हुए स्वीकार किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता ने बेबाक कहा कि हमने उन शादियों का स्वागत किया, उनमें जश्न मनाया और उनमें शामिल हुए।

लव जिहाद के सवाल पर होसबाले ने कहा कि लव जिहाद शब्द में हमारा कोई योगदान नहीं है। इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया था। उन्होंने कहा कि जब दो व्यक्ति प्रेम में होते हैं, तो धर्म, राष्ट्रीयता आदि का कोई महत्व नहीं होता। लेकिन जब यह एक एजेंडा बन जाता है और हिंदू लड़कियों को अगवा करने की सुनियोजित साजिश रची जाती है, तो इससे सवाल उठते हैं और टकराव पैदा होता है।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के कई परिवार ऐसे हैं जहां लोगों ने अपनी जाति, समुदाय या धर्म से बाहर शादी की है। हम इसका प्रचार नहीं करते क्योंकि हम इसे स्वाभाविक मानते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिसे 'लव जिहाद' कहा जा रहा है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसे मामले बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं और हर महीने अदालतों में इनकी सुनवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कई लड़कियां वापस आई हैं और उन्होंने अपनी दुख भरी कहानियां सुनाई हैं। लगभग 20,000 मामले दर्ज किए गए हैं। ये सब चीजें यूं ही नहीं हो सकतीं।

होसबाले ने यह भी सवाल उठाया कि क्या प्यार सिर्फ एकतरफा होता है? क्या सभी मामले हिंदू लड़कियों और मुस्लिम लड़कों के ही हैं? तो इसका मतलब है कि इस प्यार का सिर्फ एक ही पहलू है। फिर यह प्यार नहीं है। इसमें कोई साजिश है।

एक सवाल के जवाब में होसबाले ने कहा है कि मुसलमानों में राष्ट्रवादी नेता अब दुर्लभ ही देखने को मिलते हैं क्योंकि नेताओं को तभी समर्थन मिलता है जब उनमें अलगाववादी प्रवृत्तियां होती हैं।



### परिवार की सुरक्षा के लिए ज्यादा बच्चे जरूरी

हिंदुओं के लिए अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता के बारे में होसबाले ने कहा कि यह परिवार की सुरक्षा और कई अन्य कारणों से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि केवल एक ही बच्चा हो, एक ही बच्चे का नियम हो, तो यदि किसी उम्र में बच्चे को कुछ हो जाता है, तो बुढ़ापे में माता-पिता का क्या होगा?' समुदाय और राष्ट्र के लिए भी अधिक बच्चे होना महत्वपूर्ण है। हम अर्थव्यवस्था बना रहे हैं, हम धन सृजित कर रहे हैं, हम हर चीज का विकास कर रहे हैं। लेकिन भविष्य में अगर देश बुजुर्गों का देश बन जाता है, तो समस्या पैदा होगी।

**स्टेट ब्रीफ**

### विक्रम हत्याकांड में एक लाख का इनामी धरा

**देहरादून :** देहरादून में झारखंड के गैंगस्टर विक्रम शर्मा की हत्या में फरार चल रहे एक लाख के इनामी आरोपी यशराज सिंह निवासी जमशेदपुर को देहरादून पुलिस तथा एसटीएफ की संयुक्त टीम ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। एसएसपी पीएस डोबाल ने बताया कि इस मामले में छह आरोपियों पर 1-1 लाख का इनाम घोषित किया गया था।

### ईंधन बचाने को डीएम एसएसपी पैदल निकले

**हल्द्वानी :** वैश्विक संकट और ईंधन आपूर्ति पर बढ़ते दबाव के बीच पुलिस-प्रशासन ने ईंधन संरक्षण को लेकर विशेष पहल की है। बुधवार को नैनीताल में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर "ईंधन बचाओ अभियान" की शुरुआत की। वहीं, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी हल्द्वानी में अपने आवास से पुलिस कार्यालय तक पैदल पहुंचे।

### कालाढूंगी में आबादी के पास दिखा भालू, खौफ

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी रेंज में नगर के समीप भालू दिखाई देने से दहशत का माहौल है। बुधवार सुबह वार्ड नंबर-1 की महिलाएं नैनीताल रोड पर वॉक पर निकलीं तो वन विभाग गेस्ट हाउस के पीछे सड़क किनारे भालू दिखाई देने से घबरा गईं। उन्होंने वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

### 57 होमस्टे में मिलीं अनियमितताएं

**रामनगर :** होमस्टे जांच अभियान में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आई हैं। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि प्रशासनिक टीमों ने 59 होमस्टे का निरीक्षण किया, जिनमें एक ही होमस्टे बेदाग मिला। एक अन्य होमस्टे को विधिवत होटल में परिवर्तित किया गया था, इसके अलावा शेष 57 होमस्टे में कोई न कोई खामियां मिली हैं।

### किसान महासभा का सदस्यता अभियान शुरू

**लालकुआं :** अखिल भारतीय किसान महासभा की बिंदुखत्ता इकाई ने बुधवार को इंद्रानगर प्रथम से सदस्यता अभियान की शुरुआत की। महासभा का यह अभियान एक माह तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान राजस्व गांव का मुद्दा, गौला तटबंध, आवारा गोवंश से निजात, प्रदूषित जल, घोड़ानाला में मगरमच्छों से राहत तथा बदहाल सड़कों की मरम्मत जैसे जनसरोकार के मुद्दे उठाए जाएंगे।

# पर्वतीय क्षेत्र से रुकेगा पलायन, चकबंदी प्रोत्साहन नीति मंजूर

## मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट में हुआ ऐतिहासिक फैसला: 11 पर्वतीय जिलों के 275 गांवों को 5 वर्षों में चकबंदी से जोड़ने का लक्ष्य, एचपीसी गठित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

मंत्रिमंडल ने राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में बिखरी जोतों को एकीकृत करने और कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उत्तराखंड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी प्रोत्साहन नीति- 2026' को लागू करने की स्वीकृति दी गई है। यह नीति पर्वतीय जनपदों के काश्तकारों के आर्थिक उत्थान और कृषि विकास के लिए एक व्यापक दूरदर्शी नीति साबित होगी। इस नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा कड़े दिशा-निर्देश और लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

नीति के तहत प्रदेश के 11 पर्वतीय जनपदों में प्रतिवर्ष प्रति जनपद पांच गांवों में चकबंदी कार्य पूर्ण किया जाएगा। इस प्रकार आगामी पांच वर्षों में 275 गांवों को स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी से कवर करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

पात्रता एवं कड़ी शर्तें चकबंदी के लिए केवल उन्हीं गांवों का चयन किया जाएगा जो किसी भी प्रकार के भू-विवाद से पूर्णतः मुक्त हों। साथ ही संबंधित चकबंदी क्षेत्र का न्यूनतम कुल भूमि क्षेत्रफल 10.00 हेक्टेयर होना आवश्यक है। कम क्षेत्रफल होने की दशा में न्यूनतम 25 खाताधारकों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी।

वहीं, कैबिनेट की बैठक के दौरान उत्तराखंड की पंचम विधान सभा के वर्ष 2026 का विशेष सत्र का तत्काल प्रभाव से सत्रावसान किए जाने का मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन किया गया।



देहरादून स्थित सचिवालय में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### आपसी सहमति से चकों का निर्माण

नीति में भू-स्वामियों द्वारा आपसी सहमति से चक निर्माण का कार्य होगा। काश्तकारों द्वारा स्वयं चकबंदी योजना तैयार कर संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। नीति के तहत काश्तकारों/कृषकों को विशेष प्रोत्साहन और लाभ की व्यवस्था की गई है। यह लाभ काश्तकारों को स्वैच्छिक/आंशिक चकबंदी योजना के पूर्ण होने के उपरांत ही देय होगा। इच्छुक किसान/खाताधारक अपना आवेदन पत्र बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) अथवा सहायक कलेक्टर (परगनाधिकारी) को प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- राजस्व परिषद, समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026 के संशोधन को मंजूरी।
- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के क्रम में न्याय विभाग के अंतर्गत रजिस्ट्रार न्यायालय एवं केस प्रबंधक का पद सृजित होगा।
- मेडिकल कॉलेजों में संविदा संकाय सदस्यों को तीन वर्ष के लिए चयन अब सचिव स्तर से होगा।
- चिकित्सा शिक्षा निदेशालय का ढाचा पुर्नगठित करते हुए अब 40 होंगे।
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में कार्यरत 277 कार्मिकों को समान कार्य-समान वेतन प्रदान होगा।
- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत लैब टैक्नीशियन संवर्ग का ढांचा आईपीएचएस मानकानुसार पुनर्गठित होगा। कुल 345 पद मानकानुसार पुनर्गठित करने की मंजूरी।
- महिला स्पोर्टस कॉलेज, लोहाघाट के सुचारू संचालन को प्रधानाचार्य सहित 16 पद सृजित करने की कैबिनेट से मंजूरी।
- लघु जल विद्युत परियोजना विकास नीति, 2015 के कतिपय प्राविधानों में संशोधन होगा।
- ऊर्जा विभाग के अंतर्गत तीनों निगमों में निदेशक की नियुक्ति से संबंधित नियमावली में संशोधन करते हुए निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द से नियुक्त शब्द को हटाने की कैबिनेट की मंजूरी।
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता नियम-2026 के प्रख्यापन की मंजूरी। इस नियमावली के माध्यम से राज्य में अल्पसंख्यक मुस्लिम, जैन, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं सिख समुदाय के शैक्षणिक विकास एवं नवीन संस्थानों की मान्यता, नवीनीकरण और मान्यता की समाप्ति इत्यादि प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से प्रबंधित करने का प्रावधान किया गया है।
- पंचायत भवन निर्माण हेतु अब 20 लाख रुपए प्रति पंचायत घर निर्धारित करने का अनुमोदन।
- गृह विभाग के अंतर्गत विधि विज्ञान प्रयोगशाला विभाग में 15 पदों सृजित होंगे।
- उत्तराखंड पर्यटन यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन पर कैबिनेट की मंजूरी। अब एक नियमावली। होमस्टे के तहत अब 8 कमरे होंगे। रिन्यूअल फीस ऑनलाइन भुगतान करने पर ऑटोमैटिक रिन्यूलअल माना जाएगा।

**त्रिस्तरीय निगरानी तंत्र, समीक्षा**

नीति के पारदर्शी संचालन, अनुश्रवण एवं समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर उच्चाधिकार समिति, राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति तथा जनपद स्तर पर क्रियान्वयन समिति गठित की गयी है। नीति के व्यावहारिक अनुभवों और सुझावों के आधार पर लागू होने के तीन वर्ष के बाद इसमें आवश्यक संशोधन और सुधार किए जाएंगे। अनुमान है कि इस निर्णय से प्रदेश में कृषि, बागवानी और सह कृषि गतिविधियों में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

# आवास पर रोते-बिलखते मिले मल्लीताल कोतवाल

- दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची पुलिस, तनाव में होने की चर्चा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल कोतवाली बुधवार सुबह उस समय सुर्खियों में आ गई, जब शहर कोतवाल हेम पंत ने खुद को अपने आवासीय कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने और अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां कोतवाल भावुक और परेशान हालत में मिले।

बताया गया कि कोतवाल कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। मामला उनकी संबद्धता समाप्त होने के बाद मूल तैनाती अल्मोड़ा भेजे जाने से जुड़ा बताया गया है। बुधवार सुबह 10 बजे तक कोतवाल ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो पुलिसकर्मी उनके आवास पहुंचे। सूचना पर सीओ अंजना नेगी मौके पर पहुंचीं। बाद में परिजनों को बुलाकर कोतवाल को उनके साथ भेज दिया गया।

सूत्रों के अनुसार हाल ही में एक पुलिसकर्मी के स्थानांतरण को लेकर कोतवाल की वरिष्ठ अधिकारियों से बहस हुई थी। उन्होंने कर्मियों की कमी का मुद्दा भी उठाया था। वहीं, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि सात पुलिसकर्मियों को मूल तैनाती पर भेजने के आदेश पहले ही जारी किए गए थे। मामले में रिपोर्ट तलब कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने सीएस से 24 घंटे में मांगी प्रगति रिपोर्ट

- राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति को लेकर की सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से की जा रही हीलाहवाली को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को 24 घंटे के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

मामले की अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की गई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बुधवार को यह निर्देश हल्द्वानी निवासी रविशंकर जोशी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए। सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश करने के लिए अदालत से समय की मांग की गयी। कहा गया कि विगत 29 अप्रैल को सर्च कमेटी की बैठक बुलाई गई थी लेकिन विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बैठक में शामिल नहीं हो पाये। सरकार की ओर से अदालत से समय की मांग की गयी। इसके बाद अदालत ने मुख्य सचिव को 24 घंटे के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति से संबंधित प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने इस मामले में देरी पर नाराजगी भी जताई।



### आयुक्त की अगुवाई में कमेटी गठित

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नैनीताल में टैक्सी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के मामले में सुनवाई करते हुए बुधवार को जारी अपने अहम निर्णय में इस मामले के समाधान के लिए कुमाऊं आयुक्त की अगुवाई में उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी दो सप्ताह में बैठक कर इस मामले का समाधान निकालेगी और अदालत में अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में अजय रावत और स्थानीय टैक्सी चालकों की ओर से दायर 11 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की।

### हाईकोर्ट करेगा अहम प्रकरण में सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट हल्द्वानी में कथित रूप से रेलवे, नजूल और वन भूमि को भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से मामूली रुपए के स्टाम्प पर बेचे जाने के मामले में दो सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता हितेश पांडे की ओर से शीघ्र सुनवाई के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। कहा गया कि एक वर्ष बीतने के बावजूद सरकार ने अभी तक इस मामले में जवाब दाखिल नहीं किया है।

### 'ऑन मेरिट' आधार पर समीक्षा डीपीसी पर रोक

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग अधिकारियों की पदोन्नति से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए 'ऑन मेरिट' सिद्धांत के आधार पर प्रस्तावित समीक्षा विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने 12 मई को यह आदेश पारित किया। आदेश की प्रति बुधवार को मिल पायी। याचिकाकर्ता एम्स ऋषिकेश में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी के पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने कैट की प्रधान पीठ नई दिल्ली के सात अप्रैल के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें कैट ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 मई तय कर दी थी।

# दून में नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन हो गया स्थगित

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** वर्षवार भर्ती की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहा नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन बुधवार को स्थगित हो गया।

करीब 60 घंटे से पानी की टंकी पर चढ़े चार नर्सिंग अभ्यर्थी और कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला भी सरकार से मिले आश्वासन के बाद टंकी से उतर आए। स्वास्थ्य मंत्री ने नर्सिंग बेरोजगारों के मांग पत्रों का परीक्षण कराने की बात कही है।

उधर, इस मामले को लेकर भाजपा ने सरकार से बातचीत के आधार पर नर्सिंग बेरोजगारों के आंदोलन समाप्ति का स्वागत किया है। वहीं, कांग्रेस नेत्री द्वारा स्वयं पर पेट्रोल डालकर बेरोजगारों को आत्मदाह के लिए उकसाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की है। भाजपा विधायक व प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कहा, सरकार से बातचीत के बाद नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन समाप्त करना स्वागत योग्य है। पार्टी को पूर्ण भरोसा है कि शीघ्र मुख्यमंत्री युवाओं के हित में इस मुद्दे का पूर्णतया समाधान करेंगे। वहीं, आंदोलनकारी युवाओं से आग्रह किया कि भाजपा संगठन और सरकार उनके हितों को लेकर संवेदनशील एवं गंभीर है।

## भवाली में कार पलटी बरेली के यात्री की मौत

**नैनीताल:** भवाली में बुधवार शाम सड़क हादसे में बरेली निवासी पर्यटक की मौत हो गई जबकि तीन साथी घायल हो गए। सभी अल्मोड़ा से बरेली लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 7:15 बजे सूचना मिली कि अल्मोड़ा हाइवे पर एक एक्सयूवी पलट गई है। मौके पर जांच की गई तो कार में चालक/स्वामी मयंक पटेल पुत्र रामबाबू निवासी केशवपुर बरेली, सुरेन्द्र पटेल, कमल पटेल तथा रविन्द्र पटेल सवार थे। गंभीर रूप से घायल रविन्द्र पटेल (35) पुत्र स्व. नाथू लाल निवासी ग्रीन पार्क, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवाली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दिखावे को ईंधन बचाने की कवायद न हो: सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में ईंधन बचाने की बात कही है इसलिए सबसे पहले सरकार के लोगों को ही इस पर अमल करना चाहिए। केवल दिखावे के लिए यह सब न हो क्योंकि अतीत में इस तरह का जब भी कोई बयान बड़े नेता देते थे तो सबसे पहले वह उसे स्वयं पर ही अमल करते थे।

आरोप लगाया कि वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए इस पर मंथन होना चाहिए और अगर तेल का संकट आता है तो यह भारत की विदेशी कूटनीति की विफलता है क्योंकि रूस से हमें जो तेल मिलता था वह हम अमेरिका के दबाव में नहीं ले पा रहे हैं। कहा कि सरकार को सराफा कारोबारियों से बात करनी चाहिए थी। विधायक ने दावा किया कि सरकार के कथनों से लग रहा है कि देश में संकट आ रहा है। कहा कि जिसके पास तेल वाला वाहन है, उसके पास तो केवल एक ही विकल्प है। इसका इस्तेमाल न करें उसका न करें, इस तरह के बयानों से अर्थव्यवस्था को भी झटका लगने का डर है।

# निर्माणाधीन रिजॉर्ट पर कार्रवाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मोहान क्षेत्र में निर्माणाधीन रिजॉर्ट पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताओं की आशंका सामने आई।

प्रशासन को रिजॉर्ट निर्माण को लेकर शिकायत मिली थी, जिसके बाद संयुक्त टीम गठित कर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि निर्माण उस स्थान पर किया जा रहा है, जहां पहले सिंचाई विभाग की गूल संचालित होती थी। आरोप है कि गूल को बिना अनुमति डायवर्ट किया गया और इसके लिए विभाग से कोई एनओसी भी नहीं ली गई।

एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है और संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण या अवैध निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा भवन की ऊंचाई को लेकर भी शिकायत मिली है, जिसकी जांच प्राधिकरण की टीम अलग से कर रही है।



मोहान में निर्माणाधीन रिजॉर्ट की जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# जावेद और अरशद ने कोर्ट में किया सरेंडर

- बनभूलपुरा हिंसा: शीर्ष कोर्ट ने रद्द की थी डिफॉल्ट जमानत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा मामले के मुख्य आरोपी जावेद सिद्दीकी और अरशद अयूब ने एडीजे प्रथम की अदालत में सरेंडर कर दिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

शीर्ष कोर्ट ने 6 मई को नैनीताल हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें दोनों आरोपियों को डिफॉल्ट जमानत दी गई थी। शीर्ष कोर्ट ने आदेश दिया था कि दोनों आरोपी दो सप्ताह के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उत्तराखंड सरकार की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मामले की गंभीरता, बड़ी संख्या में आरोपियों और गवाहों को देखते हुए जांच एजेंसी गंभीर परिस्थितियों में तेजी से जांच कर रही थी। ऐसे में हाईकोर्ट द्वारा जांच पर की गई टिप्पणियां उचित नहीं थीं।

सरकार ने नैनीताल हाईकोर्ट द्वारा जावेद सिद्दीकी और अरशद अयूब को दी गई डिफॉल्ट जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की दलीलों को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट का आदेश निरस्त कर दिया। जिसके बाद मंगलवार को दोनों ने एडीजे प्रथम की अदालत में समर्पण कर दिया।

**आस्था की क्रांति** 25 दिनों में 12 .60 लाख दर्शनार्थियों ने किए चारों धामों के दर्शन

# उत्तराखंड चारधाम यात्रा नए कीर्तिमान की ओर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध उत्तराखंड की चारधाम यात्रा इस वर्ष नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। 25 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 12.60 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। 22 दिनों में ही 5.23 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम में दर्शन कर चुके हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से राज्य सरकार यहां मौसम के मिजाज पर भी पूरी नजर रखे हुए है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। गंगोत्री, यमुनोत्री बदरीनाथ और केदारनाथ चारों धामों में आस्था और विश्वास का जबरदस्त उल्लास देखने को मिल रहा है। यात्रा का श्रीगणेश 19 अप्रैल को हुआ था और 13 मई तक 12 लाख 60 हजार 478 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं। इनमें केदारनाथ में 5,23,582, बद्रीनाथ में 3,24,081, गंगोत्री में 2,05,425 और यमुनोत्री धाम में 2,07,390 तीर्थयात्री पहुंचे हैं। वहीं, बुधवार को चारों धामों में 80401 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ में सर्वाधिक 32,423 तीर्थयात्री पहुंचे जबकि बद्रीनाथ में 21,260, यमुनोत्री में 13,403 और गंगोत्री धाम में 13,315 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा मुश्किल भरी होने के बावजूद यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार नया रिकॉर्ड बना रही है।



**22** दिनों में 5 .23 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे

### प्रधानमंत्री मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाए जाने से केदार यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। बीते चार वर्षों (वर्ष 2022 से 2025 तक) के आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो 69 लाख 45 हजार 487 श्रद्धालु केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ चुके हैं। इनमें 2022 में 15,64,248, 2023 में 19,58,863, 2024 में 16,53,581 और 2025 में 17,68,795 तीर्थयात्री पहुंचे हैं।





रामनगर में प्रेसवार्ता में जानकारी देते नैनीताल सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### सीतावनी में पहली बार होगी 'श्रीजानकी कथा': भट्ट

**रामनगर :** रामनगर की पावन भूमि सीतावनी में 16 मई को पहली बार "श्रीजानकी कथा" का आयोजन होगा। सांसद अजय भट्ट ने रामनगर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता में बताया कि इस धार्मिक आयोजन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मां सीता के त्याग, धैर्य, मर्यादा और नारी-शक्ति के आदर्शों को समाज तक पहुंचाना है। सांसद ने कहा कि हाल ही में दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में "श्रीजानकी कथा" को देश के गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया था। सांसद भट्ट ने बताया कि काउंसिल के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र महाराज के स्नेही शिष्य 12 वर्षीय बाल-व्यास वैदेहीनंदन वेदांतजी पहली कथा का वाचन करेंगे। उन्होंने कहा कि सीतावनी का चयन इसलिए किया गया क्योंकि यह स्थान रामायण काल से जुड़ा माना जाता है और मां सीता को समर्पित पवित्र स्थल है। सांसद ने कहा कि मां सीता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि नारी-सम्मान, त्याग और धैर्य की सर्वोच्च प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही "सीता सखी समिति" का गठन कर देशभर की महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट्स

- जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई करेंगे सुबह 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### बारिश नहीं हुई, उमस भरी गर्मी से परेशान

**हल्द्वानी :** शहर में इस बार मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून का अलर्ट गलत साबित हो गया। बुधवार को बारिश होने का अनुमान था लेकिन धूप निकली और लोग गर्मी से परेशान रहे। दिन का अधिकतम तापमान 35 .6 डिग्री रहा जो विगत दिनों की अपेक्षा ज्यादा है जबकि एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहता था। न्यूनतम तापमान 22 .6 डिग्री रहा।

### जिले की टॉपर अरिना रघुवंश ने सफलता के बताए टिप्स, छात्रों को दिया रिविजन व नियमितता का मंत्र

# जिस दिन इंटर में पहुंचीं, उसी दिन से शुरू कर दी तैयारी



कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ''जिस दिन 12वीं क्लास में एडमिशन हुआ, उसी दिन से ही तैयारी शुरू कर दी। जितना पढ़ा, उसका ज्यादा से ज्यादा रिविजन किया। परीक्षा नजदीक आने पर टेंशन होती है इसलिए रोजाना पढ़ाई की। कोई टेंशन नहीं ली बल्कि टाइम मैनेजमेंट किया, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र और सैंपल पेपर्स सॉल्व किए'' यह कहना है कि सीबीएसई इंटरमीडिया में जिले की टॉपर अरिना भटनागर का।

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की छात्रा अरिना रघुवंश ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर हल्द्वानी नहीं बल्कि जिले में टॉप किया है। उन्होंने अमृत विचार से हुई बातचीत में बताया कि उन्होंने स्कूल के बाद घर पर रोजना कम से कम दो घंटे पढ़ाई की। इतिहास, राजनैतिक विज्ञान और भूगोल ऐसे विषय हैं जिनको याद रखने के लिए बार-बार पढ़ना जरूरी होता है। जितना पढ़ना है, उतने का बार-बार रिविजन करना जरूरी है। इसके अलावा अरिना ने विज्ञान, कॉमर्स आदि विषयों के प्रश्न भी हल किए जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। पिछले वर्षों के पुराने प्रश्न पत्र और सैंपल परीक्षा पत्र भी सॉल्व किए जिससे सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर आशंकाएं समाप्त हुईं। इसी के साथ ही आंसर राइटिंग, फ्लो चार्ट, डाइग्राम बनाने के टिप्स मिले जिससे अच्छे अंक मिलते हैं।

उन्होंने बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी नियमित और ज्यादा से ज्यादा रिविजन पर फोकस करने का गुरुमंत्र दिया है।

अरिना ने बताया कि उन्होंने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट पास कर लिया है। वह यूएन (यूनाइटेड नेशंस) और यूनेस्को (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन) में काम कर महिलाओं की प्रगति व देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को देते हुए कहा कि विषय चयन और कॉन्सेप्ट क्लीयर करने में भी काफी मदद मिली जिससे अच्छे अंक मिले। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, स्कल शिक्षकों को दिया है। अरिना के पिता अर्पण भटनागर व मां स्वाती भटनागर इंटरप्रीन्योर हैं। उनकी सितारगंज में चॉकलेट की फैक्ट्री है।

# पसीने की स्याही से लिखी सुनहरे भविष्य की इबारत

### सीबीएसई की 12 वीं का रिजल्ट जारी, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह, मेधावियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से गदगद हुए माता-पिता व शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अचानक बुधवार को इंटर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया। विद्यार्थियों ने पूरे साल इस दिन के लिए कड़ी मेहनत की और पसीना बहाया था ताकि वे अपने सुनहरे भविष्य की इबारत लिख सकें, जब बुधवार को शत प्रतिशत रिजल्ट आया तो वे खुशी से झूम उठे। बच्चों के साथ उनके माता पिता और शिक्षकों भी जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया।

जनपद में लगभग 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने 100 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा दी थी। फिलहाल जिले के सभी स्कूलों का रिजल्ट लगभग शत प्रतिशत रहा है। बुधवार को दोपहर में लगभग 1 बजे जैसे ही परीक्षा परिणाम जारी हुआ कुछ ही देर में विद्यार्थी, स्कूल प्रबंधन कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल पर रिजल्ट देखने में जुट गए। छात्र-छात्राओं की मेहनत रंग लाई और हल्द्वानी ब्लॉक में लगभग 95 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट रहा। जिसके बाद मेधावियों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिले, स्कूल के टॉपर्स को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस बार सीबीएसई इंटर में विद्यार्थियों का अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



सिंथिया पब्लिक स्कूल में इंटर में उत्तीर्ण होने पर खुशी जताते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

**हल्द्वानी :** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षिक परिणामों के साथ अपनी गुणवत्ता और श्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था को साबित किया है। सीबीएसई के इंटर के नतीजों में स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा उन्नति जोशी ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं यशस्वी उपाध्याय ने 96, रिया सैनी ने 95 .8 तथा अनन्या राठौर ने 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रशासन के अनुसार इस वर्ष 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का प्रमाण है। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अंग्रेजी विषय में यशस्वी भंडारी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अनुराग वर्मा, अंशुमन बसानी और काजल गोस्वामी ने, मनोविज्ञान में उन्नति जोशी, मास मीडिया में माही अग्रवाल, श्रेयांशी पलानी और गर्विता सुयाल ने भी शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. दीपक बल्यूटिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों की सफलता नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास में भी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। चेयरपर्सन डॉ. गीतिका बल्यूटिया ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम व आत्मनिर्भर बनाना है। इस वर्ष का परिणाम विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही दिशा और सकारात्मक वातावरण मिले तो बच्चे नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या ममता तनेजा ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रटने के बजाय तथ्यों को समझना है जरूरी



**हल्द्वानी :** : सीबीएसई में 12वीं कक्षा में बीएलएम एकेडमीअनन्या ने बताया कि उनका ध्यान केवल अभी पढ़ाई पर ही है। भविष्य में क्या बनना है, इसको लेकर अभी वह ज्यादा नहीं सोच रहीं हैं। फिर भी शुरूआती दिलचस्पी का रूझान सरकारी नौकरी की तरफ है। हल्द्वानी के रामपुर रोड नैनीताल मोटर्स के पास निवासी अनन्या पांडे ने बताया कि वह बीएलएम एकेडमी में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं और इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, इंग्लिश और शारीरिक शिक्षा विषय रहे। उनके कुल 98 .2 प्रतिशत नंबर आए हैं और इतिहास, राजनीति विज्ञान, इंग्लिश में उनके 99-99 नंबर आए हैं। उनके पापा तारादत्त पांडे पोस्टऑफिस बिंदुखत्ता डाकघर में सब पोस्टमास्टर के तौर पर नौकरी करते हैं और मम्मी गीता पांडे गृहणी हैं। अनन्या ने बताया कि परीक्षा के लिए रटने के बजाय तथ्यों को समझना और कॉन्सेप्ट क्लीयर करना जरूरी है। तभी विषय को पढ़ने में रुचि आती है और आंसर राइटिंग में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान वह सोशल मीडिया से बिल्कुल दूर रहीं। भविष्य की योजनाओं पर कहा कि फिलहाल उनका ध्यान अभी पूरी तरह से पढ़ाई पर ही हैं।

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, रिजल्ट शत-प्रतिशत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम लगातार 21वीं बार शत-प्रतिशत रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में वाणिज्य वर्ग की छात्रा दिव्यांशी जोशी ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

विज्ञान वर्ग के अक्षय भाकुनी और तनिष्क राजपूत ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वाणिज्य वर्ग की अंजली सनवाल ने 90.60 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 70 में से चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 23 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत तथा 20 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विषयवार प्रदर्शन में अंग्रेजी में 98, जीव विज्ञान में 99, गणित में 97, कंप्यूटर साइंस में 98 और हिंदी में 97 अंक सर्वोच्च रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं निदेशक एसएस नेगी तथा प्रबंधक वर्ग ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लेक्स इंटरनेशनल स्कूल



अक्षय भाकुनी।



तनिष राजपूत।



दिव्यांशी जोशी।

# बिड़ला स्कूल की बालिकाओं का धमाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आर्यमान विक्रम बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग हल्द्वानी में सीबीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में 239 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी सफल रहे। 10 विद्यार्थियों ने इतिहास, मनोविज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस स्टडीज हिंदुस्तानी वोकल एवं योग विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

टॉपर्स में मान्या अग्रवाल 97.4% (विज्ञान), तनुजा दरमवाल 96.4% (मानविकी), नंदिता चौधरी 96.2% (मानविकी), जाह्नवी पवार 96% (मानविकी), स्वर्णिमा पांडे 95% (वाणिज्य) रहीं। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा, उप प्रधानाचार्य प्रकाश कुमार, प्रधानाध्यापिका वंदना टम्टा और प्रबंधक (अवसंरचना) सुरेश बाजपेयी ने समस्त स्टाफ के साथ सफल विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य मेहरा ने कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों, शिक्षकों और माता-पिता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हम अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उन्हें आगे भी इसी तरह की सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



आर्यमान विक्रम बिड़ला स्कूल में मेधावियों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं।

उत्साह

सीबीएसई 12वीं परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, सभी प्रमुख स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत

# नैनीताल में मोहनलाल साह स्कूल की दीक्षा और राफिया ने किया टॉप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में नैनीताल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर नगर का नाम रोशन किया। नगर के सभी प्रमुख विद्यालयों का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्रा दीक्षा जोशी और राफिया रफत ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की अलंकृता पांडे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वैष्णवी वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ख्वाहिश हुसैन, प्रियांशी बिष्ट और सताक्षी मेहता ने भी 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय से कुल 87 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई थीं।

बिड़ला विद्या मंदिर के द्रव्य वर्धराजन ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। संस्कार गोयल और ऋत्म अग्रवाल ने भी 96 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सार्थक मिश्रा ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार में प्रियांशु जोशी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। वहीं सेंट जेवियर स्कूल में शाह नवाज ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया।

विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल के 12वीं के टॉपर।



सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल के 12वीं के टॉपर।



### आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रामनगर :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने छात्रों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और छात्रों की मेहनत का फल है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय केनमन सिंह 91 प्रतिशत जिया, गुसाईं 90 .8% समित प्रताप सिंह 87 .8% ,श्वेता रावत 87 .8% और निखिल नौनी ने 87 .2% अंक लेकर विद्यालय के टॉप फाइव में अपना नाम दर्ज कराया है।

## सीबीएसई टॉपर्स

### इंस्पिरेशन स्कूल



उन्नति जोशी। 97 .20% | यशस्वी उपाध्याय। 96% | रिया सैनी। 95 .8%

### सेंट पॉल



गौरव बेलवाल।97% | हरीश चंद्र सती। 93 .4% | उदिता रावत।93 .2%

### सेंट लॉरेंस



जसलीन कौर।95% | कशिश भंडारी।94% | प्रियांशी बिष्ट।93 .8%

### सिंथिया स्कूल



अंशिका गर्ग 95 .2% | प्रेरणा जोशी।94 .8% | निकिता जोशी।93 .8%

### वेंडी पब्लिक स्कूल



हर्षिता बिष्ट।95 .8% | श्रेया कन्याल।95 .8% | हिमानी बोरा।92 .1%

### दीक्षांत पब्लिक स्कूल



अनुषा जैन।96 .2% | चित्रार्थ सिंह मेहरा।94 .8% | वेदांत सुरेश सिंह।93 .8%

### डीपीएस स्कूल



अरिना रघुवंशी।98 .8% | जिज्ञासा भट्ट।97 .2% | निशिका पपनै।96 .8%

### बिड़ला स्कूल



मान्या अग्रवाल। 97 ..4% | तनुजा दर्मवाल।96 .4% | नंदिता चौधरी।96 .2%

### जीडीजेएम स्कूल



जीडीजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के टॉपर बच्चे।

# जीडीजेएम स्कूल के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता, चोरगलिया

- **12वीं परीक्षा में महिमा थुवाल ने हासिल किए 94 प्रतिशत अंक**

**अमृत विचार:** सीबीएसई 12वीं परीक्षा के घोषित परिणामों में जीडीजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय की छात्रा महिमा थुवाल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं नरेंद्र प्रताप सिंह फर्तियाल और भूमिका बिष्ट ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की।

इसके अलावा प्रियांशु कोरंगा ने 86 प्रतिशत, दिनेश भट्ट, गौरव त्रिपाठी और प्राची पोखरिया ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। समीक्षा आर्य ने 84.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों के अथक प्रयास, समर्पण और मार्गदर्शन के लिए उनका आभार जताया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# हेड़िया स्कूल में शिक्षकों को नदारद देख सीडीओ नाराज

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार :** सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बुधवार को धारी और भीमताल ब्लॉक के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हेड़िया गांव के विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई, जबकि संत सोमवारी महाराज राजकीय इंटर कॉलेज पदमपुरी की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

सीडीओ ने बताया कि हेड़िया गांव के विद्यालय में 13 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन पिछले तीन दिनों से कोई शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं था। दोनों नियमित शिक्षक अवकाश पर थे, जबकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत भेजे गए शिक्षक हरीश चंद्र पाठक भी बिना सूचना के अनुपस्थित मिले।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र जंगली जानवरों के आतंक से प्रभावित है, ऐसे में बच्चों को बिना शिक्षक के छोड़ना उनकी सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पदमपुरी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया, जहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले।

## ई-केवाईसी नहीं कराने वालों के राशन कार्ड हो सकते हैं निष्क्रिय, प्रदेशभर में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का लक्ष्य

# मेरा केवाईसी एपः घर बैठे होगी राशन कार्ड की ई-केवाईसी

संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचार :** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी है। अब उपभोक्ता 'मेरा केवाईसी' एप के जरिए घर बैठे आसानी से यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिला पूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य का अलग-अलग सत्यापन कराया जाना जरूरी होगा। जिन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी पूरी नहीं होगी, उनके राशन कार्ड भविष्य में निष्क्रिय या निरस्त भी किए जा सकते हैं।

जिला पूर्ति विभाग के अनुसार केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेशभर में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी लाभार्थियों का आधार आधारित सत्यापन कराया जा रहा है, ताकि अपात्र लोगों को सूची से हटाया जा सके और पात्र लोगों को बिना बाधा राशन मिलता रहे। विभाग का कहना है कि अब मोबाइल ऐप के माध्यम से यह प्रक्रिया काफी आसान हो गई है और लोगों को बार-बार राशन की दुकान या कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए संबंधित व्यक्ति का आधार नंबर और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। सत्यापन के दौरान मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसके बाद फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए पहचान सुनिश्चित की जाएगी। जिन लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया में परेशानी हो रही है, वे अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र या राशन विक्रेता के पास जाकर भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

### ऐसे पूरी करें ई-केवाईसी प्रक्रिया

उपभोक्ताओं को सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर या एप स्टोर से 'मेरा केवाईसी' और 'आधारफेसआरडी' ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद ऐप में लॉगिन कर राज्य के रूप में उत्तराखंड का चयन करना होगा। फिर आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी सत्यापन करना होगा। फेस ऑथेंटिकेशन के दौरान कैमरे के सामने चेहरा स्थिर रखते हुए आंखें झपकानी होंगी। प्रक्रिया पूरी होने पर ई-केवाईसी सफल मानी जाएगी।

> ऐप आने से अब हर व्यक्ति कहीं से भी राशन कार्ड की ई-केवाईसी करा सकता है। सभी लोगों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य करा दिया गया है। जिन लोगों की ई-केवाईसी नहीं हुई तो वे अब करा लें। **-मनोज बर्मन** जिला पूर्ति अधिकारी, नैनीताल

# धातु के दाग मिटाने आए और लाखों के जेवर साफ कर ले गए जालसाज

## जेवर साफ करने के बाद महिला को पोटली बनाकर दी और फ्रिज में रखने को कहा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कुछ देर बाद महिला ने फ्रिज से निकाल कर खोली पोटली तो खाली मिली

**अमृत विचार :** टाइल, पत्थर और धातुओं पर लगे दाग मिटाने के बहाने शातिरों ने एक घर से लाखों रुपए के गहने साफ कर दिए और फरार हो गए। महिला ने जब गहनों की पोटली फ्रिज से निकाली और खोली तो दंग रह गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में आकाश इंक्लेव बिठौरिया नंबर एक लालडांठ निवासी सेवानिवृत्त कर्नल कुन्दन सिंह कालाकोटी ने लिखा, बीती 11 मई को सुबह करीब 11:30 बजे उनके घर दो युवक मोटर साइकिल से पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह पत्थर, टाइल और धातु की वस्तुओं में लगे दाग मिटाने का करते हैं। उन्होंने संगमरमर और चांदी की मूर्ति साफ करके भी दिखाई। जिसके बाद सोने के आभूषण साफ करने की बाद की। कुंदन और उनकी पत्नी जालसाजों की बातों में आ गए।

उन्होंने सोने की चार चूड़ियां, एक चेन पेन्डेन्ट सहित, एक चेन और एक अंगूठी साफ करने के लिए युवकों को दे दी। उन्होने सारे आभूषण एक पैकेट में डालकर धर्म पत्नी को दिए व ठंडी जैसी जगह फ्रिज में रखकर थोड़ी देर बाद खोलने के लिए कहा।

इसके बाद दोनों युवक वहां से फरार हो गए। कुछ देर बाद कुंदन की पत्नी ने पैकट खोला तो जेवर गायब हो मिले। उनके शोर मचाने पर कुंदन आरोपियों के पीछे भागे, लेकिन तब तक मोटर साइकिल सवार दूर निकल चुके थे। ठगी की यह घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बद्री-केदार हेली सेवा के नाम पर 1.17 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुक कराने के नाम पर एक परिवार से 1.17 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज रुद्रपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अम्बिका विहार निवासी अवनीश पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि परिवार ने चारधाम यात्रा की योजना बनाई थी। इसी दौरान उन्होंने इंस्टाग्राम पर "बाय हेलीकॉप्टर केदारनाथ-बदरीनाथ" का विज्ञापन देखा। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद "हिमालय टूर" नाम से व्हाट्सएप नंबर से संपर्क किया गया।

पीड़ित के अनुसार आरोपी ने खुद को चारधाम हेली यात्रा का अधिकृत एजेंट बताते हुए यात्रा संबंधी जानकारी ली और भरोसा दिलाकर टिकट बुकिंग के नाम पर अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1.17 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। तहरीर के मुताबिक 2 अप्रैल को 60 हजार रुपये और 15 अप्रैल को 57 हजार रुपये दो अलग-अलग बैंक खातों में भेजे गए।

रकम ट्रांसफर होने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। विजय कुमार मेहता ने बताया कि मामले की जांच साइबर पुलिस रुद्रपुर कर रही है।

# डिजिटल अरेस्ट कर महिला से लाखों ठगे

**कालाढूंगीः** कालाढूंगी क्षेत्र में डिजिटल अरेस्ट और लॉटरी के नाम पर महिला से लाखों रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने ई-जीरो एफआईआर मिलने के बाद पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर-1 निवासी महिला को करीब एक माह पहले फोन कॉल आया, जिसमें लंदन में एक करोड़ रुपये की लॉटरी लगने का झांसा दिया गया। जालसाजों ने ऑनलाइन फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड दिखाकर महिला को विश्वास में ले लिया और डिजिटल अरेस्ट जैसा माहौल बनाकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई।

बताया गया कि महिला ने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और भाइयों से उधार लेकर भी जालसाजों के खातों में पैसे जमा किए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब महिला ने अपनी भाभी से पांच लाख रुपये मांगे। इसके बाद परिजनों को ठगी का संदेह हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दो लाख पांच हजार रुपये की ई-जीरो एफआईआर के आधार पर मामला दर्ज किया है। अरूण सैनी ने बताया कि जिन बैंक खातों में रकम भेजी गई, उन्हें फ्रीज कर जांच की जा रही है।

# दो और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




- हल्द्वानी, लालकुआं, भीमताल, भवाली, रामनगर के 105 प्राइवेट स्कूलों को भेजे जा चुके हैं नोटिस

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा विभाग ने जनपद के दो अन्य निजी स्कूलों के खिलाफ प्राप्त शिकायतों एवं जांच आख्या के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों में हल्द्वानी के सेन ग्लोबल स्कूल और भीमताल के ग्रीन माउंट ग्लोबल स्कूल शामिल हैं। इससे पूर्व हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र के 105 विद्यालयों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब तक नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूलों की संख्या 107 हो गई है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए कि कई निजी विद्यालयों द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी पुस्तकों के अतिरिक्त अत्यधिक महंगी निजी प्रकाशनों की पुस्तकें अनिवार्य की गई हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ विद्यालयों द्वारा विशिष्ट विक्रेताओं से पुस्तकें एवं अन्य शिक्षण सामग्री क्रय करने हेतु अप्रत्यक्ष दबाव बनाया जा रहा है तथा विद्यालयों की वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाओं का प्रकटीकरण भी नहीं किया गया है।

सीईओ ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि 15 दिवस के भीतर संशोधित पुस्तक सूची जारी कर एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता दी जाए। किसी भी प्रकार की विक्रेता विशेष की बाध्यता तत्काल समाप्त की जाए। विद्यालय अपनी वेबसाइट पर पुस्तक सूची एवं शुल्क संरचना का पूर्ण प्रकटीकरण सुनिश्चित करें। अभिभावकों द्वारा पूर्व में खरीदी गई अनावश्यक पुस्तकों के संबंध में धनवापसी/समायोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त वसूले गए विभिन्न अवांछित शुल्कों का समायोजन आगामी महीनों की फीस में किया जाए।

# मैट्रिक्स नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम छात्राओं ने ली सेवाभाव की शपथ

संवाददाता, हल्द्वानी




मैट्रिक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार :** मैट्रिक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग लामाचौड़ में जीएनम छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह और इंटरनेशनल नर्सेज डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। बुधवार को हुए कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

जीएनएम छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग प्रोफेशन के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भाव की शपथ ली। मुख्य अतिथि आशा गंगोला ने कहा कि नर्सिंग केवल एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील, निष्ठावान एवं सेवाभावी बने रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि रंजना वालिया ने कहा कि डॉक्टर के साथ ही नर्स भी चिकित्सा सेवा की एक महत्तवपूर्ण कड़ी होती हैं। कहा कि विश्वयुद्ध के दौरान नर्सों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए लाखों लोगों का जीवन बचाया था। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। प्रस्तुतियां में पारंपरिक शैली के भी आयोजन किए गए, जिसमें क्षेत्रीय बोली पर आधारित पर गीतों का भी संगम रहा। इसके अलावा आधुनिक शैली के नृत्य भी बखूबी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. ऋचा पांडे, निधि अटवाल, हरीश रावत, ख्याली चंद्र पांडे, आशीष सुयाल, खिलेश मेलकानी, अनिल पांडे, गजेंद्र रावत, मनीष आर्या और जूही रहे।

# ट्रैक्टर और वाहन की भिड़ंत में तीन घायल

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और छोटा हाथी वाहन की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। हादसा गुलजापुरबंकी बिजलीघर के पास हुआ।

बताया गया कि हल्द्वानी की ओर से डीजे का सामान लेकर आ रहा छोटा हाथी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि छोटा हाथी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। स्थानीय लोगों ने कटर की मदद से चालक को बाहर निकाला। घायलों को हंस फाउंडेशन की एंबुलेंस से हल्द्वानी भेजा गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। बाद में पुलिस ने जाम खुलवाया।

अरुण कुमार सैनी ने बताया कि वाहनों को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# लाखों की चरस के साथ माली पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



चरस तस्करी का खुलासा करते एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल।

**अमृत विचार :** आम और लीची के बगीचे में काम करने वाला माली पुलिस के हत्थे चढ़ा तो बड़ा खुलासा हुआ। बगीचे का माली 4 लाख रुपए से अधिक कीमत की चरस के साथ धरा गया। माली एक पेशेवर चरस तस्कर है, जो पहले भी जेल की हवा खा चुका है। एसओजी और काठगोदाम पुलिस ने मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मिशन ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार रात थाना काठगोदाम में तैनात एसआई कुमकुम धानिक टीम के साथ दमुवाढूंगा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थीं। उनके साथ एसओजी के जवान भी थे। टीम जब जगन्नाथ कॉलोनी स्थित विजन फ्यूचर कोचिंग के पास पहुंची तो एक व्यक्ति हाथ थैला लिए आता दिखा। पुलिस को देखकर वह अचानक मुड़कर वापस जाने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने उसे रोककर और तलाशी ली तो थैले से 2 किलो 14 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इन्द्रजीत पुत्र स्व. नारायण दास निवासी हरिपुर कर्नल वार्ड, आवास विकास टेड़ी पुलिया काठगोदाम बताया। साथ ही बताया कि चरस उसे रंजीत मौर्य नाम के व्यक्ति ने बेचने के लिए दी थी और मुनाफा आधा-आधा बांटने की बात कही थी। आरोपी ने बताया कि वह गमले बेचने और लीची व आम के बाग में माली का काम करता है। इंद्रजीत वर्ष 2010 में भी काठगोदाम थाना से एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।



नवनियुक्त एसडीएम का स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता व कुबेर बोरा।

# नवनियुक्त एसडीएम का किया स्वागत

**कालाढूंगीः** कालाढूंगी तहसील में नवनियुक्त एसडीएम सुधीर कुमार ने कार्यभार ग्रहण किये जाने पर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता मंयक गुप्ता व कुबेर बौरा ने एसडीएम सुधीर कुमार से मिल स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

गुप्ता ने नगर के अधर में लटके मिनी स्टेडियम, सामुदायिक केंद्र में सुविधा व डॉक्टरों की तैनाती की मांग के साथ क्षेत्र में छोटी अनाज मंडी खोले जाने की मांग की। इससे पहले मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ अनिल डब्बू को भी पत्र देकर मिनी मंडी की मांग कर चुके हैं। डॉ. अनिल डब्बू ने एसडीएम कालाढूंगी को भूमि चयनित के लिए कहा है। नवनियुक्त एसडीएम सुधीर कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं का निवारण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# मिथलेश राशिसं की अध्यक्ष और उमा जोशी मंत्री चुनी गई

- राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, भीमताल



राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में बुधवार को राजकीय शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए शाखा अध्यक्ष पद पर मिथलेश और मंत्री पद पर उमा जोशी को सर्वसम्मति से चुना गया।

बैठक प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा के संरक्षण में आयोजित हुई। इसमें शाखा कोषाध्यक्ष के रूप में प्रियंका तथा सदस्य के रूप में कमल कुमार का चयन किया गया। बैठक के दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने समय पर पदोन्नति किए जाने की मांग उठाई। साथ ही यात्रा अवकाश बहाल करने तथा प्रवक्ता और प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक के शत-प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई गई। बैठक में शिक्षकों ने कहा कि लंबित समस्याओं के समाधान से शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए प्रांतीय नेतृत्व से विचार विमश कर रणनीति बनाई जाएगी।




टेबिल टेनिस में दो दो हाथ दिखाते खिलाड़ी। • अमृत विचार

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में राइका छोई के खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल

**रामनगर :** राइका छोई में रामनगर ब्लॉक स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस मुकाबलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

अंडर-14 बालक वर्ग में सक्षम रावत ने प्रथम, अंशुल कुमार ने द्वितीय, कृष्णा सुयाल ने तृतीय और अरविंद कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में दीपांशु कुमार प्रथम, नितिन मनराल द्वितीय, विकास भंडारी तृतीय और इशांत खैरिया चतुर्थ रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में नेहा नयाल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि दिव्या द्वितीय, भूमिका तृतीय और नैना फर्तियाल चतुर्थ स्थान पर रहीं। अंडर-19 बालिका वर्ग में वंशिका चौधरी तथा अंडर-14 बालिका वर्ग में पूर्वी मनराल चयनित हुईं। इस दौरान शिक्षक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अंजू बनीं रानीखेत जिला महिला मोर्चा की प्रभारी



अंजू भुड्डी।

**गदरपुर :** उत्तराखंड भाजपा ने सांगठनिक मजबूती के लिए महिला मोर्चे की कुमाऊं संयोजक और पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी को रानीखेत जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। दो बार जिला अध्यक्ष और ऊधमसिंह नगर की जिला उपाध्यक्ष रह चुकीं भुड्डी को उनकी नेतृत्व क्षमता और जमीनी पकड़ के लिए जाना जाता है। पार्टी नेतृत्व को भरोसा है कि रानीखेत जैसे संवेदनशील क्षेत्र में उनकी सक्रियता से महिला वोट बैंक मजबूत होगा। अंजू भुड्डी न केवल सरकारी योजनाओं को महिलाओं तक पहुंचाने में सेतु बनेंगी, बल्कि गुटबाजी खत्म कर कार्यकर्ताओं को एकजुट करेंगी। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर की गई है।

### युवक से बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

**रुद्रपुर :** बागवाला के पास एक युवक से बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने मोबाइल छीन लिया और फरार हो गये। पीड़ित युवक ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। खानपुर नई बस्ती बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अर्जुन ने कोतवाली में तहरीर सौंपी है। तहरीर में अर्जुन का कहना है कि वह सोमवार की रात्रि करीब 11.19 बजे अपने घर से रिंग होते हुए गदरपुर जा रहा था। इस बीच बागवाला के पास बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता वे उसको मोबाइल छीनकर फरार हो गये। उसने बताया कि उसके मोबाइल की कीमत 21,999 रुपये है।

### अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** केलाखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी ऊधमसिंह नगर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान केलाखेड़ा पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी बीच पुलिस ने ग्राम रामपुरा काजी निवासी सोना सिंह (22 वर्ष) को संदिग्ध मानकर उसकी तलाशी ली। युवक के पास से 315 बोर का एक नाजायज तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं (मुकदमा अपराध संख्या 54/26) में मामला दर्ज कर लिया है।

# सिडकुल से असम माल लेकर जा रहा ट्रक लापता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सिडकुल से असम माल लेकर बीच रास्ते से ही ट्रक गायब होने का मामला सामने आया है। कंपनी प्रबंधन को माल गबन किए जाने की आशंका है। इसके लेकर कंपनी के सुरक्षा गार्ड ने सिडकुल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम अमरपुर जाफरपुर रुद्रपुर निवासी रविंद्र ने बताया कि वह एक डिलीवरी कंपनी में सुरक्षा इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी ने माल परिवहन के ब्रोकर संजय कुमार निवासी होली चौक आवास विकास रुद्रपुर के माध्यम से एक ट्रक हायर किया था। 9 अप्रैल 2026 को उस ट्रक में नेस्ले कंपनी सिडकुल रुद्रपुर से करीब 11 लाख 81 हजार 911 रुपये मूल्य का माल लोड कर असम के गुवाहाटी स्थित ब्रह्मपुत्र इंडस्ट्रियल पार्क के लिए भेजा गया। रविंद्र ने बताया कि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी ट्रक गंतव्य तक नहीं पहुंचा। कंपनी की ओर से चालक नूहरा के मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन लगातार बंद मिला। इसके बाद कंपनी को माल गबन किए जाने की आशंका हुई। रविंद्र ने बताया कि मामले की सूचना 13 अप्रैल को ही पुलिस चौकी सिडकुल में दे दी गई थी, लेकिन अब तक वाहन और माल का कोई सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने पुलिस से चालक और ब्रोकर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए माल बरामद कराने की मांग की है।

### लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी, महापौर विकास शर्मा ने बटन दबाकर किया लाइटों का विधिवत शुभारंभ

# स्ट्रीट लाइटों की रोशनी से जगमगाया भूरारानी मार्ग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वार्ड 32 भूरारानी मुख्य मार्ग पर लंबे समय से चली आ रही स्ट्रीट लाइटों की मांग आखिरकार पूरी हो गई। मंगलवार शाम महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में बटन दबाकर और नारियल फोड़कर नई स्ट्रीट लाइटों का विधिवत शुभारंभ किया। स्ट्रीट लाइटें जलने के बाद क्षेत्रवासियों ने खुशी में ने मिष्ठान वितरित किया। वहीं क्षेत्रवासियों ने महापौर शर्मा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।



वार्ड में स्ट्रीट लाइटें जलने के बाद खुशी में महापौर शर्मा को मिठाई खिलाते क्षेत्रवासी।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को समृद्ध और सुरक्षित बनाने के संकल्प के साथ लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्डवासियों की मांग पर भूरारानी मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि जब से भूरारानी क्षेत्र नगर निगम में शामिल हुआ है, तब से यहां लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास की गति और तेज की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर के जिन क्षेत्रों में डार्क स्पॉट हैं वहां भी जल्द स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। ताकि रात के समय भय का माहौल समाप्त हो और आपराधिक तत्व अंधेरे का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि शहर का हर क्षेत्र रोशनी और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल ने कहा कि भूरारानी मुख्य मार्ग लंबे समय से अंधेरे की समस्या से जूझ रहा था। रात में लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन महापौर शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए इस समस्या का समाधान कराया है।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री पारस चुघ, भरत शाह, गौरव जुयाल, ब्रिज मोहन कटारिया, नितिन छाबड़ा, सुरेंद्र कालरा, योगेश ग्रोवर, मनोज ढींगरा, सोनू कपूर, सन्नी चुग, कपिल कालरा, रवि कालरा, अनिल गुप्ता, शिवम खुराना, सुरेंद्र सिंह, अनिल कालरा, रोहित कालरा, हैप्पी धालीवाल, बल्देव राज छाबड़ा, राम लाल अदलखा, परवीन तोमर, विजय परूथी, विजय शर्मा, मुकुल झा, सतेंद्र कुमार, राजेश टंडन, मनोज शाह, गुरविंदर सिंह, अनिल नेगी, कमल राणा, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेसियों ने सरकार का पुतला फूंका

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक भुवन कापड़ी के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी की, पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच करने की मांग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक भुवन कापड़ी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्य चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया।

मुख्य चौक पर विधायक कापड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन काल में प्रतियोगी परीक्षाओं के लगातार पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत करके अपने भविष्य के सपने देखते हैं लेकिन भ्रष्टाचार और सरकारी लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन केंद्र सरकार इस जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। इस





खटीमा में पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रेखा सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, सतपाल राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्य, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नीरज कन्याल, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सागर शाही, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष मो जरीफ, प्रकाश बिष्ट, नासिर खान, ताहिर, दीपक, रेहान, शांति सामंत, बीना राणा, विद्या, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।



बाजपुर में सांकेतिक धरना देते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं घायल युवक के परिजन।

### बाजपुर में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**बाजपुर :** बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुल के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक के उपचार की मांग और नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और घायल के परिजनों ने भगत सिंह चौक पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका और सड़क जाम करने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि 30 अप्रैल की रात निर्माणाधीन पुल के पास लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था की लापरवाही से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। उन्होंने सरकार से युवक के समुचित उपचार और मुआवजे की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी कोतवाली पहुंच गए और वहां धरने पर बैठने की कोशिश की। कोतवाली परिसर में हंगामा बढ़ता देख कोतवाल नरेश चौहान और पुलिस टीम ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। पुलिस ने यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव हरभजन सिंह सहित चार-पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद छोड़ दिया।



पत्रकारों को जानकारी देते सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा। ● अमृत विचार

### नीट पेपर रद्द होने से सामाजिक कार्यकर्ता आक्रोशित

**रुद्रपुर :** सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष सुशील गाबा ने नीट परीक्षा के पेपर लीक होने और पेपर रद्द किये जाने से 23 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) को बंद करने और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। बुधवार को सिटी क्लब में पत्रकारों से वार्ता के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता गाबा ने कहा कि एनटीए की ओर से आयोजित भारतीय चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इस वर्ष करीब 23 लाख युवाओं ने नीट परीक्षा दी। युवाओं कई माह तक दिन रात एक कर अपना खून पसीना बहाकर तैयारी की और परीक्षा दी। अब पेपर लीक के कारण इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह लाखों युवाओं के साथ धोखा है। इस परीक्षा के पेपर लीक होने के पीछे एनटीए की टॉप लीडरशिप है। इस कारण कोचिंग संस्थानों, अमीर लोगों, बड़े बिजनेसमैन व बड़े अफसरों के बच्चों को मेडिकल संस्थानों में अवैध प्रवेश के लिए यह पूरा षड़्यंत्र रचा है। उन्होंने मांग की है कि एनटीए से पेपर किस तरह लीक हुआ, किसने लीक कराया, उसकी पूरी जांच सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान जज के नेतृत्व में होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। इस अवसर पर जगदीश तनेजा, हैप्पी रंधावा, सचिन मुंजाल, मोनू निषाद, जावेद अख्तर, करन कुमार आदि मौजूद थे।

> घायल युवक के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर आए थे, जिन्हें उचित फोरम में अपनी बात रखने की सलाह दी गई है। हिरासत में लिए गए युवकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है।"
> — **प्रशांत कुमार**, सीओ काशीपुर/बाजपुर

# सुरक्षा गार्ड पर डरा-धमका कर वसूली करने का आरोप

- **प्रतिमाह धनराशि नहीं बढ़ाई तो खोखा बंद कर की तोड़फोड़**
- **पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सिडकुल क्षेत्र में खोखा लगाकर खाने-पीने का सामान बेचने वाले व्यक्ति ने एक फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड पर डरा-धमकाकर पैसा वसूली करने का आरोप लगाया है। प्रतिमाह पैसे की राशि नहीं बढ़ाई तो जबरन खोखे का बंद कर सामान में तोड़फोड़ की और सामान उठा ले गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा गार्ड के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

केसरी विहार कॉलोनी निवासी गोपाल यादव ने बताया कि वह सिडकुल की एक बेल्डर कंपनी के पास खोखा लगाकर खाने-पीने का सामान बेचता है। आरोप है कि फैक्ट्री का एक सुरक्षा गार्ड लंबे समय से हर महीने पांच हजार रुपये की अवैध वसूली करने के साथ मुफ्त में खाना भी खाता था। आरोप है कि हाल ही में गार्ड ने वसूली की रकम बढ़ाकर दस हजार रुपये प्रति माह कर दी।

पीड़ित ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण जब उसने यह रकम देने में असमर्थता जताई तो गार्ड ने उसके साथ गाली-गलौज की धमकी दी। इतना ही नहीं एक मई को गार्ड ने जबरन खोखा बंद करा दिया और वहां रखे सामान में तोड़फोड़ कर हजारों रुपये का सामान उठा ले गया। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या H7850812 जिसकी जारी तिथि 23/12/2009 तथा समाप्ति तिथि 22/12/2019 है। में मेरा नाम गलती से कंवर सिंह(KANWAR SINGH) पुत्र घिसा राम(GHISA RAM) तथा पत्नी कमलेश देवी (KAMLESH DEVI) तथा माता का नाम लीला देवी (LILA DEVI) एवं जन्म स्थान(MUDAMAN HARYANA) मुडामन हरियाणा अंकित है। जबकि सही नाम सरकारी कागजों में कुंवर सिंह यादव(KUNWAR SINGH YADAV) पुत्र श्री घिसा राम यादव (GHISA RAM YADAV) तथा पत्नी कमलेश यादव (KAMLESH YADAV) माता लाली देवी (LALI DEVI) जन्म स्थान (MUDAIAN HARYANA) मुडायन हरियाणा अपने पासपोर्ट में दर्ज करना चाहता हूं। परिवार के सभी सदस्यों को वर्तमान में इनके शुद्ध व सही नाम से लिखा, पड़ा जाएं। - कुंवर सिंह यादव पुत्र घिसा राम यादव, गुरुद्वारा रोड, आरा मशीन के पास, वार्ड नंबर-5, नानकमत्ता, उधमसिंह नगर।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र कीर्ति सिंह राना को परिवार विरोधी हरकतों के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में कीर्ति द्वारा किए गए कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सुमित्रा देवी पत्नी स्वर्गीय महेन्द्र सिंह राना, ग्राम - नोगवाठग्गू, खटीमा, उधमसिंह नगर

# श्रमिकों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा

- **सिडकुल में श्रमिकों के झंडे हटाने पर विधायक अरोरा आक्रोशित**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारतीय मजदूर संघ के झंडे को सिडकुल की अधिकांश कंपनी के बाउंड्री के बाहर से हटाने से श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार मजदूर हित को ध्यान रखते हुए कार्य करती आ रही है। ऐसे में श्रमिकों के साथ खिलवाड़ किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



जिलाधिकारी को प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन देते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ जो पूरे भारत में राष्ट्र प्रथम व श्रमिक हित की विचारधारा को बढ़ाते हुए सदैव कार्य करते हैं। एक मजदूर के कठिन परिश्रम से उद्योग मजबूत होता है ओर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। लेकिन सिडकुल प्रशासन ने जिस प्रकार बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया और भारतीय मजदूर संघ के झंडे को सिडकुल की अधिकांश कंपनी के बाउंड्री के बाहर से हटाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय मजदूर संघ व श्रमिकों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। श्रमिकों में इसको लेकर गहरा रोष है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार जो सदैव श्रमिक हित भारतीय मजदूर संघ जैसे यूनियन जो देश हित को ध्यान में रखकर कार्य करती है। उनके मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती है। सिडकुल प्रशासन का यह व्यवहार बेहद हैरान करने वाला है। वहीं जिलाधिकारी ने मजदूर संघ की मांग को लेकर एक कमेटी एडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में बनाने का निर्देश दिया है, जो इस विषय का जल्द समाधान निकालेगी। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष दीपेंद्र भट्ट, मंत्री अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष गंगा सिंह, पंकज उपाध्याय, किशोर पंत, संतोष बिष्ट, नागेंद्र, हिमांशु, हरिश, घनश्याम, शेखर, बिपिन पांडे, डूंगर सिंह मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट विस्तार में बाधक भवनों को शीघ्र हटाया जाए

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को कैंप कार्यालय में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारिकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एचएचएआई, राजस्व, वन विभाग और सैनिक फार्म के अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अभी भी जिन वृक्षो का कटान होना है, संयुक्त रुप से निरीक्षण कर डीमार्केशन करते हुए शीघ्र पेड़ कटवाएं। साथ ही जो भी एयरपोर्ट विस्तारीकरण में भवन ध्वस्त होने हैं, उन्हें भी शीघ्र ध्वस्त कराया जाएं। उन्होने एनएचएआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़क शिफ्टिंग कार्यो की प्रक्रिया में तेजी लाएं। उन्होने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्यो की लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होने कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो तत्काल अवगत कराएं। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, एडीएम कौस्तुभ मिश्र, एसडीएम गौरव पांडेय, मनीष बिष्ट, उप प्रबंधक एनएचएआई रक्षित यादव, तुषार गुप्ता, फार्म अधीक्षक बीपी श्रीवास्तव, डीजीएम एयरपोर्ट अनूप गुप्ता व मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव आदि मौजूद रहे।

**कार्रवाई** | पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, पुलिस से डंपर को छुड़वाने के नाम पर 70 हजार रुपया प्रतिमाह लेने का आरोप

# भाजपा विधायक के करीबी नेता पर अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज

- **16 अप्रैल को तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच की थी**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दो डंपरों से रेता-बजरी ढुलाई के नाम पर प्रतिमाह 70 हजार रुपये वसूली करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस ने अवैध वसूली का मुकदमा दर्ज कर दिया है। 16 अप्रैल को तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की थी। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुकदमा दर्ज नहीं होने पर उपवास रखने की चेतावनी दी थी। बताया जा रहा है कि भाजपा नेता विधायक का बेहद करीबी है।

यहां बता दें कि जाफरपुर निवासी डंपर स्वामी राम सिंह ने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री विकास सागर के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इसमें कहा कि इंदिरा कॉलोनी निवासी विकास सागर पिछले कई महीनों से उनके दो वाहनों से रेता-बजरी ढुलाई के नाम पर प्रतिमाह 70 हजार रुपये वसूल रहा था। आरोप है कि अभियुक्त खुद को प्रभावशाली बताते हुए भरोसा देता था कि अगर वाहन ओवरलोडिंग या कागजों की कमी में पुलिस या कोई विभाग पकड़ता है तो वह बिना किसी जुर्माने के वाहन छुड़वा देगा।

डंपर स्वामी का कहना है कि 14 अप्रैल 2026 को राम सिंह के वाहन का पुलिस ने 77500 रुपये का चालान काट दिया। इसके बाद रामसिंह ने विकास सागर से संपर्क किया। आरोप है कि विकास ने उन्हें बिलासपुर रोड स्थित डिग्री कॉलेज के पास बुलाया और फिर अपने साथ सीओ सिटी कार्यालय ले गया। वहां कुछ देर बातचीत करने के बाद उसने दावा किया कि मामला सुलझ गया है। आरोप है कि बाद में अभियुक्त उन्हें अपने बताए स्थान पर छोड़ने के बहाने ले गया। आरोप है कि साक्ष्य मिटाने की नीयत से उनका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। वहीं मामले में कार्रवाई न होने से नाराज पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने एसएसपी से मुलाकात कर आंदोलन की चेतावनी दी थी। बढ़ते राजनीतिक दबाव और जांच के बाद उपवास रखने की चेतावनी दी थी। वहीं पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के एक नेता पर डंपरों से की गयी अवैध वसूली के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पूर्व विधायक का आरोप है कि पुलिस तमाम सबूतों और बयानों के बावजूद आरोपी पर मेहरबान नजर आ रही है। पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी मुकदमे में जानबूझकर हल्की धाराएं लगाई गई हैं, जबकि कानूनन यह सीधे तौर पर लूट और रंगदारी का मामला बनता है।



पूर्व विधायक ठुकराल।

बुधवार को पूर्व विधायक ठुकराल ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि 14 अप्रैल को पुलिस ने रामसिंह के दो डंपरों को अवैध खनन के आरोप में पकड़कर सीज कर दिया था। इसके बाद विकास सागर नामक व्यक्ति सामने आया, जिसने खुद को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री बताया। उन्होंने कहा कि विकास सागर ने डंपर मालिक को झांसा दिया कि यदि उसे 70 हजार रुपये दोगे तो भविष्य में उसके डंपरों को कभी नहीं पकड़ा जाएगा। सत्ता के रसूख और पद की धौंस दिखाकर की गई इस वसूली को पूर्व विधायक ने जनता के साथ सरासर धोखाधड़ी करार दिया है। बताया कि इस मामले में शुरुआत से ही पुलिस पर भारी दबाव रहा है। जब ईमानदार सीओ ने विकास सागर को कोतवाली तलब किया और साक्ष्यों के आधार पर उसे फटकार लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। तब भी अज्ञात कारणों और भारी दबाव के चलते तत्काल कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद मामला एसएसपी तक पहुंचा और पीड़ित पक्ष के कलमबंद बयान दर्ज किए गए। वहीं पुलिस ने विकास सागर के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया हैं, लेकिन धाराएं हल्की लगायी गयी है। पूर्व विधायक का तर्क है कि विकास सागर के खिलाफ केवल धोखाधड़ी और चोरी की धाराएं लगाना न्याय का मजाक उड़ाने जैसा है।

ब्रीफ न्यूज

## बैटरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने ग्राम एनएनटोपा के साप्ताहिक हाट बाजार में वाहन से बैटरी चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 11 मई को बन्नाखेड़ा निवासी व्यापारी हरकेश का ''छोटा हाथी'' वाहन हुड्डा पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, जहां से चोर ने उसकी बैटरी पार कर दी थी। मामले की जांच करते हुए एसआई प्रह्लाद सिंह बिष्ट की टीम ने ग्राम एनएनटोपा निवासी सोहेल को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में छिपाई गई चोरी की बैटरी भी बरामद कर ली है। बुधवार को आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## गोवंश का मांस ले जाते एक आरोपी को दबोचा

**काशीपुर :** कुंडा थाना पुलिस ने पिकअप वाहन से भैंस का आठ क्विंटल मांस जब्त किया है। एसआई मनोज सिंह देव ने बताया कि मोहसिन निवासी वार्ड-आठ व जुनैद निवासी वार्ड-छह ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद वाहन से अवैध मांस को बाजपुर से अल्ली खां की ओर ले जा रहे थे। आरोपी मांस के परिवहन या विक्रय से संबंधित वैध दस्तावेज, लाइसेंस या स्लाटर हाउस की मोहर आदि नहीं दिखा सके। साथ ही वाहन सीज कर दिया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने प्राथमिक जांच में भैंस का मांस होने की पुष्टि की।

## मजदूरी नहीं मिलने पर पुलिस से गुहार लगाई

**बाजपुर :** टेंट और खाना बनाने के कार्य का बकाया भुगतान न मिलने से परेशान एक श्रमिक ने पुलिस और श्रम विभाग की शरण ली है। उत्तर प्रदेश (रामपुर) निवासी श्रमिक विशेष चंद्रा ने तहरीर देकर बताया कि उसने 18 और 19 फरवरी को बाजपुर के एक व्यक्ति के यहां टेंट और कैटरिंग का कार्य किया था। कुल 48 हजार रुपये के बिल में से उसे केवल 5 हजार रुपये का बयाना दिया गया, जबकि 43 हजार रुपये अभी भी बकाया हैं। पीड़ित का आरोप है कि भुगतान मांगने पर आरोपी टालमटोल कर रहा है और मारपीट की धमकी दे रहा है। मजदूरों का भुगतान खुद के सिर होने के कारण पीड़ित ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी और कोतवाली पुलिस से बकाया राशि दिलाने की मांग की है।

## सड़क का विधायक ने किया लोकार्पण

**खटीमा :** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचौरिया श्रीपुरिया में राज्य योजना से निर्मित सड़क का विधायक भुवन कापड़ी ने फीता काटकर लोकार्पण किया। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्रामीण जनता ने खुशी व्यक्त की। सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने विकास के क्षेत्र में बड़ा योगदान बताया। विधायक कापड़ी ने ग्रामीण जनता को हर संभव विकास कार्य संपन्न करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दीपक मुडेला, बीडीसी सदस्य नेहा जोशी सहित क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे। यहां मौजूद ग्रामीणों ने राज्य योजना से निर्मित सड़क निर्माण कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पुलिस कर्मियों के लिए आज लगेगा हेल्थ कैंप

**काशीपुर :** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर एक बार फिर अनोखी पहल करने जा रहा है। क्लब द्वारा पुलिस कर्मियों की व्यस्त दिनचर्या और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काशीपुर कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें पुलिस कर्मचारियों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ड्यूटी के तनाव के बीच पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की समय पर जांच करना है।

# इंटर में फेल होने पर पूर्व चेयरमैन के बेटे ने दी जान

## 17 वर्षीय पुत्र द्रोण ने लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, काशीपुर



द्रोण। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम जहां कई परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया, वहीं काशीपुर के एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए यह काल बन गया। महुआखेड़ा गंज के पूर्व चेयरमैन और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता चौधरी अरविंद राणा के 17 वर्षीय पुत्र द्रोण ने बुधवार दोपहर परीक्षा में असफल होने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है और मेधावी छात्रों की मानसिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आदर्श नगर निवासी द्रोण, 'द हैरिटेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल' का छात्र था। बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं का परिणाम घोषित किया। द्रोण ने अपने मोबाइल पर रिजल्ट देखा, जिसमें वह दो विषयों में अनुत्तीर्ण (फेल) हो गया था। इस असफलता को वह सहन नहीं कर सका और परिवार में किसी को कुछ बताए बिना चुपचाप बाथरूम में चला गया। वहां उसने कुंडे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया, तो उसकी मां सीमा ने उसे आवाजें दीं। कोई जवाब न मिलने पर जब उन्होंने बाथरूम का दरवाजा खोला, तो भीतर का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां की चीख सुनकर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और फंदे से उतारकर उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त छात्र के पिता घर पर नहीं थे। सूचना मिलते ही आईटीआई थाना प्रभारी विक्रम राठौर और सीओ प्रशांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। छात्र की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। गमगीन परिजन बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे।

पुलिस अधिकारियों ने देर रात तक परिजनों को समझाने का प्रयास किया और कानूनी प्रक्रियाओं के महत्व को बताया। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। द्रोण मात्र 17 वर्ष का था और उसका पूरा भविष्य उसके सामने था।

## दीवार निर्माण को लेकर विवाद सात पर केस दर्ज

**सितारगंज, अमृत विचार :** दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने गाली-गलौज कर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, मामले में पुलिस ने चार नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गांव गौरीखेड़ा निवासी मो. कासिम ने बताया कि शुक्रवार रात को वह अपनी दुकान पर था। तभी उसी के गांव निवासी जाहिद अली अपने भाई हामिद अली, रियासत अली, शाकिर और तीन अन्य लोगों के साथ उसकी दुकान पर आया।

सभी आरोपियों ने आते ही कथित तौर घर की दीवार दूसरी दिशा में बनाने का दबाव बनाने लगा। इस पर कासिम ने कहा कि संबंधित भूमि हाईवे की जमीन है और वह पहले ही पर्याप्त जगह छोड़ चुका है। लिहाजा वह उस तरफ दीवार नहीं बना सकता। आरोप लगाया कि बात बढ़ने पर सभी लोग मारपीट पर उतारू हो गए। इसी दौरान जाहिद अली ने पिस्टल निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। आरोप लगाया है कि उक्त लोग गांव में आए दिन विवाद और झगड़े करते रहते हैं।

# सड़क हादसे में शिक्षक सहित दो की मौत, एक युवक घायल



दीपांशु सिंघल।



संजय पांडे।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** बीती रात्रि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दहेला गांव के पास दो कारों की आमने-सामने हुई टक्कर में शिक्षक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार चम्पावत निवासी राजकीय इंटर कालेज बलातड़ी चंपावत के शिक्षक संजय पांडे (35) पुत्र रमेश चंद्र पांडे हल्द्वानी से नई कार लेकर चम्पावत जा रहे थे। देर रात जब उनकी कार नानकमत्ता क्षेत्र के दहेला गांव के पास पहुंची। उसी समय खटीमा की ओर से आ रही दूसरी कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घटना में दीपांशु सिंघल (24) पुत्र पवन कुमार सिंघल निवासी हरी श्रीनाथ मंदिर, आवास विकास कॉलोनी, किच्छा की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं संजय पांडे को हल्द्वानी ले जाया जा रहा था। जिन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिसका पोस्टमार्टम हल्द्वानी में हुआ। घायल मनप्रीत सिंह (27) पुत्र बिशन सिंह निवासी किच्छा का सितारगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर पुलिस ने दीपांशु बंसल के शव का खटीमा उपजिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। दीपांशु अपनी बहन का इकलौता भाई था और किच्छा में व्यवसाय करता था।

### व्यापारी के इकलौते पुत्र की मौत से मचा कोहराम

**किच्छा :** नगर के वरिष्ठ हार्डवेयर व्यापारी के युवा इकलौते पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक है। घटना में व्यापारी पुत्र की मौत के अलावा कार सवार किच्छा निवासी अन्य पांच युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी युवकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में व्यापारी के 24 वर्षीय पुत्र को सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार किच्छा के आवास विकास निवासी तथा बरेली मार्ग स्थित भगवती हार्डवेयर शोरूम के स्वामी पवन कुमार सिंघल का युवा पुत्र दीपांशु सिंघल अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा की फॉर्च्यूनर गाड़ी से घूमने के लिए नेपाल गए थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात्रि करीब 10:30 बजे सभी दोस्त खटीमा से किच्छा की तरफ घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नानकमत्ता थाना अंतर्गत हाईवे पर संभवत: किसी बड़े वाहन को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही नई कार से फॉर्च्यूनर गाड़ी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और नई किंग्स कार के परखच्चे उड़ गए। खटीमा में पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की दोपहर करीब 1:30 बजे दीपांशु का पार्थिव शरीर उनके आवास विकास स्थित निवास पर पहुंचने से पूरा वातावरण गमगीन हो गया और इकलौते पुत्र की मौत के बाद उनके परिजन रोते बिलखते एवं विलाप करते नजर आए। नगर के सत्य पथ धाम पर दीपांशु सिंघल को नम आंखों से विदाई दी गई।

## बाजार चौकी के सामने झगड़ रहे छह लोग किए गिरफ्तार

**खटीमा :** बाजार चौकी के सामने आपस में लड़कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। बाजार चौकी के सामने आम सड़क पर आपस में लड़ने वाले प्रथम पक्ष नूरी मस्जिद इस्लामनगर निवासी बबलू खान, आपा जी मैरिज हॉल के पास इस्लामनगर निवासी आसिफ हुसैन और आबिद हुसैन तथा द्वितीय पक्ष मोहल्ला ग्यासपुर, थाना बीसलपुर, जिला पीलीभीत निवासीगण आकिब, परवेज तथा आरिश को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया।

# अग्निवीर बनने से हफ्ते भर पहले युवक की मौत

संवाददाता शक्तिफार्म

- पुणे आर्मी अस्पताल में प्रशिक्षण ले रहा था जवान



रमनजीत।

**अमृत विचार :** देश सेवा का सपना संजोए अग्निवीर प्रशिक्षण ले रहे 18 वर्षीय युवक की पुणे स्थित आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रशिक्षण पूरा होने में अब केवल एक सप्ताह शेष था, लेकिन उससे पहले ही मौत की खबर से पूरे परिवार और क्षेत्र में शोक है। जवान का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार शाम तक शक्तिफार्म पहुंचने की संभावना है।

क्षेत्र के पिपलिया गांव निवासी जोगेंद्र सिंह के तीन बेटों में से छोटे दो बेटों अमनजीत सिंह और रमनजीत सिंह का गत वर्ष एक साथ अग्निवीर के लिए चयन हुआ था। इनमें छोटे बेटे रमनजीत सिंह (18) का प्रशिक्षण पुणे में, जबकि मझले बेटे अमनजीत सिंह का प्रशिक्षण बंगलुरु में चल रहा था। रमनजीत के चाचा बलकार सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर परिजनों को फोन पर बुखार होने की सूचना मिली थी। इसके बाद शाम को पेट दर्द की शिकायत बढ़ने पर उसे आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने की सूचना मिलने पर पिता जोगेंद्र सिंह मंगलवार सुबह अपने दामाद के साथ पुणे पहुंचे। वहां उपचार के दौरान बुधवार दोपहर रमनजीत ने अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार रमनजीत के प्रशिक्षण का महज एक सप्ताह शेष था। अग्निवीर बनकर देश सेवा करने को लेकर वह बेहद उत्साहित था और परिवार को उस पर गर्व था। अचानक आई इस दुःखद खबर ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। रमनजीत का बड़ा भाई पवनजीत घर पर रहकर खेती-बाड़ी करता है, जबकि पिता जोगेंद्र सिंह सिडकुल स्थित एक उद्योग में कार्यरत हैं। पुत्र की असमय मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।घटना पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गोविंद तालुकदार, जिला पंचायत सदस्य शिल्पी सिंह, राजेंद्र डसीला, संजय बाछाड़ समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## केलाखेड़ा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बाजपुर :** क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केलाखेड़ा थाना पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी कोतवाल धर्मवीर सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बाजारों, चौराहों और संवेदनशील इलाकों में गश्त कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए निगरानी की जाएगी।

# धूमधाम से मना भंजुराम कॉलेज का वार्षिकोत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर

- आध्यात्मिक वातावरण में भव्य समापन हुआ

**अमृत विचारः** भूरारानी स्थित श्री भंजुराम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल के 49वें वार्षिकोत्सव धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य समापन हुआ। सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक वेद-मंत्रोच्चारण एवं हवन संपन्न कराया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुदेव महाराज के पावन संदेश का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने बताया कि कार्यक्रम में भंजुराम अमर इंटर कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा सुशीला मेहंदीरत्ता को भी सम्मानित किया गया। छात्रा ने वर्ष 2025-26 में उत्तराखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। वार्षिकोत्सव के दौरान स्वामी महाराज ने प्रतिभावान छात्रा को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।



छात्रा को सम्मानित करते स्वामी महाराज। ● अमृत विचार

इस अवसर पर रामलाल डोगरा, मीना डोगरा, किरन अदलखा, सुरेंद्र अदलखा, रेखा जसवानी, राजेश जसवानी, गणपत राम गांधी, विद्यालय प्रबंधक सुरेश गांधी, महापौर विकास शर्मा, अमर इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य असीम दास, उप-प्रधानाचार्य भावना जोशी, प्रधानाचार्या प्रतिमा दास आदि मौजूद रहे।



किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# स्थानीय संसाधनों से रेजिन उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट में स्थानीय संसाधनों से रेजिन उत्पाद निर्माण पर प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण शोधार्थी श्रेया सांगवान के पीएचडी शोध के तहत दिया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ना था।

शोधार्थी श्रेया सांगवान और उनकी पीएचडी गाइड डॉ. सीमा क्वात्रा के निर्देशन में प्रशिक्षण के दौरान वीरा फाउंडेशन देहरादून से निरंजन कौर और रुद्रपुर से अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को रेजिन कला एवं उत्पाद निर्माण की विस्तृत जानकारी दी। अनिल ने फूलों को सुखाने की तकनीकों, रेजिन डिज़ाइनिंग, मिश्रण प्रक्रिया व उत्पाद निर्माण की संपूर्ण विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लगभग 100 महिलाओं ने सहभागिता की। महिलाओं ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए विभिन्न रेजिन उत्पाद स्वयं तैयार किए। प्रतिभागियों ने इसे स्वरोजगार एवं अतिरिक्त आय का प्रभावी माध्यम बताया।

इस दौरान कुरी एवं कालाबासा जैसी आक्रामक खरपतवार प्रजातियों के उपयोग पर भी चर्चा की गई। बताया कि इन स्थानीय पौधों के सूखे फूलों, पत्तियों एवं अन्य प्राकृतिक तत्वों का उपयोग रेजिन उत्पादों में कर आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल सजावटी वस्तुएं तैयार की जा सकती हैं। इस मौके पर केंद्र ज्योलीकोट की सह निदेशक डॉ. सुधा जुकारिया, प्रभारी डॉ. संजय चौधरी, प्राध्यापक डॉ संज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभिभावकों को सकारात्मक पालन-पोषण के गुर सिखाए

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय "जॉयफुल सेमिनार" का विधिवत समापन हो गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक व भावनात्मक विकास के साथ-साथ परिवार और विद्यालय के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना था। सेमिनार के अंतिम दिन मुख्य रूप से ''सकारात्मक पालन-पोषण'' विषय पर सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो, सिस्टर लूसिया और दिल्ली से आए विशेषज्ञ शेखर व अमीषा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान दौर में बच्चे करियर और प्रतिस्पर्धा के कारण मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं, ऐसे में अभिभावकों का भावनात्मक समर्थन और निरंतर संवाद बेहद जरूरी है।

# नाबालिग को लेकर युवक फरार

**काशीपुर :** कोतवाली आईटीआई क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़िता के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मूल रूप से ग्राम अहमदाबाद, तहसील टांडा, रामपुर निवासी व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री को उनके ही गांव का रहने वाला सुमित फोन करके लगातार परेशान करता था। जिसकी हरकतों से तंग आकर उन्होंने अपनी पुत्री को सुरक्षा के लिहाज से काशीपुर निवासी मौसी के घर भेज दिया था। बताया कि बीती नौ मई की रात उसकी पुत्री घर से शौचालय जाने के बहाने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

उत्साह

नवगठित महिला मोर्चा आवास विकास मंडल कार्यकारिणी का किया स्वागत

# विस चुनाव के लिए महिलाएं हो जाएं सक्रिय

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिला कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के नवगठित महिला मोर्चा आवास विकास मंडल के स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महिलाओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया गया।

बुधवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष सृष्टि आहूजा बंसल के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री संगठन संजय कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सृष्टि आहूजा बंसल ने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को अपनी शक्ति एवं सक्रियता को निरंतर बनाए रखना चाहिए, ताकि समय आने पर संगठन एवं सरकार में महिलाओं को उनकी क्षमता और योगदान के अनुरूप उचित स्थान प्राप्त हो सके। कहा कि वर्ष 2027 में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए महिलाओं को और अधिक सक्रिय होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पूजा शर्मा, महामंत्री मीना शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता, डिंपल, रेनू, सीमा, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

## अवकाश बदलने के प्रस्ताव पर रोष

**बाजपुर :** सहकारी चीनी मिल में कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश में प्रस्तावित बदलाव को लेकर विवाद गहरा गया है। चीनी श्रमिक संघ ने मिल के प्रधान प्रबंधक को पत्र भेजकर अभियंत्रिक विभाग (इंजीनियरिंग) के कर्मचारियों का अवकाश सोमवार के स्थान पर रविवार किए जाने के प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया है।

संघ के अध्यक्ष श्याम कार्तिक सिंह ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि पूर्व में श्रमिक प्रतिनिधियों और मिल प्रबंधन के बीच हुए समझौते के तहत सोमवार का अवकाश तय किया गया था। संघ का तर्क है कि रविवार को बाजार और अन्य संस्थान बंद होने के कारण कर्मचारी अपने व्यक्तिगत और घरेलू कार्य सोमवार को ही निपटाते हैं।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# आरएएन के शोभित 97.2 प्रतिशत के साथ बने टॉपर

## रुद्रपुर के अन्य स्कूलों के छात्रों का रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट, छात्रों की उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में भी खुशी का माहौल

संवाददाता, रुद्रपुर


अमेनिटी की टॉपर छात्रा के साथ स्कूल की प्रधानाचार्य इंद्रा त्रिपाठी और शिक्षक। ● अमृत विचार


अभय कक्कड़। ज्योति सिंहवान। मालश्री शर्मा। शोभित अग्रवाल। संपदा अग्रवाल।

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें आरएएन पब्लिक स्कूल, कोलम्बस पब्लिक स्कूल, स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल, एमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्रा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में भी खुशी का माहौल है।

मंगलवार को जारी परीक्षा परिणाम में आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर के छात्र अभय कक्कड़ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला, ज्योति सिंहवाल ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और मालश्री शर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय, प्रबंधक निधि राय, प्रधानाचार्य ममता बिष्ट ने बच्चों के अभिभावकों को बधाई देने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह आरएएन स्कूल भूरारानी के शोभित अग्रवाल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, संपदा तिवारी 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और प्रखर अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक रिटायर्ड विंग कमांडर एच के राय, निदेशक मोहित राय, प्रशासिका निधि राय व प्रधानाचार्य भावना भनोट ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह कोलम्बस पब्लिक स्कूल के सृष्टि पाल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला, अनस अहमद ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और जगजीवन सिंह गिल ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के एमडी मोहन खेड़ा और प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रक्षित जोशी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, कशिश लोहिया ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और प्रदीप कुमार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसी तरह होली चाइल्ड स्कूल के अदिति और राज बत्रा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, अनन्या सक्सेना ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और गोरिका चांदना ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने बताया कि परीक्षाफल का विशेष आकर्षण इस बार 17 छात्रों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। छात्रों की इस उपलब्धि पर संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, सचिव विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, मंजू अधिकारी ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

### अमेनिटी की छात्रा गुरुनूर ने किया स्कूल टॉप

**रुद्रपुर** : अमेनिटी पब्लिक स्कूल की छात्रा गुरुनूर कौर ने 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, रिद्धि मिड्ढा ने 97 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, कशिश सिंह ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा, अंकिता सिंह ने 96 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा और श्रेया बजाज ने 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के एमडी सुभाष अरोरा, प्रधानाचार्य इंद्रा त्रिपाठी समेत स्कूल प्रबंधन ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


प्रखर अग्रवाल। श्रृष्टि पाल। अनस अहमद। जगजीवन सिंह गिल।


रक्षित जोशी। कशिश लोहिया। प्रदीप कुमार। अदिति।


श्रेष्ठराज बत्रा। अनन्या सक्सेना। गोरिका चांदना। गुरुनूर कौर।


रिद्धि मिड्ढा। कशिश सिंह। अंकिता सिंह। श्रेया बजाज।

### ईशा ने किया सिटी कान्वेंट स्कूल में टॉप



**खटीमा** : सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में सिटी कॉन्वेंट स्कूप का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय में 94 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर ईशा मनोला सिटी टॉपर बनी है। जबकि 91 .8 प्रतिशत अंक के साथ रिया राना ने द्वितीय और 91 प्रतिशत अंक के साथ अक्षत किरौला ने तृतीय स्थान हासिल किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्थापक एमसी उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना, राजेश जोशी आदि ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 97.4 प्रतिशत पाकर स्नेहा रजवार बनीं ब्लॉक टॉपर



**खटीमा** : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई इंटरमीडिएट स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में स्नेहा रजवार 97 .4 प्रतिशत अंक अर्जित कर ब्लॉक टॉप किया है। वहीं दिव्यांशी रजवार 96 .4, संजना चड्डा 95 .4, अंशिका कोहली–95 .4, आयुष्मा धामी–95, प्रथम भंडारी–94 .6, हर्षिता कार्की 94 .6, निहारिका चंद –93 .8, सुमित जोशी–93 .6, गौरव पांडे 93 .2, खुशी 93, पुलकित जोशी 93, नितिन भट्ट 92 .8, करन सिंह मुडेला 92 .6, आरुषि रावत 92 .6, सौरभ पालीवाल 92 .4, बॉबी धामी 92 .2, बबीता भंडारी 91 .6, हर्ष सकलानी 91 .2, साक्षी 91, कीर्ति चंद 90 .6, शिवानी भट्ट 90 .6, भूमिका भट्ट 90 .4, भूमिका कार्की 90, रोशन चंद 90 आयुष कापडी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट ने बच्चों को बधाई दी है।

### 95 प्रतिशत अंक के साथ विशाखा रहीं अलक्ष्या की टॉपर



**खटीमा** : सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल की छात्रा विशाखा ओली ने 95 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ऋषभ खड़ायत 94 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा गौरांश सिंह बिष्ट ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मोहम्मद अर्श ने 92 .2, रक्षित गहतोड़ी ने 92 तथा मानिका राणा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास गोस्वामी, उपाध्यक्षा जया चुफाल गोस्वामी, सहायक प्रबंध निदेशक प्रजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, हेड मिस्ट्रेस प्रभा ज्याला, उपप्रधानाचार्य विनोद चंद एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### नोजगे के बच्चों ने साइंस एवं कामर्स स्ट्रीम में किया टॉप



**खटीमा** : सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षा का परिणाम आया। जिसमें विद्यालय की छात्रा रिद्धि गुप्ता ने कामर्स स्ट्रीम में 96 .2 प्रतिशत अंक के साथ फर्स्ट टॉपर, शिवालिका सिरोला ने साइंस स्ट्रीम में 96 प्रतिशत के साथ फर्स्ट टॉपर, सारांश जल्होत्रा ने ही कामर्स स्ट्रीम में 93 .6 प्रतिशत के साथ सेकेंड टॉपर, हयूमिनीटीज वर्ग में मानसी पंत ने 94 प्रतिशत के साथ फर्स्ट स्ट्रीम टॉपर तथा साइंस स्ट्रीम में ही पीयूष कुमार 92 .2 के साथ सेकेंड स्ट्रीम टॉपर रहे। बच्चों की उपलब्धि पर प्रबन्ध निदेशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य हेम चन्द्र पन्त ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### हिंद के छात्रों का 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खटीमा** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में हिंद पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। दीपांशु ओझा ने 88 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। जबकि 86 .4 प्रतिशत के साथ खुशी जोशी ने दूसरा और 80 प्रतिशत अंकों के साथ आस्था चौधरी तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के मैनेजर नीरज कुमार, प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एसएस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**गदरपुर** : एसएस पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 70 में से 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिंह ने विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षाफल के लिए सभी शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने सभी बच्चों को विद्यालय एवं अपने माता–पिता का नाम रोशन करने पर उनको बधाई दी है।

# किड्ज पैराडाइज स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, दिनेशपुर



**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में किड्ज पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर बेहतरीन अंक हासिल किए हैं।

कशिश वर्मा ने 97.2% अंक हासिल विद्यालय टॉपर रही। विद्यालय की छात्रा कशिश वर्मा ने कुल 97.2% अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं श्रुति पाठक ने 96% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। शगुन जल्होत्रा ने 94% अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा मनप्रीत कौर ने 90.2% अंक और कुशाग्र सक्सेना ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर स्कूल प्रबंधक सतिंदर सिंह मान, प्रधानाचार्य गिरीश प्रसाद होता के साथ समस्त शिक्षकों ने सभी मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर लगन, शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य गिरीश प्रसाद होता ने कहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर साल बेहतर हो रहा है। बच्चों ने जिस अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई की और उसका फल आज उनके सामने है।

### रौनक प्रीत कौर ने बाजपुर ब्लॉक में किया टॉप



**बाजपुर** : सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों में बाजपुर क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालयों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष श्रीदशमेश स्कूल की रौनक प्रीत कौर ने 96 .2% अंक हासिल कर पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, मदर इंडिया पब्लिक स्कूल की मनप्रीत कौर 95 .4% अंकों के साथ ब्लॉक में दूसरे स्थान पर रहीं। अन्य विद्यालयों में भी परिणाम उत्साहज नक रहे। सेंटमैरी स्कूल में मोहम्मद आमिल ( 94 .6% ) ने प्रथम, जबकि जाह्नवी और प्रियांशी ( 94 .2% ) ने दूसरा स्थान पाया। रिवरडेल इंटरनेशनल में रिद्धम राज बंसल ( 93 .8% ) और डीएवी पब्लिक स्कूल में वंशिका अग्रवाल ( 92 .8% ) अपने–अपने स्कूल के टॉपर रहे। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्यों ने मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। परिणाम घोषित होने के बाद से ही क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### शांतिपुरी के होनहारों ने किया विद्यालय टॉप



**शांतिपुरी** : शांतिपुरी नंबर दो सत्संग आश्रम जवाहरनगर सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल के सीबीएससी 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सुमित मेहता सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, 93 .2 प्रतिशत अंकों के साथ कनिष्का भट्ट दूसरे व 92 .8 प्रतिशत अंकों के साथ कनक दानू तीसरे स्थान पर रही। हीरावती माध्वानंद जोशी सरस्वती बिहार शांतिपुरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मानवी जोशी सर्वाधिक 95 .2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, 93 प्रतिशत अंकों के साथ चित्रा बुघानी दूसरे व 92 प्रतिशत अंकों के साथ हिमांशु सिंह तीसरे स्थान पर रहे। सभी मेधावी छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति, स्कूल स्टाफ व अविभावकों ने बधाई दी है।

# लिटिल स्कॉलर्स स्कूल की आरना ने मारी बाजी

● क्षेत्र के सभी स्कूलों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

संवाददाता, काशीपुर


आरना। निवेदिता चौहान। तनिष्का सक्सेना। युवराज। आस्था रावत। जश्नदीप सिंह।


साकेत अरोरा। आकांक्षा। अनुष्का गौतम। नमन सिंह। जिया गोसांई। समित प्रताप।


योगेश कुमार। यश चौहान। शुभम चौधरी। कौस्तुब नाडिग। देवरानी। दक्ष गोयल।


काव्या अग्रवाल। लक्ष्मीकांत। धानी भल्ला। पणति भाकुनी। हर्षित बहुखंडी। खुशी रावत।


हिमांशु ममगई। अन्मता खान। इकरा परवीन। यशी चौहान। यशिका सिसोदिया।

**अमृत विचार:** क्षेत्र में सीबीएसई की 12 वीं का परीक्षा परिणाम सुखद रहा। क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अधिकतर छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाए। विद्यालयों ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

लिटिल स्कॉलर्स स्कूल की आरना ने 97.2, निवेदिता चौहान 96.4 और तनिष्का सक्सेना 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉपर रहे। श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के युवराज ने 95, आस्था रावत 94.4 और जश्नदीप सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। समर स्टडी हॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंडेश्वरी में साकेत अरोड़ा ने सर्वाधिक 94.0 आकांक्षा ने 94 और अनुष्का गौतम ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर के नमन सिंह 91, जिया गोसाई 90.8 और समित प्रताप सिंह ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। कृष्णा पब्लिक स्कूल के योगेश कुमार 92.6, यश चौहान 87.4 और शुभम चौधरी ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। द गुरुकुल स्कूल के कौस्तुभ नाडिग ने 94.4, कनक देवरानी 94.2 और दक्ष गोयल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। साईं पब्लिक स्कूल के काव्या अग्रवाल ने 93.8, लक्ष्मीकांत रौनियार 93.4, धानी भल्ला ने 92.8 अंक प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। शिवालिक होली माउंट एकेडमी के पणति भाकुनी 94, हर्षित बहुखंडी 93.8 और खुशी रावत ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। छावनी चिल्ड्रन एकेडमी के हिमांशु ममगई ने 95, अन्मता खान 92 और इकरा परवीन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया।

### सीबीएसई बोर्ड में बेटियों ने किया नाम रोशन

**जसपुर** : सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम में बेटियों ने एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। महुआडाबरा स्थित वीएसएम सन फ्लावर पब्लिक स्कूल की छात्रा यशी चौहान ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, वहीं यशिका सिसोदिया ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने स्कूल एवं परिजनों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक अजय चौधरी एवं प्रधानाचार्य हरिओम सपरा ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

कार्यक्रम

कुलपति ने बायोटेक में आधुनिक कृषि इकाई का किया उद्घाटन

# देश की उन्नति में अनुसंधान का योगदान महत्वपूर्ण

संवाददाता, पंतनगर


आधुनिक कृषि इकाई का उद्घाटन करते कुलपति डॉ. एसके कश्यप। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में कौशल विकास के तहत एक माह का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके समापन में पंत विवि के कुलपति डॉ. एसके कश्यप ने युवाओं को अनुसंधान व नवाचार के लिए प्रेरित किया।

डॉ. कश्यप ने कहा कि विज्ञान एक गेम चेंजर है। जिसमें अद्भुत सामर्थ्य है और सदैव नवीन अनुसंधान व नवाचार होते रहेंगे। उन्होंने आजादी के दौर में खाद्यान्न समस्या का जिक्र करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के भारत को कृषि क्षेत्र में नए शोध से कृषि प्रधान देश के रूप में स्थापित करने का संकल्प याद दिलाया। उन्होंने भविष्य में प्रशिक्षण व सीखने की कड़ी को जारी रखने, अन्वेषण और सवाल पूछने के स्वभाव को जागृत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने मृदारहित खेती से संबंधित आधुनिक कृषि इकाई का उद्घाटन भी किया। निदेशक यूसीबी डॉ. संजय कुमार ने पंत विवि और बायोटेक को माँ-बेटे जैसे संबंध वाले संस्थान बताया। उन्होंने परिषद की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के विकास में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका की सराहना की। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डालचंद ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि अनुसंधान एक आइडिया से प्रारंभ होकर, पेपर व लैब वर्क से गुजरते हुए धरातल पर साकार होता है। कुलपति मुक्त विवि डॉ. नवीन चंद्र लोहनी ने जैव प्रौद्योगिकी को विज्ञान की महत्वपूर्ण शाखा बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत में इसका विशेष योगदान है। वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुमित पुरोहित ने किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। यहां कुलसचिव डॉ. दीपा विनय और डीन डॉ. अल्का गोयल, डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. अवधेश कुमार व डॉ. आरएस जादौन सहित डॉ. जेपी जयसवाल, डॉ. एचजे शिवाप्रसाद, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. शिव प्रसाद मौर्या, डॉ. एससी त्रिपाठी, डॉ. एसपी. सिंह, डॉ. श्वेता राय, डॉ. कुलदीप वर्मा, डॉ. अमन कंबोज, डॉ. रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# रुद्रपुर में तहसील दिवस का आयोजन 19 को

संवाददाता, रुद्रपुर

● डीएम ने जारी किया तहसील दिवस का रोस्टर जारी

**अमृत विचार:** जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जनपद के प्रत्येक तहसील मुख्यालय में प्रथम व तृतीय मंगलवार को सुबह 10 बजे से तहसील दिवस के आयोजन के लिए रोस्टर जारी किया है।

बुधवार को जारी रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 मई तृतीय मंगलवार को रुद्रपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 2 जून प्रथम मंगलवार को किच्छा, 16 जून तृतीय मंगलवार को सितारगंज, 7 जुलाई प्रथम मंगलवार को जसपुर, 21 जुलाई तृतीय मंगलवार को काशीपुर, 4 अगस्त प्रथम मंगलवार को बाजपुर, 18 अगस्त तृतीय मंगलवार को गदरपुर में तहसील दिवस आयोजित होगा। इसके अलावा 1 सितंबर प्रथम मंगलवार को नानकमत्ता व 15 सितंबर तृतीय मंगलवार को खटीमा में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिस तहसील दिवस को राजकीय अवकाश घोषित होगा उसके स्थान पर दूसरे दिन कार्य दिवस को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को परगनाधिकारी की अध्यक्षता में परगना व तहसील कार्यालय में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पूर्व सैनिक की मौत

**टनकपुर** : टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार सेना के रिटायर्ड हवलदार गणेश सिंह की मौत हो गई। वह बनबसा सैनिक छावनी के ईसीएचएस में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार बिचई गांव निवासी गणेश सिंह स्कूटी से बनबसा से टनकपुर लौट रहे थे। चंदनी गांव में ग्लोरियस एकेडमी स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल गणेश सिंह को पहले खटीमा के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। रुद्रपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। सुरेंद्र कोरंगा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**रानीखेत** : चंपावत रेप कांड में कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार को बदनाम करने के विरोध में स्थानीय गांधी चौक पर भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। वक्ताओं ने कहा कि चंपावत रेप कांड में जिस प्रकार झूठा केस बनाकर और उसे पूरे प्रदेश में प्रचार एवं प्रसारित करने का कांग्रेस ने घिनौना कार्य कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए जनता को गुमराह करने का षड्यंत्र किया। ताकि जनता से भाजपा सरकार के विकास कार्यों का ध्यान हटाएं जा सके। कहा कि आम जनता 2027 में इसका करारा जवाब कांग्रेस को देगी। पुतला दहन में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री विमला रावत, दीप भगत,मोहन नेगी, माया नैनवाल, मीना वर्मा, बबीता, रेखा आर्य, सुमन देवी, हिना देवी, संजय पंत,खजान जोशी,गिरीश भगत, जगदीश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### भाजपा की बैठक में प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर चर्चा

**बागेश्वर** : भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की बैठक में 18 एवं 19 मई को आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण शिविर अनाशक्ति आश्रम कौसानी में आयोजित होगा। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गाड़िया ने की। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल और पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल ने शिविर की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। बैठक में जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, संजय परिहार, जीवंती कांडपाल, खड़क सिंह टंगड़िया, भगवान भंडारी रहे।

# अल्मोड़ा में मेधावियों की चमकी मेहनत, अंकों की हुई बौछार

## बुधवार को सीबीएसई इंटर का रिजल्ट जारी होते ही खुशी से झूमे छात्र, छात्र-छात्राओं ने घर से लेकर स्कूल तक मनाया कामयाबी मिलने का जश्न

**परीक्षाफल**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सीबीएसई इंटरमीडिएट बोर्ड का बुधवार को परीक्षाफल घोषित हो चुका है। अल्मोड़ा में सीबीएसई इंटर का रिजल्ट आने पर छात्र-छात्राओं ने जमकर जश्न मनाया।

जिला मुख्यालय से लेकर रानीखेत, द्वाराहाट, सल्ट, भिकियासैंण, भतरौंजखान, दन्या, लमगड़ा सहित अन्य इलाकों में छात्र-छात्राओं ने घर से लेकर स्कूल तक कामयाबी मिलने पर खुशी जताई और मिठाई बांटी। छात्र-छात्राओं की सफलता की तस्वीरें सोशल मीडिया में भी छाई रहीं। वहीं, खुशी में छात्रों, परिजनों और शिक्षकों ने मिष्ठान वितरित किया। जिले के सभी पब्लिक स्कूलों का रिजल्ट शानदार रहा। होनहारों ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक हाशिल किए है।

**अटल उत्कृष्ट स्कूल जीआईसीः** अटल उत्कृष्ट स्कूल जीआईसी अल्मोड़ा का परीक्षा फल 92.85 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्रा मिनाक्षी कांडपाल 95 प्रतिशत अंक प्राप्त स्कूल टाप किया। वहीं, रितेश कुमार ने 94 प्रतिशत के साथ दूसरे और निखिल सनवाल 90 प्रतिशत अंकों तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य राजेश बिष्ट ने बताया बच्चों ने मेहनत कर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेहतर अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य कामना की।



अल्मोड़ा के स्प्रीग डेल्स स्कूल में परीक्षाफल घोषित होने के बाद जश्न मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

### आर्मी पब्लिक स्कूल



गर्व पांडेय।



सपना राणा।

सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में मुख्यालय स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। 12 वीं के अधिकांश बच्चों ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के 44 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जबकि विज्ञान वर्ग में 92 .20 प्रतिशत अंकों के साथ गर्व पांडेय, वाणिज्य वर्ग में सपना राणा 92 प्रतिशत और कला वर्ग में माही परिहार ने 95 .40 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टाप किया।

### स्प्रिंग डेल्स स्कूल



स्वर्णिका भट्ट।



हिमानी।

नगर के स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल का इंटर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटर में स्वर्णिका भट्ट ने 92 .4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टाप किया। जबकि हिमानी, वैष्णवी व मेहराज 91 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सोहन लाल ने छात्रों को बधाई दी।

### होली एंजिल पब्लिक स्कूल



भव्या मिश्रा।



नीलेश बिष्ट।

नगर स्थित होली एंजिल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत फीसद रहा। इंटर में भव्या मिश्रा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि नीलेश बिष्ट 88 .20 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और कार्तिक रावत 86 .20 प्रतिशत अंकों के साथ तीसर स्थान बनाया। प्रधानाचार्य डॉ . मनोज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल



पलक थापा।



पायल थापा।

लोअर मालरोड स्थित न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल का का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इंटर बोर्ड परीक्षा पलक थापा ने सर्वाधिक 82 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया। वहीं, पायल थापा ने 79 फीसदी अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि कशिश लटवाल और तोशी कनवाल ने 77 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान बनाया। बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डॉ . संजय जोशी ने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### बीयरशिवा स्कूल



मंजित आर्या।



अंजलि नेगी।

बीयरशिवा स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन रहा। इंटर परीक्षा परिणाम में इस बार ज्योत्सना त्रिपाठी 94 .2 अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। अंजलि नेगी और मंजित आर्या ने 93 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान बनाया। जबकि विशाल बोरा और शगुन पंत ने भी 92 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान बनाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका विल्सन ने बताया कि इंटर परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### शारदा पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत



अमन कुमार।



हिमानी धामी।

**अल्मोड़ाः** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में मुख्यालय स्थित शारदा पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया और सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे।

प्रधानाचार्य विनीता शेखर लखचौरा ने बताया कि वाणिज्य वर्ग में अमन कुमार आर्यन ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कला वर्ग में हिमानी धामी 93 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग विनय कुमार और रिया जोशी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# निर्वाचन नामावली में शुद्धता पर जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने बुधवार को निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि जिन मतदेय स्थलों में मतदाताओं की मानचित्रण प्रक्रिया 90 प्रतिशत से कम है, वहां संबंधित बीएलओ को आवश्यक निर्देश देकर प्रतिशत बढ़ाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। बैठक में ईआरओ नेट में प्रदर्शित जनसांख्यिकीय समान प्रविष्टियों का उसी दिन निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि निर्वाचन नामावली की शुद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लंबित प्रविष्टियों का त्वरित निस्तारण जरूरी है। बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इधर, जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर राप्राविं कोकिलगांव में तैनात बलराम सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जनगणना अधिकारी करिश्मा जोशी ने 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।



अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में निर्वाचक नामावली की समीक्षा बैठक लेते डीएम अंशुल सिंह।

### दो माह में तैयार कर लें चिल्ड्रेन पार्क : डीएम

**बागेश्वरः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने तहसील परिसर में निर्माणाधीन चिल्ड्रेन पार्क का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पार्क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप आगामी दो माह में पूरा किया जाए।

डीएम ने ग्रामीण निर्माण विभाग को नियमित मॉनिटरिंग करने और 15 जून तक पार्क में मेक्सिकन कारपेट घास लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिए सुरक्षित और आकर्षक खेल उपकरण लगाने, वॉकिंग पाथ विकसित करने तथा वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए बेंच लगाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने पार्क के आसपास स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने पर जोर दिया।

# मेला क्षेत्र में आग से छह दुकानें राख

- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, प्रशासन ने लिया जायजा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार** : टनकपुर पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में बुधवार तड़के लगी भीषण आग से आधा दर्जन अस्थायी दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना में करीब 35 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार पुरानी तहसील के समीप पुरानी पानी टंकी के पास मेले के लिए लगाई गई कच्ची दुकानों में तड़के करीब ढाई बजे अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक छह दुकानें जल चुकी थीं। फायर ऑफिसर अमर सिंह अधिकारी ने बताया कि आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल और नगरपालिका अध्यक्ष विपिन कुमार ने मौके का निरीक्षण कर पीड़ित व्यापारियों को सहायता दिलाने का भरोसा दिया। मनीष कुमार ने तहसीलदार पिंकी आर्या को क्षति का आकलन कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।



टनकपुर मेला क्षेत्र में दुकानों में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

# यूपीसीएल में स्वास्थ्य शिविर लगाया, 110 लोगों की जांच

- हृदय रोग, शुगर और बीपी की जांच कर बांटी गईं मुफ्त दवाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : नगर के लक्ष्मेश्वर स्थित यूपीसीएल कार्यालय में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा की ओर से आयोजित इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ और जनरल फिजिशियन चिकित्सकों ने लोगों की बीपी, शुगर, ईसीजी और रेंडम जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। चिकित्सकों ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान और मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भी कई प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, संतुलित आहार लेने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। चिकित्सकों ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है।

शिविर के सफल आयोजन में अधिशासी अभियंता ऊर्जा निगम कन्हैया जी मिश्रा, डॉ. फैजल, आदित्य कंबोज, त्रिलोक शर्मा और अमित समेत अन्य लोगों ने सहयोग किया।

# पत्रकारों की समस्याओं पर मंथन

- पेंशन, प्रेस मान्यता नियमों में शिथिलीकरण और कल्याण योजनाओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार** : जिला सूचना कार्यालय में बुधवार को पत्रकार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों की समस्याओं, प्रेस और प्रशासन के बीच समन्वय तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह ने सभी पत्रकारों का स्वागत करते हुए संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से पत्रकारों की समस्याओं को सुनने, प्रेस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सरकार की योजनाओं और नीतियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलती है।

इस दौरान पत्रकारों ने चिकित्सा सुविधाओं के विकास, बीमा योजनाओं का लाभ, पत्रकार कल्याण कोष, प्रेस मान्यता नियमों में शिथिलीकरण तथा पत्रकार पेंशन के नियमों को व्यावहारिक बनाने की मांग उठाई। साथ ही पत्रकारों से जुड़ी योजनाओं में जिलाधिकारी और जिला सूचना अधिकारी की भूमिका बढ़ाने की भी मांग की गई। पत्रकारों ने जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की नियमित बैठकें आयोजित कराने और उनमें जनहित से जुड़े मुद्दों को शामिल करने पर भी जोर दिया।



अल्मोड़ा में जिला सूचना कार्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मौजूद पत्रकार।

### विद्युतीकरण कार्य में आई तेजी

**टनकपुर** : भारत-नेपाल सीमा से लगे चंपावत जिले के दूरस्थ गांव थपलियालखेड़ा में लंबे समय से लंबित विद्युतीकरण कार्य को लेकर शासन स्तर पर तेजी आई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर विद्युत वितरण खंड, उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन ने 0.105 हेक्टेयर वन भूमि के गैर-वानिकी उपयोग संबंधी प्रत्यावर्तन प्रस्ताव भारत सरकार को भेज दिया है। उत्तराखंड शासन के अपर सचिव ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया है, ताकि गांव में जल्द विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मनीष कुमार ने विद्युत और वन विभाग के अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

# नीट परीक्षा रद्द होना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नीट परीक्षा निरस्त होने पर विधायक मनोज तिवारी ने केंद्र सरकार और परीक्षा संचालन व्यवस्था पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के लाखों विद्यार्थियों की मेहनत, सपनों और भविष्य के साथ जिस तरह लगातार खिलवाड़ हो रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



मनोज तिवारी।

विधायक तिवारी ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का निरस्त होना केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास पर गहरी चोट है। कहा कि देशभर के छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, कोचिंग और किताबों के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, असुरक्षा और निराशा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक, परीक्षा गड़बड़ी और परीक्षा निरस्त होने की घटनाएं यह साबित करती हैं कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

**सुविधा** | डिजिटल साक्षरता और किसान कल्याण पर रहेगा जोर, पेंशनभोगियों के लिए कई नई योजनाएं संचालित

# जयनगर में एसबीआई की नई शाखा का शुभारंभ

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** व्यापारियों और किसानों की बैंकिंग जरूरतों को सुगम बनाने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने जयनगर क्षेत्र में अपनी नई शाखा का संचालन शुरू किया। अधिकारियों ने शिक्षा व विकास को प्रोत्साहन देने के साथ बैंक में लाकर सुविधा और कस्टमर सर्विस प्वाइंट जैसी सुविधाएं एक छत के नीचे का देने का आश्वासन दिया।

बुधवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजीव कुमार व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर शाखा का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि नई शाखा के खुलने से जयनगर और आसपास के ग्रामीणों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने शाखा की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्यमियों के लिए मुद्रा लोन की विशेष सुविधाएं के साथ किसानों के लिए केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) और अन्य जनकल्याणकारी ऋण योजनाएं और लॉकर सुविधा और कस्टमर सर्विस प्वाइंट ( सीएसपी) जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। बैक प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि बैंक द्वारा समय-समय पर इस डिजिटल साक्षरता कैंप आयोजित किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके सिखाए जाएंगे और तकनीक के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदीप सिंह विर्क ने कहा नई शाखा खुलने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों और किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर जयनगर ग्राम प्रधान नवजीत कौर, निरुपम शर्मा, नरेंद्र ऊके, धीरज कुमार, सोनी मेहरा, ज्योति कुमारी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के जयनगर में एसबीआई की नई शाखा का शुभारंभ करते बैंक अधिकारी।

### जिला खान अधिकारी को कोर्ट ने किया तलब

**बागेश्वर** : जिला सत्र न्यायाधीश पंकज तोमर की अदालत ने खड़िया खनन क्षेत्र में अनधिकृत तरीके से घुसने, डराने-धमकाने और पद के दुरुपयोग के आरोपों के मामले में जिला खान अधिकारी को न्यायालय में तलब किया है।

भैरूचौबट्टा निवासी खनन पट्टा धारक नवीन कुमार ने आरोप लगाया था कि जिला खान अधिकारी ने खनन क्षेत्र में पहुंचकर कार्य रुकवाने का प्रयास किया और वहां कार्यरत मजदूरों को डराया-धमकाया। इस संबंध में सीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया गया था, लेकिन अदालत ने यह कहते हुए मामला खारिज कर दिया था कि संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में लंबित है। इसके बाद नवीन कुमार के अधिवक्ता ने फैसले को जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में चुनौती दी।

# एनआईसीयू मशीन का लोकार्पण

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार** : नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने एनआईसीयू मशीन एवं विशेष कक्ष का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

विधायक ने कहा कि पूर्व में भी अस्पताल में कई जीवन रक्षक मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं और अब नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार के लिए एनआईसीयू मशीन की सुविधा शुरू की गई है। इससे गंभीर अवस्था वाले शिशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा और मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में सीएमओ पांगती, सीएमएस वर्मा, डॉ. डीएस नेगी, डॉ. अशोक टम्टा, डॉ. मोनिका सिवाली, डॉ. कमल किशोर, चीफ फार्मासिस्ट गिरधर बिष्ट रहे।



रानीखेत में एनआईसीयू लोकार्पण पर विधायक नैनवाल का स्वागत करते भाजपाई।



प्रेम ही आपके और हर चीज के बीच का पुल है।
–रूमी, सूफी

## परीक्षा एजेंसी पर प्रश्न

नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का रद्द होना अक्षम्य प्रशासनिक त्रुटि और देश की सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था पर गहरा धब्बा है। जिस परीक्षा के आधार पर भविष्य के चिकित्सा छात्र चुने जाने हों, उसके प्रश्नपत्र व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों में पांच-पांच हजार रुपये में बिकते पाए जाएं, तो यह भ्रष्टाचार प्रतिभा और परिश्रम के साथ राष्ट्रीय विश्वासघात है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक अब अपवाद नहीं, एक 'समानांतर उद्योग' बन चुका है। बार-बार यही कहानी दोहराया जाना केवल तकनीकी सुरक्षा की नहीं, बल्कि संगठित अपराध, प्रशासनिक मिलीभगत और कमजोर जवाबदेही की भी है। हर बार जांच समिति, नई गाइडलाइन, 'कड़ी कार्रवाई' के दावे, लेकिन फिर वही विफलता। प्रश्न यह है कि दुनिया के अनेक देश करोड़ों परीक्षार्थियों की परीक्षाएं अपेक्षाकृत सुरक्षित ढंग से करा सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं? एनटीए की भूमिका सवालों के घेरे में है।

संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2014 के बाद, इसके द्वारा कराई गई अनेक परीक्षाएं विवादों और भीषण अनियमितताओं का शिकार हुईं। परिणामों में देरी, तकनीकी खामियां, पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की कमजोरियां लगातार सामने आती रहीं। इसके बावजूद कोई संस्थागत जवाबदेही तय नहीं हुई और छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर पड़ता गया। इसका बड़ा बोझ ईमानदार छात्रों पर पड़ता है, जिन्होंने वर्षों मेहनत की, कोचिंग पर लाखों रुपये खर्च किए, मानसिक दबाव झेला, उनका भविष्य कुछ अपराधियों और भ्रष्ट नेटवर्क के कारण अनिश्चित हो जाता है। अब दोबारा परीक्षा होगी तो लाखों छात्रों का यात्रा, आवास और तैयारी का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। उनकी मानसिक लय टूटेगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होगा। दोबारा परीक्षा कराने का लगभग 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का भार कौन उठाएगा? अंततः यह करदाताओं के पैसे से ही आएगा। यह संकट शिक्षा की नैतिकता पर भी प्रश्न खड़ा करता है। यदि सफलता परिश्रम और प्रतिभा से नहीं, पैसे और पहुंच से खरीदे गए प्रश्नपत्र से तय होगी, तो फिर परीक्षा का क्या अर्थ? चिकित्सा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह बहुत खतरनाक है। सरकार ने सीबीआई जांच और दस दिन में नए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा करके संदेश दिया है कि वह परीक्षा की शुचिता पर समझौता नहीं करेगी, लेकिन मात्र जांच पर्याप्त नहीं। देश में ऐसे मामलों में दोष सिद्धि की दर अत्यंत कम है। अधिकांश आरोपी सुदीर्घ कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाते रहते हैं। समाधान केवल परीक्षा रद्द करने में नहीं, पूरी संरचना बदलने में है। सरकार को सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम को कठोरता से लागू करना होगा। डिजिटल एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र प्रणाली, एआई आधारित निगरानी, सीमित समय में सुरक्षित डाउनलोड, स्थानीय प्रिंटिंग नियंत्रण और परीक्षा केंद्रों का स्वतंत्र ऑडिट अनिवार्य करना चाहिए।

दक्षिण कोरिया, चीन और सिंगापुर जैसे देश में परीक्षा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा जितनी गंभीरता से लेते हैं, भारत को भी यही दृष्टिकोण अपनाना होगा। सार्वजनिक परीक्षाओं की विश्वसनीयता केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का आधार है।

### प्रसंगवश

## संगठित बनता जा रहा मिलावट का कारोबार

हाल ही में हैदराबाद में नकली चाय का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी अधिक मुनाफा कमाने के लिए कृत्रिम खाद्य रंग, गुड़ का शरबत और एक्सपायरी डेट के चाय पाउडर की मिलावट कर रहे थे। इसी तरह मध्य प्रदेश में डेयरी प्रोडक्ट्स में मिलावट का बड़ा केस सामने आया है। ईडी की जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे और फर्जी रिपोर्ट भी तैयार की जाती थी, ताकि एक्सपोर्ट किया जा सके।

वहीं घोटाले से होने वाली कमाई को अलग-अलग खातों के जरिए घुमाया जाता था। ईडी ने इस मामले में एक कंपनी के पूर्व सीईओ को भी गिरफ्तार किया है। इसी तरह दिल्ली में नकली टूथपेस्ट और दवाइयां बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। असल में देश भर में नकली दूध, मिलावटी पनीर, एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट, नकली सॉस, नकली मावा आदि के मामले रोज पकड़े जा रहे हैं।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में शीतल पेय और बिस्कुट जैसे रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पादों की कथित तौर पर समाप्ति तिथि के बाद खुले बाजार में बिक्री, समाप्त हो चुके सामानों की दोबारा पैकेजिंग और मिलावटी वस्तुओं के प्रचलन के साथ ही नकली टूथपेस्ट बनाने वाली गिरोह पकड़ी गई है। यह इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इस तरह की अनुचित और अवैध गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं।

एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, हर तीन में से एक दूध का सैंपल फेल हो रहा है। साल 2025 में दूध के 38 फीसदी नमूने मिलावटी पाए गए। पानी, डिटर्जेंट, यूरिया और खतरनाक केमिकल्स मिलाकर सेहत के नाम पर जहर बेचा जा रहा है। उत्तर भारत में 47 प्रतिशत तक सैंपल फेल हुए। वहीं दक्षिण में 18 फीसदी, पश्चिम में 23 प्रतिशत और पूर्व में 13 फीसदी दूध के नमूने फेल पाए गए। सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को दूध के नाम पर धीमा जहर पिलाने के लिए मजबूर हैं? वहीं देश में जांच के लिए लैब की संख्या क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है?

मिलावटी उत्पादों की जांच करने वाली संस्था भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का कहना है कि पनीर और शीतल पेय से लेकर डेयरी उत्पाद, टूथपेस्ट और यहां तक कि अदरक-लहसुन पेस्ट तक घरेलू खपत का एक बड़ा हिस्सा बनाने वाली अधिकतर कंपनियों के कई मुख्य खाद्य पदार्थ उतने स्वच्छ नहीं हो सकते, जितने वे दिखाए जाते हैं।

साल 2026 के केवल चार महीनों में देश भर में की गई कई प्रवर्तन कार्रवाइयों ने व्यापक मिलावट बाजार की भयावह वास्तविकता को उजागर किया है। छोटे, अवैध कारखानों में नकली उत्पादों का निर्माण हो रहा है, जो जन स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे अवैध धंधे पर हाल ही में हुई छापेमारी और कार्रवाई की पड़ताल से पता चलता है कि मिलावट किस हद तक एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक उद्यम में तब्दील हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्यसभा को दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1,55,306 नमूनों का विश्लेषण किया गया है, जिनमें से कुल 27,567 नमूने अप्रमाणित पाए गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## अपील तभी प्रभावी जब सत्ता स्वयं उदाहरण बने





जयदेव राठी
अधिवक्ता

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने जैसी अपील की है। अपील को जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारों ने स्वयं पर भी इसे लागू किया है।

देश इस समय वैशिक अस्थिरता, बढ़ती ऊर्जा कीमतों और विदेशी निर्भरता जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने तथा सादगी अपनाने की अपील केवल एक सामान्य सरकारी संदेश नहीं है, बल्कि यह आने वाले समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने की अपील भी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अपील को केवल जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारें स्वयं पर भी लागू करती दिखाई दे रही हैं। इसी क्रम में योगी आदित्यनाथ की पहल विशेष रूप से उल्लेखनीय बन जाती है।

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या, प्रशासनिक ढांचे और राजनीतिक प्रभाव- तीनों दृष्टियों से इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे राज्य में यदि मुख्यमंत्री स्वयं मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती का निर्णय लेते हैं, सरकारी बैठकों को ऑनलाइन करने की बात करते हैं, सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा 'नो व्हिकल डे' जैसी अवधारणा सामने रखते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं रह जाता, बल्कि शासन की मानसिकता का संकेत बन जाता है।

भारत में सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि त्याग और संयम का उपदेश अक्सर केवल आम जनता के हिस्से आया, जबकि सत्ता वर्ग स्वयं वैभव और सरकारी संसाधनों के प्रदर्शन में लगा रहा। जनता से ईंधन बचाने की अपील की जाए और दूसरी ओर सैकड़ों गाड़ियों के काफिले सड़कों पर दौड़ते रहें, तो संदेश की विश्वसनीयता कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि योगी सरकार का यह कदम राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। इससे कम से कम यह संकेत गया है कि सरकार जनता से जो कह रही है, उसे स्वयं पर भी लागू करने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं भी अपने काफिले का आकार घटाने तथा सरकारी विभागों में खर्च कम करने के निर्देश दिए हैं। खबरों के अनुसार उनके काफिले में वाहनों की संख्या में कमी की गई है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में भी पहल हुई है। यह कदम प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन राजनीति में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जब शीर्ष नेतृत्व सादगी का संकेत देता है, तब प्रशासनिक तंत्र पर भी उसका प्रभाव पड़ता है।

आज दुनिया जिस आर्थिक और भू-राजनीतिक परिस्थिति से गुजर रही है, उसमें ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ने का असर सीधे तेल की कीमतों पर पड़ता है और भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर इसका भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। पेट्रोलियम आयात पर बढ़ता खर्च न केवल आम आदमी की जेब प्रभावित करता है, बल्कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव डालता है। इसी तरह सोने की अत्यधिक खरीद भी विदेशी मुद्रा पर असर डालती है। इतिहास गवाह है कि पहले की सरकारों में भी कठिन दौर में देश को सोने और विदेशी मुद्रा संकट से जूझना पड़ा था।

ऐसे समय में यदि सरकार जनता से संयम की अपील कर रही है, तो उसका उद्देश्य केवल बचत नहीं, बल्कि आर्थिक अनुशासन भी है, लेकिन यह अनुशासन तभी सफल होगा, जब यह समाज के हर वर्ग पर समान रूप से लागू हो। नेता, मंत्री, विधायक, बड़े अधिकारी और सरकारी संस्थान यदि पहले उदाहरण प्रस्तुत करें, तभी जनता इसे गंभीरता से लेगी।

योगी आदित्यनाथ की पहल का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने इसे केवल सरकारी खर्च कटौती तक सीमित नहीं रखा। वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, ये सभी आधुनिक प्रशासनिक सोच के संकेत हैं। कोविड काल के दौरान देश ने देखा था कि डिजिटल माध्यमों से भी प्रशासन और कार्य व्यवस्था को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है। उस अनुभव को अब ऊर्जा बचत और संसाधन प्रबंधन से जोड़ना एक व्यावहारिक कदम माना जा सकता है।

इस पूरे विषय का एक दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विपक्ष यह सवाल उठा रहा है कि क्या केवल जनता से अपील करना पर्याप्त है? क्या सरकारें महंगाई, ईंधन करों और आर्थिक दबावों को कम करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाएंगी? मायावती ने भी कहा कि यह केवल 'संयम' का नहीं, बल्कि आम जनता के लिए 'संकट' का विषय है। यह सवाल अपनी जगह महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश का मध्यमवर्ग और गरीब वर्ग पहले से ही महंगाई के दबाव से जूझ रहा है।

सरकारों को केवल नैतिक अपीलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें सरकारी फिजूलखर्ची पर वास्तविक नियंत्रण, अनावश्यक सरकारी यात्राओं में कमी, वीआईपी संस्कृति पर अंकुश और सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी उपयोग की दिशा में ठोस नीति बनानी होगी। यदि मंत्री और अधिकारी सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, सरकारी बैठकों को अधिकतम डिजिटल बनाया जाए और सरकारी वाहनों के उपयोग का ऑडिट हो, तो इससे जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि उत्तर प्रदेश के बाद अन्य राज्यों में भी इसी तरह की पहल दिखाई देने लगी है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में भी काफिलों की संख्या कम करने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और सरकारी खर्च घटाने जैसे कदमों की चर्चा सामने आई है। यदि यह अभियान राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नीति का स्वरूप लेता है, तो इसका दूरगामी प्रभाव हो सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में नेतृत्व केवल भाषणों से स्थापित नहीं होता, बल्कि आचरण से स्थापित होता है। जनता हर बात को देखती और समझती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बिहार के झाड़-फूंक वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी कह रहे हैं कि बीजेपी सरकार में लड़कियों को शिक्षा की जरूरत क्या है, क्यों है? मोदी जी नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं और बिहार के शिक्षा मंत्री कह रहे हैं, लड़कियों को स्कूल जाने के बजाय घर में ही रहना चाहिए।

–तेजस्वी यादव
नेता प्रतिपक्ष, बिहार

'एजुकेशन' का मतलब शिक्षा होता है और 'एजिटेशन' का मतलब आंदोलन होता है। चूंकि तेजस्वी जी ने कभी ढंग से शिक्षा ली नहीं और कभी कोई आंदोलन किया नहीं, इसलिए उन्हें दोनों शब्द एक ही जैसे लगते हैं। तेजस्वी यादव को अभी और ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।

–मिथिलेश तिवारी
शिक्षा मंत्री, बिहार



## अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां विस्तार कर रही हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं।

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवन शक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है, तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है।

मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है।

बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती, तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षरत देशों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर, मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा।

विनाश के बढ़ते साये में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ सकते हैं। समाधान केवल नई तकनीकों से नहीं निकलेगा, जब तक नीतियों और सामाजिक सोच में बदलाव नहीं आता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## बंद होते सरकारी स्कूल

सरकारी स्कूल बंद क्यों हो रहे हैं? क्या सचमुच गांवों में बच्चे कम हो गए हैं या फिर शिक्षा को देखने का समाज और सरकार का नजरिया बदल गया है? दिलचस्प बात यह है कि जिन आर्थिक नीतियों के दौर में देशभर में हजारों सरकारी स्कूल खोले गए, उसी दौर ने धीरे-धीरे ऐसी मानसिकता भी पैदा की, जिसमें शिक्षा का मूल्य उसके मानवीय और सामाजिक महत्व से नहीं, बल्कि नौकरी और बाज़ार में उसकी उपयोगिता से तय होने लगा। इन स्कूलों की उत्पत्ति में ही उनके बंद होने के बीज भी पड़ गए थे।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

1990 के दशक में भारत में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार के लिए जो बड़े पैमाने पर स्कूल खोले गए, वह सीधे या परोक्ष रूप से विश्व बैंक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से वित्त पोषित था। उस दौर में केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और योजनाओं को विश्वबैंक सहित कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने वित्तीय और नीतिगत समर्थन दिया। सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम था District Primary Education Programme (DPEP), जो 1994 में शुरू हुआ।

इसका उद्देश्य था प्राथमिक शिक्षा का तेजी से विस्तार करना, खासकर उन जिलों में, जहां महिला साक्षरता और स्कूल नामांकन बहुत कम था। इस कार्यक्रम को भारत सरकार चला रही थी, लेकिन इसके लिए धन और तकनीकी सहायता World Bank, DFID, UNICEF, European Commission आदि से आई। इसी DPEP के तहत नए प्राथमिक विद्यालय खोले गए, स्कूल भवन बने, पैरा-टीचर रखे गए, लड़कियों और दलित-आदिवासी बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया, शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यपुस्तक सुधार हुए। बाद में यही मॉडल आगे चलकर सर्व शिक्षा अभियान का आधार बना।

1990 का दशक भारत में आर्थिक उदारीकरण का दौर था। उसी समय Education for All जैसी वैश्विक नीतियां भी आईं। विश्वबैंक और अन्य संस्थाएं विकासशील देशों में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार को बढ़ावा दे रही थीं। इस पर आलोचना भी हुई। कई शिक्षाविदों और चिंतकों ने कहा कि विश्वबैंक की नीतियों ने शिक्षा को न्यूनतम साक्षरता तक सीमित कर दिया, स्थायी शिक्षकों की जगह कम वेतन वाले पैरा-टीचर बढ़ाए गए, शिक्षा का ढांचा कम लागत वाले मॉडल की ओर गया और प्राथमिक शिक्षा पर जोर देकर उच्च शिक्षा की उपेक्षा हुई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## सिस्टम की लाचारी व पेपर लीक नेटवर्क की मनमानी

नीट 2026 परीक्षा एक कथित 'गेस पेपर' को लेकर विवादों में आ गई है और परीक्षा को रद्द कर दिया गया। यहां पर यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर हर बड़ी परीक्षा के बाद भरोसे का संकट क्यों उत्पन्न हो जाता है? लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की कठिन मेहनत, बहुत सा पैसा और धन खर्च करके तनाव और उम्मीदों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन जैसे ही पेपर लीक, गड़बड़ी या फर्जीवाड़े की खबर सामने आती है, पूरी परीक्षा व्यवस्था संदेह के घेरे में आ जाती है।

भले ही बाद में जांच एजेंसियां सच और अफवाहों के बीच अंतर स्पष्ट कर दें, लेकिन तब तक विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और व्यवस्था पर भरोसा बुरी तरह प्रभावित हो चुका होता है। आज प्रतियोगी परीक्षाएं केवल प्रतिभा की नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बनती जा रही हैं। चाहे नीट हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, एसएससी या राज्यों की अन्य छोटी-बड़ी भर्तियां- आज लगभग हर परीक्षा के बाद यही प्रश्न उठता है कि क्या मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को वास्तव में न्याय मिलेगा?



सुनील कुमार महला
लेखक

सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं रहा, बल्कि यह धीरे-धीरे एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें केवल दलाल ही नहीं, बल्कि कई बार कोचिंग नेटवर्क, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रिंटिंग सिस्टम से जुड़े लोग और अंदरूनी तंत्र तक शामिल पाए जाते हैं। करोड़ों रुपये का यह अवैध खेल युवाओं के भविष्य पर भारी पड़ रहा है। जब कोई परीक्षा रद्द होती है तो लाखों अभ्यर्थियों का समय, पैसा और मानसिक संतुलन प्रभावित होता है। गांवों से शहरों तक परीक्षा देने आने वाले गरीब परिवारों के सपने एक झटके में टूट जाते हैं। कई युवा वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली गड़बड़ियों से उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है। यही कारण है कि अब यह केवल शिक्षा व्यवस्था की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि युवाओं के भविष्य, मेहनत और देश की प्रतिभा पर सीधा आघात बन चुकी है।

एनटीए द्वारा अपनाई गई जीपीएस-ट्रैक्ड ट्रांसपोर्टेशन, एआई-असिस्टेड सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और फाइव-जी जैमर्स जैसी व्यवस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती हैं, लेकिन यदि इसके बावजूद संदेह पैदा हो रहा है तो सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ कुछ राज्यों ने भी कठोर कानून और सख्त दंड का प्रावधान किया है।

हिमाचल प्रदेश ने 'पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) बिल' पारित किया है, जिसमें पेपर लीक, नकल और सॉल्वर गैंग पर तीन से दस वर्ष तक की सजा तथा भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त कानून लाने की घोषणा की है तथा इसमें कठोर जेल, भारी जुर्माना और संपत्ति जब्ती जैसे प्रावधानों की चर्चा हुई है। उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के बाद राज्य में सख्त कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट और कठोर कानूनी कदम उठाए गए।

पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी पर रोक केवल कठोर कानूनों से ही नहीं लगेगी, बल्कि इसके लिए मजबूत तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था, सख्त दंड, जवाबदेही, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक नैतिकता का सामूहिक प्रयास भी बहुत आवश्यक है। तभी युवाओं का भरोसा कायम रहेगा और देश की वास्तविक प्रतिभा सही मायनों में आगे आ सकेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कैम्पस



# क्लासरूम में एआई

## शिक्षक का विकल्प या सहायक

कभी ब्लैकबोर्ड शिक्षा का प्रतीक था। फिर स्मार्ट बोर्ड आए, डिजिटल कंटेंट आया, ऑनलाइन क्लासेस आईं। अब शिक्षा की दुनिया एक और बड़े बदलाव के दौर में है–आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तेजी से क्लासरूम में प्रवेश कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और एडटेक प्लेटफॉर्म्स में एआई आधारित टूल्स का इस्तेमाल बढ़ रहा है। कोई इसे शिक्षा का भविष्य बता रहा है, तो कोई इसे शिक्षक की भूमिका पर संकट मान रहा है। ऐसे में सवाल केवल तकनीक का नहीं, शिक्षा की आत्मा का है–क्या एआई शिक्षक का विकल्प बन सकता है या वह केवल उसका सहायक रहेगा?



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

एआई ने शिक्षा के पारंपरिक ढांचे को चुनौती देना शुरू कर दिया है। आज ऐसे प्लेटफॉर्म मौजूद हैं, जो छात्र की सीखने की गति, उसकी कमजोरियां और उसकी रुचि के आधार पर व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री तैयार कर सकते हैं। किसी छात्र को गणित में कठिनाई है, तो एआई उसे अतिरिक्त अभ्यास देगा। किसी को विज्ञान के विजुअल कंटेंट से बेहतर समझ आती है, तो वही सामग्री सामने आएगी। यह शिक्षा को "एक जैसी पढ़ाई सबके लिए" वाले मॉडल से निकालकर व्यक्तिगत सीखने की दिशा में ले जा रहा है। यही कारण है कि एआई को शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने वाली तकनीक भी कहा जा रहा है। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां अच्छे शिक्षकों की कमी है, वहां एआई आधारित डिजिटल ट्यूटर गुणवत्तापूर्ण सहायता दे सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र चौबीसों घंटे डाउट सॉल्विंग और प्रैक्टिस मॉड्यूल पा सकते हैं। शिक्षकों के लिए भी यह तकनीक राहत ला सकती है-कॉपी जांचना, रिपोर्ट बनाना, टेस्ट एनालिसिस करना और कमजोर छात्रों की पहचान जैसे कार्य अब मशीनें कर सकती हैं। यहीं से बहस शुरू होती है। क्या शिक्षा केवल सूचना का आदान-प्रदान है? यदि हां, तो मशीनें इसे मनुष्यों से अधिक कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन यदि शिक्षा का अर्थ सोचने की क्षमता विकसित करना, जिज्ञासा जगाना, नैतिकता सिखाना, आत्मविश्वास भरना और जीवन की दिशा देना है, तो फिर शिक्षक की भूमिका मशीन से कहीं आगे है। शिक्षक केवल पाठ नहीं पढ़ाता, वह व्यक्तित्व गढ़ता है। वह छात्र की आंखों में छिपी उलझन पढ़ता है, उसके आत्मविश्वास में आई कमी महसूस करता है, असफलता के बाद उसे संभालता है और कभी-कभी उसके जीवन का सबसे बड़ा प्रेरक बन जाता है। एआई डेटा पढ़ सकता है, भावनाएं नहीं। वह उत्तर दे सकता है, लेकिन जीवन की दिशा नहीं दे सकता।

### शैक्षणिक ईमानदारी का संकट

एआई के बढ़ते उपयोग के साथ दूसरी बड़ी चिंता सीखने की प्रक्रिया को लेकर है। यदि छात्र हर प्रश्न का उत्तर मशीन से तुरंत पाने लगेंगे, तो क्या उनकी स्वयं सोचने और संघर्ष करने की क्षमता घटेगी? शिक्षा केवल सही उत्तर पाने की कला नहीं, बल्कि सही उत्तर तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा है। कठिन प्रश्नों से जूझना, गलती करना, फिर समझना–यही वास्तविक सीखना है। यदि एआई हर समस्या का तत्काल समाधान देगा, तो यह प्रक्रिया कमजोर पड़ सकती है। शैक्षणिक ईमानदारी का संकट भी सामने है। दुनियाभर के शिक्षण संस्थान इस चुनौती से जूझ रहे हैं कि छात्र असाइनमेंट, निबंध, प्रोजेक्ट और यहां तक कि शोध कार्य तक एआई से तैयार करा रहे हैं। इससे मूल्यांकन की पारंपरिक पद्धति अप्रासंगिक होती जा रही है। आने वाले वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को "याद करके लिखने" वाले मॉडल से हटकर "सोचकर प्रस्तुत करने" वाले मॉडल की ओर जाना ही होगा।

### भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न

भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न और जटिल है। देश में लाखों छात्र अब भी बुनियादी डिजिटल संसाधनों से वंचित हैं। ऐसे में एआई आधारित शिक्षा यदि बिना तैयारी के लागू होती है, तो यह नई डिजिटल असमानता पैदा कर सकती है, जहां एक वर्ग "स्मार्ट लर्निंग" पाएगा और दूसरा अभी भी पारंपरिक कमजोर ढांचे में फंसा रहेगा। यानी एआई अवसर भी है और असमानता का जोखिम भी। एक और गंभीर चिंता है डेटा गोपनीयता की। एआई आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों का शैक्षणिक व्यवहार, प्रदर्शन, आदतें और मानसिक पैटर्न तक रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह डेटा भविष्य में कैसे इस्तेमाल होगा? क्या यह केवल सीखने के लिए होगा या व्यावसायिक लाभ का साधन भी बनेगा? शिक्षा क्षेत्र में डेटा का यह केंद्रीकरण नीति-निर्माताओं के लिए नया प्रश्न है।




### शिक्षा व्यवस्था के लिए निर्णायक मोड़

तमाम आशंकाओं के बीच एक बात स्पष्ट है कि एआई को रोका नहीं जा सकता। जैसे इंटरनेट और स्मार्टफोन शिक्षा का हिस्सा बने, वैसे ही एआई भी बनेगा। असली प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा व्यवस्था इस बदलाव के लिए तैयार है? भविष्य संभवतः "एआई बनाम शिक्षक" का नहीं, बल्कि "एआई + शिक्षक" का होगा। मशीनें दोहराव वाले, विश्लेषणात्मक और डेटा-आधारित कार्य संभालेंगी, शिक्षक रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, संवाद, मूल्य और प्रेरणा पर ध्यान देंगे। यानी शिक्षक की भूमिका समाप्त नहीं होगी-वह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी, पर उसका स्वरूप बदल जाएगा। कल का सफल शिक्षक वह होगा जो केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि तकनीक के साथ पढ़ाना जानता हो। जो एआई का उपयोग छात्रों की कमजोरी पहचानने, कंटेंट अनुकूलित करने और कक्षा को अधिक प्रभावी बनाने में कर सके और जो यह समझे कि तकनीक सहायक है, शिक्षक का प्रतिस्थापन नहीं।

शिक्षा व्यवस्था के लिए यह एक निर्णायक मोड़ है। यदि एआई को बिना नीति, प्रशिक्षण और नैतिक ढांचे के अपनाया गया, तो यह शिक्षा को सतही, निर्जीव और असमान बना सकता है, लेकिन यदि इसे समझदारी से शिक्षक-केंद्रित मॉडल में जोड़ा गया, तो यह सीखने को अधिक व्यक्तिगत, प्रभावी और समावेशी बना सकता है। अंत में कह सकते हैं कि क्योंकि ज्ञान मशीन दे सकती है, लेकिन सीखने की प्रेरणा अब भी इंसान ही देता है। बेशक, एआई क्लासरूम में आया है और रहेगा, पर वह शिक्षक की कुर्सी पर नहीं, वह शिक्षक के बगल में बैठेगा।

## वर्ड स्मिथ

### Examination शब्द की उत्पत्ति

'Examination' शब्द आज पढ़ाई, परीक्षा और जांच के अर्थ में पूरी दुनिया में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी जड़ें हजारों साल पुरानी लैटिन भाषा में छिपी हैं। यह शब्द लैटिन के 'Examinare' से बना है। पुराने समय में 'Examen' का अर्थ होता था तराजू की सूई या संतुलन जांचने वाला उपकरण। जब किसी वस्तु का सही वजन पता करना होता था, तो उसे तराजू पर तौला जाता था। इसी प्रक्रिया को 'Examinare' कहा जाने लगा यानी किसी चीज को ध्यान से परखना या जांचना। मध्यकालीन यूरोप में जब विद्यालयों और विश्वविद्यालयों का विकास हुआ, तब छात्रों की योग्यता जांचने की प्रक्रिया को 'Examination' कहा जाने लगा। अंग्रेजी भाषा में यह शब्द लगभग 14वीं शताब्दी के आसपास प्रचलित हुआ। धीरे-धीरे इसका अर्थ किसी व्यक्ति के ज्ञान, क्षमता, स्वास्थ्य या तथ्यों की जांच से जुड़ गया। आज स्कूल की परीक्षा से आदि में 'Examination' शब्द का उपयोग होता है।



## नोटिस बोर्ड

### 15 मई से होंगी परीक्षाएं




महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कैंपस में संचालित बीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएमएस, बीएमएम, बीटेक, एमटेक-पीएचडी, बीफार्मा, एमफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, बीएड, एमएड, एलएलएम समेत विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं 15 मई से शुरू होंगी। रुवि द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एमए अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, एमएसडब्ल्यू तथा बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं भी इसी दिन से आयोजित की जाएंगी।

# सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग

## टेक्नोलॉजी की दुनिया का नया भविष्य



डॉ. अनुराग तिवारी
असिस्टेंट डायरेक्टर
बीबीडी आईटीएम, लखनऊ



आज के दौर में ज्यादातर छात्र कंप्यूटर साइंस को सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय करियर विकल्प मानते हैं, लेकिन टेक्नोलॉजी की दुनिया अब केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं रही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक व्हिकल और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल ने सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग को तेजी से उभरता हुआ करियर बना दिया है। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए शानदार अवसर लेकर आ सकता है।

### क्या है सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग वह क्षेत्र है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक चिप्स और माइक्रोप्रोसेसर को डिजाइन करने, विकसित करने और टेस्ट करने की तकनीक सिखाई जाती है। आज मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, कार, मेडिकल उपकरण और यहां तक कि घरेलू मशीनों में भी सेमीकंडक्टर चिप्स का उपयोग होता है। आसान शब्दों में कहें तो हर स्मार्ट डिवाइस की "ब्रेन" यही चिप्स होती हैं। इन्हें तैयार करने और बेहतर बनाने का काम सेमीकंडक्टर इंजीनियर करते हैं।



### क्यों बढ़ रही है इस फील्ड में मांग

कोरोना काल के दौरान दुनियाभर में चिप्स की कमी देखने को मिली थी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री आधुनिक तकनीक की रीढ़ है। यही कारण है कि अब कई देश इस सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। भारत सरकार भी "इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन" के जरिए देश में चिप निर्माण को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा Intel, TSMC और Qualcomm जैसी बड़ी कंपनियां लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।



### क्या पढ़ाया जाता है बीटेक सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग में

इस कोर्स में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप डिजाइन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाती है। मुख्य विषयों में शामिल हैं– VLSI Design

Embedded Systems

Microelectronics

Chip Fabrication

Circuit Design

इन विषयों के माध्यम से छात्र चिप निर्माण और हार्डवेयर टेक्नोलॉजी की गहराई को समझते हैं।

### करियर और सैलरी की संभावनाएं

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग करने के बाद छात्र चिप डिजाइन इंजीनियर, VLSI इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, रिसर्च साइंटिस्ट और मैन्युफैक्चरिंग एक्सपर्ट जैसे पदों पर काम कर सकते हैं। शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में सालाना 6 से 12 लाख रुपये तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ सैलरी 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकती है। विदेशों में भी इस फील्ड की मांग काफी अधिक है, जिससे ग्लोबल करियर के अवसर भी मजबूत बनते हैं।

## करेंट अफेयर्स

- भारत का पहला पूरी तरह डिजिटल बैंकिंग अपनाने वाला राज्य केरल (Kerala) माना जाता है। केरल ने डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सिस्टम को गांव-गांव तक पहुंचाकर पूरे देश में एक नई मिसाल पेश की। राज्य सरकार, बैंकों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से केरल ने यह सुनिश्चित किया कि लगभग हर नागरिक बैंकिंग सेवाओं से डिजिटल रूप से जुड़ सके।
- दुनिया एक बार फिर इतिहास बनते देखने जा रही है। NASA का Artemis II मिशन इंसानों को 50 साल बाद चांद की कक्षा में भेजने वाला है। यह मिशन Apollo program के बाद पहला crewed lunar mission होगा, जिससे अंतरिक्ष अनुसंधान में एक नई शुरुआत मानी जा रही है। Artemis II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लौटेंगे। यह मिशन भविष्य के Artemis III मिशन के लिए रास्ता तैयार करेगा, जिसमें इंसानों को चांद की सतह पर उतारने की योजना है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने घोषणा की है कि वह अगले महीने से पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) से बाहर हो जाएगा। इस कदम के साथ ही UAE की लगभग छह दशकों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से वैश्विक तेल बाजारों का स्वरूप बदल सकता है और OPEC का प्रभाव कमजोर पड़ सकता है। खास बात यह है कि UAE कई दशकों से OPEC का सदस्य रहा है। सबसे पहले 1967 में अबू धाबी के माध्यम से यह संगठन से जुड़ा था और बाद में 1971 में देश बनने के बाद UAE पूर्ण सदस्य बना।
- भारत में वन्यजीवों की समृद्ध विरासत के बीच एशियाई हाथी एक महत्वपूर्ण प्रजाति है। ऐसे में अक्सर यह प्रश्न उठता है कि भारत में सबसे अधिक हाथी किस राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाते हैं। इस सवाल का उत्तर–दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान है, जो हाथियों की बड़ी आबादी के लिए प्रसिद्ध है। यह राष्ट्रीय उद्यान न केवल हाथियों की अधिक संख्या के लिए जाना जाता है, बल्कि यह जैव विविधता का भी प्रमुख केंद्र है। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नीलगिरि संरक्षित जैवमंडल या नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है, जो भारत का सबसे बड़ा हाथी आवास क्षेत्र माना जाता है।
- हाल ही में भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। भारतीय वेटलिफ्टरों ने अलग-अलग कैटेगरी में चार गोल्ड मेडल जीते हैं। यूनिवर्सल कप (सीनियर) इवेंट के साथ-साथ मुकाबला करते हुए, भारत के युवा एथलीटों ने अपनी ताकत, सटीकता और निरंतरता का प्रदर्शन किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में देश के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पद–अपरेंटिस (अपरेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत)
- कुल पद–1865
- स्टाइपेंड– 15,000 रुपये (ग्रामीण/अर्ध–शहरी)। 18,000 रुपये (शहरी), 20,000 रुपये (मेट्रो) प्रति माह
- प्रशिक्षण की अवधि– एक वर्ष
- आवेदन का तरीका– केवल ऑनलाइन (BFSI SSC पोर्टल के माध्यम से)
- चयन का तरीका–ऑनलाइन परीक्षा + स्थानीय भाषा दक्षता परीक्षा
- वेबसाइट– www.unionbankofindia.co.in

### नवोदय विद्यालय समिति (NVS) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ

- पद–PGT, TGT, लाइब्रेरियन और स्टाफ नर्स (संविदा आधारित)
- नौकरी का स्थान–उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
- कुल पद–217
- आवेदन की अंतिम तिथि–18 मई 2026
- वेबसाइट– www.nvsrolko.org

### संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)

- पद–विभिन्न ग्रुप 'A' और ग्रुप 'B' राजपत्रित पद
- कुल पद– आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध
- चयन प्रक्रिया– शॉर्टलिस्टिंग (योग्यता/अनुभव/भर्ती परीक्षा के आधार पर) + साक्षात्कार
- वेबसाइट–www.upsc.gov.in और https://upsconline.nic.in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद–कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) – खेल कोटा के अंतर्गत
- कुल पद–404 पद
- चयन प्रक्रिया– दस्तावेज सत्यापन + खेल उपलब्धि सत्यापन + PST + फील्ड ट्रायल/कौशल परीक्षण
- वेबसाइट–www.recruitment.ssb.gov.in और https://www.ssb.gov.in

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1970, फ़ॉर्चून कि. 2675, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13kg 2350, जय जवान 2140, सचिन 2350, सूरज 2140, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2345, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2450, स्वास्तिक 2550
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारिकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम : सोना** पक्के आभूषण 158500, सोना गिन्नी 154500,
**चांदी** पक्की 2750 **अनुमानित**

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :-** शरबती- 6400-7800 बासमती- 10200-12800 परमल- 2200-3400
**दाल दलहन :-** काला चना- 5000-6600 साबुत चना दाल- 6000 मूंग साबुत- 10400 राजमा- 11000-12600 दाल उड़द- 9000-11200 साबुत मसूर दाल- 7000-7800 मसूर दाल- 9000 10400 उड़द साबुत- 10200 काबुली चना- 10000-10500अरहर दाल- 9400 -11000 लोबिया/करमानी- 1600-2400

## बिजनेस ब्रीफ

### एम्स्टर्डम नहीं, भारत में होगा क्रेडाई का सम्मेलन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने बुधवार को अपने वार्षिक सम्मेलन का आयोजन स्थल एम्स्टर्डम से भारत स्थानांतरित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने के आह्वान के बाद सम्मेलन स्थल में बदलाव किया है।

# प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से सर्राफा कारोबार धड़ाम

## आभूषण कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट, निर्यातकों से लेकर खुदरा बाजार में तीखी प्रतिक्रिया, कारोबारी बोले-व्यापार पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने पर आयात शुल्क बढ़ने के कारण मांग घटने की आशंका के बीच बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में आभूषण कंपनियों के शेयर पर बिकवाली का दबाव बना रहा।

बीएसई पर स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स का शेयर 11.11 प्रतिशत, कल्याण ज्वेलर्स का शेयर छह प्रतिशत, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का 4.30 प्रतिशत, पीसी ज्वेलर का 3.65 प्रतिशत, त्रिभोवंदास भीमजी जवेरी का 1.74 प्रतिशत और टाइटन कंपनी का शेयर 1.64% टूटा। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 15% कर दिया। प्लैटिनम पर कर 6.4% से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 13 मई से सामाजिक कल्याण अधिभार और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री के विदेशी मुद्रा बचाने को सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने के आह्वान के बाद यह अधिसूचना जारी हुई है।

### गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना है मकसद

सरकार के सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15% करने का उद्देश्य गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना और विदेशी मुद्रा के उपयोग को कच्चे तेल, उर्वरकों, औद्योगिक कच्चे माल तथा पूंजीगत वस्तुओं जैसे आवश्यक आयातों के लिए प्राथमिकता देना है जो सीधे आर्थिक गतिविधि एवं खाद्य सुरक्षा को समर्थन देते हैं।



### दुबई से सोने का आयात बढ़ेगा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि सोने पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने से दुबई के रास्ते सोने और चांदी का आयात बढ़ सकता है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत यूएई से आने वाले सोने पर सामान्य एमएफएन दर से एक प्रतिशत कम शुल्क लगता है। ऐसे में नया प्रभावी शुल्क 14 प्रतिशत रहेगा, जिससे दुबई वैश्विक सर्राफा व्यापार का प्रमुख मार्ग बन सकता है। भारत ने शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) प्रणाली के तहत दुबई से सोने के आयात को सामान्य सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) दर से एक प्रतिशत कम शुल्क पर अनुमति दी थी। यह कोटा 2022 में 120 टन वार्षिक से शुरू हुआ था और 2027 तक बढ़कर 200 टन होने वाला है, जो भारत के कुल वार्षिक सोना आयात का लगभग एक-चौथाई है।

### आभूषणों के दाम बढ़ने से कम कैरेट के गहनों को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के सोने-चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने और पांच प्रतिशत कृषि उपकर लगाने पर उद्योग जगत ने प्रतिक्रिया दी है। उद्योग जगत का कहना है कि यह कम कैरेट के सोने के गहनों को बढ़ावा देने का अवसर है। इससे सोने की खपत भी कम होगी और गहनों के ज्यादा बेहतर डिजाइन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही उसने लोगों से घरों में पड़े पुराने गहनों के पुनर्चक्रण की भी अपील की है।

जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर और उद्यमी हेतल वकील वालिया का कहना है कि आयात शुल्क में इस वृद्धि के बाद सोने की कीमतों के साथ ही आभूषणों की खुदरा कीमतों में लगभग छह से आठ प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। इससे आने वाली तिमाहियों में कुल मांग में 10-15 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। उपभोक्ता धीरे-धीरे हल्के वजन वाले आभूषण, कम कैरेट वाले उत्पाद, चांदी के आभूषण और एक्सचेंज आधारित खरीदारी की ओर रुख कर सकते हैं।

श्रीमती वालिया ने बताया कि रिटेलर्स और चेन शोरूम मालिकों पर इन्वेंट्री बदलने की लागत का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और उनका मुनाफा प्रभावित होगा। यदि मांग कमजोर बनी रहती है, तो इसका प्रभाव कारीगरों, सुनारों और ज्वेलरी डिजाइनरों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि ऑर्डर की मात्रा और कॉन्ट्रैक्ट वर्क में कमी आ सकती है, विशेष रूप से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में।

### बढ़ सकती है तस्करी: जीजेसी

**मुंबई, एजेंसी।** सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आभूषण उद्योग के सामने नई चुनौतियां आएंगी और इससे तस्करी को बढ़ावा मिल सकता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, प्रधानमंत्री के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे तस्करी बढ़ेगी...। शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है। इस बीच, आभूषण खुदरा कंपनी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट बने रहने तक आयात शुल्क अधिक रहेगा।

# सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि

## आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण बढ़ाने को एमएसपी में की गयी अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने बुधवार को खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। साथ ही सरकार ने दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी का फैसला किया। आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इन फसलों के एमएसपी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में बुवाई शुरू होने से पहले 14 खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी गई। खरीफ फसलों की बुवाई आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। इस फैसले के तहत, खरीफ सत्र के धान की सामान्य और ए-ग्रेड किस्मों का एमएसपी क्रमशः 2,441 रुपये और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।



नई दिल्ली में बुधवार को कैबिनेट निर्णयों पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव। ● एजेंसी

- दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी
- वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान

कपास के एमएसपी में भी सरकार ने अच्छी बढ़ोतरी की है। मध्यम लंबाई के रेशों वाली मीडियम स्टेपल कपास का एमएसपी 557 रुपये बढ़ाकर 8,267 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि लंबे और बेहतर गुणवत्ता वाले रेशों वाली लॉन्ग स्टेपल कपास का एमएसपी 8,667 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह सभी फसलों में दूसरी सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

सर्वाधिक मूल्य वृद्धि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में 622 रुपये प्रति क्विंटल की हुई है, जिससे इसका एमएसपी बढ़कर 8,343 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इसके अलावा रामतिल (नाइजरसीड) का एमएसपी 515 रुपये बढ़ाकर 10,052 रुपये और तिल का 500 रुपये बढ़ाकर 10,346 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अन्य तिलहनों में सोयाबीन (पीला) का एमएसपी 380 रुपये बढ़ाकर 5,708 रुपये और मूंगफली का 254 रुपये बढ़ाकर 7,517 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अनुमान के मुताबिक, मूंग पर सबसे अधिक 61 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा जिसके बाद बाजरा एवं मक्का (56-56%) और अरहर (54%) का स्थान है। बाकी फसलों के लिए यह मार्जिन 50 प्रतिशत रखा गया है। सरकार ने किसानों को कुल भुगतान 2.60 लाख करोड़ रुपये रहने और वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान जताया है।

### दालों और अन्य मोटे अनाज का एमएसपी भी बढ़ा

दलहनों में अरहर (तूर) का एमएसपी 450 रुपये बढ़ाकर 8,450 रुपये, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 8,200 रुपये और मूंग का मामूली 12 रुपये बढ़ाकर 8,780 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। अनाज की अन्य फसलों में ज्वार (हाइब्रिड) का एमएसपी 324 रुपये बढ़ाकर 4,023 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि बेहतर गुणवत्ता वाली मालदांडी किस्म का एमएसपी 4,073 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। बाजरा का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2,900, रागी का 319 रुपये बढ़ाकर 5,205 रुपये और मक्का का 10 रुपये बढ़ाकर 2,410 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

### ...ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ सत्र की सभी 14 फसलों के लिए एमएसपी उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके।

### एमएसपी बढ़ने का आईवीपीए ने किया स्वागत

भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने तिलहनों का एमएसपी बढ़ाए जाने का स्वागत करने के साथ ही कहा कि वैश्विक कीमतों, घरेलू फसल अर्थशास्त्र और महंगाई के अनुरूप आयात शुल्क ढांचे को स्थिर और लचीला बनाए रखने की जरूरत है।

# सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था।

सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है। किसी भी वित्त वर्ष के लिए हस्तांतरण योग्य अधिशेष का निर्धारण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर किया जाता है। संशोधित ढांचे के अनुसार, आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई के बही-खाते के 4.50 से 7.50 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है।

बजट दस्तावेजों के अनुसार, केंद्र को 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लाभांश और अधिशेष के रूप में 3.16 लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है।




सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सतर्क अनुमान लगाया है लेकिन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लाभांश भुगतान बजट अनुमान से अधिक हो सकता है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025-26 में भी रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है।

बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, स्वस्थ ऋण विस्तार और अधिक आय ने 2025-26 के दौरान पीएसबी की लाभप्रदता में सुधार किया है।

कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# बजाज ग्रुप के 100 साल पूरे, पीएम मोदी ने सराहा योगदान

**कारोबार डेस्क, मुबई**

बजाज ग्रुप ने मंगलवार को अपने 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह आयोजित किया। 148 अरब डॉलर के मार्केट कैप वाला यह समूह आज ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के जरिए देश के हर तीन में से एक घर तक पहुंच रखता है। समूह की स्थापना 1926 में स्वतंत्रता सेनानी, उद्योगपति और समाजसेवी जमना लाल बजाज ने मुंबई में की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजाज परिवार को भेजे संदेश में समूह की राष्ट्र निर्माण, रोजगार सृजन, नवाचार और सामुदायिक विकास में भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में बजाज जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

बजाज ग्रुप ने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक का निर्माण किया है। इसकी कुछ सूचीबद्ध कंपनियों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, बजाज फाइनेंस, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और मुकंद शामिल हैं। समूह 100 से अधिक देशों में निर्यात करता है और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी प्रवेश की तैयारी कर रहा है।




मुंबई में आयोजित समारोह में उद्योग जगत, राजनीति और मनोरंजन क्षेत्र की हस्तियां शामिल हुईं। चेयरमैन नीरज बजाज, एमडी राजीव बजाज और संजीव बजाज ने आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक विस्तार, तकनीक और वित्तीय समावेशन को अगले 100 वर्षों की दिशा बताया।

# बॉन्ड बाजार के लिए वितरकों की नई श्रेणी शुरू करने पर विचार कर रहा सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी बॉन्ड बाजार को विस्तार देने और खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए वितरकों की एक नई श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने बुधवार को कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य बॉन्ड यानी डेट उत्पादों की पहुंच को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि म्यूचुअल फंड क्षेत्र की तरह ऐसे वितरकों की जरूरत है, जो खुदरा निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सरल बना सकें, जिसमें 'केवाईसी' प्रावधान, दस्तावेजीकरण और लेनदेन की शुरुआत शामिल है।

सिंह ने उद्योग संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि वितरण प्रणाली यह तय करती है कि वित्त कुछ हाथों में ही सिमटा रहेगा या व्यापक आर्थिक भागीदारी का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खासकर नए निवेशकों के लिए वितरक वित्तीय बाजारों से जुड़ने का पहला माध्यम होते हैं। सिंह ने कहा कि पहले से पंजीकृत सक्रिय वितरकों की संख्या पिछले पांच वर्षों में 2.4 लाख से बढ़कर 3.4 लाख हो गई है।

# शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। निचले स्तर पर धातु, ऊर्जा और खपत से जुड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि, कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर

इसी तरह, एनएसई निफ्टी 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,959.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालितः ईपीएफओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा। इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी।

केंद्रीय भविष्य निधि संगठन के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है। उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा-हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...।

**इंडिया फूड एक्सपो-2026** | एमएसएमई, निवेश व फूड प्रोसेसिंग को वैश्विक पहचान दिलाने की बड़ी पहल

# फूड एक्सपो सितंबर में, 700 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से आयोजित होने वाले इंडिया फूड एक्सपो-2026 के 11वें संस्करण के रोड शो और कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन बुधवार को आईआईए भवन विभूति खंड में हुआ। एक्सपो का आयोजन 18 से 20 सितंबर तक रेगालिया ग्रीन्स में किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बागवानी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं इन्वेस्ट यूपी के एजीएम इंवेस्टमेंट प्रोमोशन ने कहा कि निवेशकों और उद्यमियों को परियोजना स्थापना तक हर स्तर पर सहायता दी जाएगी।




**लखनऊ :** विभूति खंड स्थित आईआईए भवन में इंडिया फूड एक्सपो के कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पदाधिकारी।

एफएसएसएआई के असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत पांडेय ने कहा कि विभाग खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अनुपालन प्रक्रियाओं में उद्यमियों को हर संभव सहयोग देगा।

कार्यक्रम में आईएफएक्स-2026 का लोगो, ब्रोशर, वेबसाइट और डिजिटल अभियान भी लॉन्च किया गया। आईआईए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने नई आयोजन समिति की घोषणा करते हुए विकास खन्ना को आईएफएक्स-2026 का चेयरमैन बनाया। वैभव अग्रवाल और विधु गुप्ता को डिप्टी चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पूर्व चेयरमैन चेतन देव भल्ला और आईआईए उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश हवेलिया को सलाहकार नियुक्त किया गया।

चेयरमैन विकास खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित 75 हजार नई फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के लक्ष्य को साकार करने में आईएफएक्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह मंच एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार, निवेश, तकनीक, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ेगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस बार एक्सपो में 160 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स भाग लेंगे और 35 से ज्यादा देशों के दूतावासों को आमंत्रित किया जा रहा है। पिछले संस्करण में करीब 350 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जबकि इस बार 700 करोड़ रुपये से अधिक बीटूबी कारोबार की संभावना जताई गई है।

- केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है आईएफएक्स : दिनेश गोयल

आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आईएफएक्स केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि एआई, स्मार्ट पैकेजिंग, ई-कॉमर्स और आधुनिक तकनीकें भविष्य के फूड उद्योग की दिशा तय करेंगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने वेनेजुएला को बताया अमेरिका का 51 वां राज्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रंप ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी। उन्होंने इस जीत का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की संभावना को खारिज कर दिया।

### फिलीपींस संसद में सांसद की गिरफ्तारी के दौरान गोलीबारी

**मनीला।** फिलीपीन संसद के उच्च सदन में बुधवार रात उस समय गोलीबारी की घटना हुई, जब अधिकारियों ने एक सांसद को गिरफ्तार करने की कोशिश की है। बताया गया कि सांसद मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा वांछित है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि गोलीबारी किस वजह से हुई या सीनेट में कोई घायल हुआ या नहीं। फिलीपीन के अधिकारियों द्वारा सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा को गिरफ्तार करने और संभवत: बाद में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को सौंपने के प्रयास के दौरान डेला रोजा को सहयोगी सांसदों की सुरक्षात्मक हिरासत में रखा गया है।

### लेबनान में इजराइली हवाई हमले से ध्वस्त हुई रिहायशी इमारत

**बेरूत।** इजराइल के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार दोपहर दक्षिण लेबनान के कई कस्बों और गांवों पर हवाई हमले किए, जिनमें कफर रुम्मान-अल-मायदानेह राजमार्ग पर स्थित एक रिहायशी इमारत पूरी तरह नष्ट हो गई। नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) के अनुसार इजराइली विमानों ने दो चरणों में हवाई हमला करते हुए कफर रुम्मान-अल-मायदानेह मार्ग पर स्थित एक आवासीय भवन को निशाना बनाया। हमले में इमारत ध्वस्त हो गयी। इजराइली युद्धक विमानों ने बिंत जुबैल जिले के बैत याहून कस्बे पर भी हवाई हमला किया। इसी जिले के ऐता अल-जबल क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया।

### रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों पर किए ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले

**कीव।** रूस ने बुधवार को ड्रोन के जरिए यूक्रेन के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया। इससे पहले मिसाइलों के हमले में आठ लोगों की मौत हो गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर कहा, रूस लगातार हमले कर रहा है और वह यह सब बेशर्मी से कर रहा है। जानबूझकर हमारे रेलवे ढांचे और हमारे शहरों में नागरिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जेलेंस्की के अनुसार, रात भर हमलों में मध्य नीप्रो और उत्तरपूर्वी खारकीव क्षेत्रों में यूक्रेन के आवासीय और रेलवे बुनियादी ढांचे, दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में बंदरगाह बुनियादी ढांचे और मध्य पोल्तावा क्षेत्र में ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिन भर में 14 क्षेत्रों पर हमले हुए।

# कांग्रेस, वाम दलों, अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत

## मुख्य विपक्षी दल द्रमुक ने किया बहिर्गमन, सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में पड़े 144 मत

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में चार दिन पुरानी सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत जीत लिया। मुख्य विपक्षी दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से इस दौरान बहिर्गमन और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में विभाजन के घटनाक्रम के बाद सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में 144 मत डाले गए। राज्य की 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 मतों की आवश्यकता थी।

सदन में मतों के विभाजन के दौरान मुख्यमंत्री विजय की ओर से पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 144 मत पड़े, जबकि विरोध में 22 मत पड़े। भाजपा का एकमात्र विधायक और राजग के घटक दल पट्टाली मक्कल काची के चार विधायक मतदान के दौरान तटस्थ रहे। बहुमत की कमी के चलते सरकार की स्थिरता पर उठ रहे सवालों के बीच इस जीत ने पहली बार सत्ता में आई टीवीके सरकार को कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी मजबूती प्रदान कर दी। नियमों के मुताबिक अब अगले छह महीने तक विधानसभा में दोबारा शक्ति परीक्षण नहीं कराया जा सकेगा। विश्वास मत के बाद अब मुख्यमंत्री विजय सहित मंत्रियों को विभागों का आवंटन की औपचारिकता भी जल्द पूरी होने की उम्मीद है।



विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का सदन में जवाब देते मुख्यमंत्री थलपति विजय।

### अन्नाद्रमुक के 25 सदस्यों का सरकार के पक्ष में वोट

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी सदस्यों ने विश्वास मत पर सरकार के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग की। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और द्रमुक विधायक उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि टीवीके सरकार उधार के सहयोगियों के सहारे और अन्नाद्रमुक को विभाजित करके सत्ता में आई है। अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी का समर्थन कर रहे 21 विधायकों और स्वयं पलानीस्वामी ने टीवीके सरकार के खिलाफ मतदान किया। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के चार विधायक और भाजपा के एकमात्र सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए।

विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके), वामपंथी दलों, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) और एस.पी. वेलुमणि एवं सी.वी. षणमुगम के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के बागी गुट के समर्थन से यह विश्वास मत जीता। सुबह 9:30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद सभी दलों के विधायकों ने इस पर अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने मतों के विभाजन की प्रक्रिया के बाद घोषणा की कि मुख्यमंत्री की ओर से सदन का विश्वास हासिल करने के लिए लाया गया प्रस्ताव पारित हो गया है। सदन में 59 विधायकों वाली मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक के सदस्यों ने विश्वास मत संबंधी प्रस्ताव पर मतदान शुरू होने से पहले ही बहिर्गमन कर दिया।

### भाजपा के एक विधायक समेत राजग के पांच सदस्यों ने नहीं किया मतदान

राजग के घटक दल टीटीवी दिनकरण के नेतृत्व वाली अम्माल मक्कल मुनेत्र कषगम से निष्कासित विधायक एस. कामराज उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सरकार के पक्ष में मतदान किया।

### हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेंगे : विजय

विश्वास मत के प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेगी और पिछली सरकारों द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार घोड़े जैसी रफ्तार (हॉर्स स्पीड) से काम करती है, लेकिन वह विधायकों की खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) में शामिल नहीं होती। यह शक्ति परीक्षण राज्यपाल आरवी आर्लेकर के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने विजय को 13 मई या उससे पहले बहुमत साबित करने को कहा था। सत्तारूढ़ टीवीके की कुल सदस्य संख्या 107 है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल हैं और उन्होंने मतदान नहीं किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने सेतुपति पर लगी रोक हटाई, फिर भी नहीं डाल सके वोट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें टीवीके विधायक आर श्रीनिवास सेतुपति को तमिलनाडु विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने से रोका गया था। हालांकि इसके बावजूद सेतुपति विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में हिस्सा नहीं ले सके। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि यह बेहद गंभीर है। हाईकोर्ट कहता है कि इसका उपाय चुनाव याचिका है लेकिन फिर भी अनुच्छेद 226 के तहत दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। संविधान का अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को कुछ मामलों में रिट (परमादेश) जारी करने की शक्ति से संबंधित है। रिट जारी करने का मतलब सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट द्वारा किसी व्यक्ति, अधिकारी या संस्था को लिखित औपचारिक आदेश देना है। यह आदेश संवैधानिक अधिकारों (मौलिक अधिकारों) को लागू करने या उनके उल्लंघन को रोकने के लिए जारी किया जाता है।



## बीजिंग में ट्रंप का भव्य स्वागत

- ईरान युद्ध समेत कई मुद्दों पर जिनपिंग से होगी चर्चा

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को बीजिंग पहुंचे, जहां उनकी अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध, व्यापार और ताइवान को अमेरिका की ओर से की जाने वाली हथियारों की बिक्री पर बातचीत होगी। शिखर सम्मेलन के तहत दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत का मुख्य कार्यक्रम बृहस्पतिवार को होगा, जब जिनपिंग ट्रंप के सम्मान में एक औपचारिक भोज का भी आयोजन करेंगे। बीजिंग में विमान उतरने के बाद ट्रंप का भव्य स्वागत किया गया। उनका स्वागत चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग, वाशिंगटन में चीन के राजदूत शी फेंग, विदेश मामलों के कार्यकारी उप मंत्री मा झाओक्सू और बीजिंग में अमेरिकी दूत डेविड पर्ड्यू ने किया। स्वागत समारोह में 300 चीनी युवा शामिल हुए और सैन्य बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। चीन की सेना ने ट्रंप को गारद सलामी भी दी।

## ज्योतिषी को ओएसडी बनाने का आदेश रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी राजनीतिक) के रूप में ज्योतिषी रिक्की राधन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति संबंधी आदेश वापस ले लिया।

मंगलवार को हुई इस नियुक्ति के बाद विपक्षी दलों के साथ टीवीके के सहयोगियों ने भी इसकी तीखी आलोचना की थी। इस नियुक्ति को लेकर बुधवार को विधानसभा में भी तीखी बहस हुई। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत समेत विपक्षी नेताओं ने सदन में इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि एक ज्योतिषी को महत्वपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक पद पर कैसे नियुक्त किया जा सकता है। बढ़ते विरोध के बीच विजय सरकार ने 24 घंटे में ही नियुक्ति आदेश रद्द कर दिया। प्रख्यात ज्योतिषी वेत्रिवेल को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजनीतिक मामलों को देखने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## पांच शर्तों को पूरा करे अमेरिका, तभी बातचीत : ईरान

- कहा- नाकेबंदी से यह साफ, अमेरिका भरोसे लायक नहीं

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका अगर पांच शर्त पूरी करे तो वह उससे बातचीत करेगा। इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना और विशेषकर लेबनान में, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है।

फार्स न्यूज एजेंसी की ओर से एक सूत्र के हवाले से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान को संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बिना नतीजे के समाप्त हो गई। इसके बाद से अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है। मध्यस्थ इस समय बातचीत का नया दौर आयोजित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। चार मई को ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर पाए।

# एयर इंडिया अपनी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 27% कटौती करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## तेल संकट की मार



- जून से अगस्त तक होगी कटौती, पश्चिम एशिया में हवाई प्रतिबंध भी कारण

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्रों पर जारी प्रतिबंधों के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में जून से अगस्त के दौरान 27 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह इस अवधि में चुनिंदा अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों को युक्तिसंगत बनाएगी।

एयरलाइन कंपनी ने इसके लिए कई कारकों के संयुक्त प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है जिनमें पश्चिम एशिया संकट के कारण कुछ इलाकों में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों का जारी रहना और विमान ईंधन के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर प्रमुख हैं। कंपनी ने कहा है कि जून से अगस्त के बीच वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करेगी जो रोजाना औसतन 40 के करीब है। सूत्रों ने बताया कि अभी एयरलाइंस औसतन हर दिन 55 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन कर रही है। इस प्रकार उड़ानों की संख्या में 27 प्रतिशत की कटौती की गई है।

कंपनी ने कहा है कि इन बदलावों का उद्देश्य नेटवर्क की स्थिरता बनाए रखना और अंतिम क्षणों में यात्रियों को होने वाली असुविधाओं से बचाना है। पहले से जिन यात्रियों ने टिकट बुक करा रखे हैं उन्हें दूसरी विमानों में सीट देने में एयरलाइंस मदद करेगी। एयर इंडिया का कहना है कि वह जून से अगस्त तक हर सप्ताह उत्तर अमेरिका के लिए में 33, यूरोप के लिए 47, ब्रिटेन के लिए 57, ऑस्ट्रेलिया के लिए आठ और सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा सार्क क्षेत्र के लिए 158 और मॉरिशस के लिए सात उड़ानों का परिचालन करेगी।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण इस समय विमान ईंधन की कीमत रिकॉर्ड उच्चतम स्तर हैं। सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमतों में हर महीने के लिए 25 प्रतिशत की सीमा तय कर दी है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह राहत नहीं दी गई है।

# भारत के साथ सभी समझौते निभाएगा रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि रूस अनुचित प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत के साथ ऊर्जा आपूर्ति संबंधी समझौतों को पूरा करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंध मित्रता पर आधारित हैं और ऐसी कोई स्थिति पैदा होने की संभावना नहीं है जिससे उनके रास्ते अलग हो जाएं।

इस सप्ताह नई दिल्ली की अपनी यात्रा से पहले एक साक्षात्कार में लावरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दुनिया के सबसे ऊर्जावान नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूसी आपूर्ति के संबंध में भारत के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे कि यह अनुचित और बेईमानी भरी प्रतिस्पर्धा हमारे समझौतों को क्षति न पहुंचाए। लावरोव ने कहा, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारी प्रमुख परियोजना है। यह भारत की जरूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा करता है। इस परमाणु संयंत्र के लिए नई विद्युत इकाइयों के निर्माण पर सहयोग जारी है।



- दिल्ली दौरे से पहले लावरोव ने कहा- दोनों देशों के रास्ते अलग होने का सवाल ही नहीं

लावरोव ने कहा, भारत-रूस संबंधों के लिए सिर्फ एक शब्द नहीं है। ऐसा इसलिए नहीं है कि मानव भाषाएं इतनी समृद्ध नहीं हैं, बल्कि इसलिए कि इतने परिपूर्ण और गहरे संबंध की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने हिंदी-रूसी भाई-भाई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति का हिस्सा बन गया है।

# अमेरिका का हथियारों का भंडार खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों का भंडार खाली होने की रिपोर्ट और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण हैं और व्यर्थ में बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है। हेगसेथ ने सांसदों के साथ अलग बातचीत में कहा, मैं सार्वजनिक मंच पर यह कहे जाने से असहमत हूं कि हमारे गोला-बारूद के भंडार समाप्त हो रहे हैं। ईरान संघर्ष कई सप्ताह तक खिंचने के कारण हथियार भंडार को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस दौरान टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, एटीएसीएमएस युद्धक्षेत्र मिसाइल और पैट्रियट वायु रक्षा इंटरसेप्टर जैसी उन्नत प्रणालियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ है।



- संसदीय सुनवाई के दौरान अमेरिकी रक्षामंत्री ने ऐसे दावों को बताया मूर्खतापूर्ण

### खुफिया रिपोर्ट: ट्रंप के दावों के बावजूद ईरान की 70% मिसाइल क्षमता सुरक्षित

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। युद्ध के बीच ट्रंप कई बार ईरान की मिसाइल क्षमता खत्म होने के दावे कर चुके हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ कम रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत बन सकते हैं।

**वृष:** आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। अपने लक्ष्य को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करना पड़ेगा।

**मिथुन:** आज नई संपत्ति की खरीदी करेंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क:** आज व्यवसाय में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। शाम को अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह:** आज कारोबार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। युवा अपने करियर को लेकर सतर्क रहेंगे।

**कन्या:** आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। शाम के समय मन थोड़ा व्यथित रहेगा। सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**तुला:** आज व्यापार में धन लाभ होगा। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। तय समय पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेन-देन में चूक हो सकती है।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान होगा। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**मकर:** आज आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र का तनाव दूर होगा। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन:** आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बेहतरीन है। स्वभाव में कुछ तीखापन रहेगा। महिलाएं काम को लेकर तनाव में हो सकती हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मई, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, द्वादशी 11.20 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-रेवती 22.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 148 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | 5 | | | 6 | | |
| | 2 | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 6 | | | | 3 |
| | | 1 | | | 7 | | 9 | |
| | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |

# अमेरिका में भारतीयों समेत 10,000 विदेशी छात्र रडार पर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- वीजा नियमों का दुरुपयोग कर संदिग्ध लोगों के लिए काम करने का आरोप

अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है।

ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में परिवर्तित होने का अवसर भी देता है। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड लायंस ने कहा कि छात्र वीजा कार्यक्रम का ओपीटी प्रावधान धोखाधड़ी का केंद्र बन गया है और गृह सुरक्षा विभाग की ओर से इसकी कई जांच की जा चुकी हैं। लायंस ने कहा, हमें ऐसे मामले मिले हैं जिनमें जासूसी, जैविक खतरों, बौद्धिक संपदा की चोरी, वीजा और रोजगार धोखाधड़ी और बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले घोटाले भी शामिल हैं। इन सभी मामलों में ऐसे लोग शामिल पाए गए जिन्होंने छात्र होने की अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा, हमारा देश विदेशी छात्र कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरे बर्दाश्त नहीं करेगा। लायंस ने बताया कि संघीय जांचकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जिसमें यह सामने आया कि कई ओपीटी लाभार्थियों को भारत में बैठे कर्मचारी प्रबंधित कर रहे थे।

## श्रीलंका: मादक पदार्थ की तस्करी में भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 438 लाख श्रीलंकाई रुपये कीमत का चार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया गया। हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने बताया कि बैंकॉक से हवाई जहाज से आया 29 वर्षीय व्यक्ति ग्रीन चैनल का उपयोग करके देश छोड़ने का प्रयास कर रहा था तभी सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसे रोककर उसके सामान की जांच की।

**सुप्रीम टिप्पणी**

**सबरीमाला मामले में कहा- घर में दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त**

# हिंदुत्व जीवनशैली, आस्था जताने को मंदिर जाना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व जीवनशैली है और किसी हिंदू को हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, यहां तक कि घर के अंदर दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और दाऊदी बोहरा समुदाय सहित कई धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।



सुप्रीम कोर्ट में पंद्रहवें दिन इस मामले में सुनवाई शुरू होने पर हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता डॉ. जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में यह माना गया कि हिंदू वह है जो धर्म और दर्शन के सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। उन्होंने मुझसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा, मेरा वेदों के प्रति अत्यंत आदरभाव है। लेकिन क्या यह सच है कि आज हिंदू कहलाने वाला प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है।

उनकी दलील का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इसीलिए हिंदुत्व को जीवनशैली कहा जाता है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है कि किसी को कर्मकांडी होने की जरूरत नहीं है और आस्था रखने वाले लोगों के रास्ते में कोई बाधा नहीं बन सकता। सीजेआई ने यह भी टिप्पणी की, यदि कोई व्यक्ति अपने घर में एक दीपक भी जलाता है तो यह उसके धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है।

न्यायालय ने इससे पहले टिप्पणी की थी कि यदि व्यक्ति किसी संवैधानिक अदालत के समक्ष हर धार्मिक प्रथा या धर्म से संबंधित मामलों पर सवाल उठाना शुरू कर दें तो सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी और इसके कारण हर धर्म टूट जाएगा।



वैभव सूर्यवंशी में एक बेहतरीन प्रतिभा है। उसके हाथ बहुत तेज चलते हैं। वह बिल्कुल निडर बल्लेबाजी कर रहा है। उसके शरीर में डर का एक अंश भी नहीं है। वह निश्चित रूप से ऐसा खिलाड़ी जो लोगों का ध्यान खेल की तरफ खींचता है।
–कागिसो रबाडा

# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 14 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## IPL 2026
### आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# कोलकाता ने बेंगलुरु को दिया 193 रनों का लक्ष्य, रिंकू पचासे से चूके

## आईपीएल-2026 : बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मैच, रघुवंशी ने सर्वाधिक 71 रन बनाए

**रायपुर, एजेंसी**

अंगकृष रघुवंशी (71), रिंकू सिंह (नाबाद 49) और कैमरन ग्रीन (32) की शानदार पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन ऐलन की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 23 रन जोड़े। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने फिन ऐलन आठ गेंदों में (18) को आउटकर आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पांचवें ओवर में जॉश हेजलवुड ने अजिंक्य रहाणे 13 गेंदों में (19) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कैमरन ग्रीन और अंगकृष रघुवंशी की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिये 68 रन जोड़े।

13वें ओवर में रसिख सलाम ने कैमरन ग्रीन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। पारी की आखिरी गेंद पर अंगकृष्ण रघुवंशी रनआउट हुये। कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर बनाया। अंगकृष रघुवंशी ने 46 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 71 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 49 रन बनाये। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम और जॉश हेजलवुड ने एक-एक विकेट लिए।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी। एजेंसी

### प्लेआफ की स्थिति : जीटी, आरसीबी शीर्ष दो की दौड़ में, चेन्नई के पास भी मौका

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के चार स्थानों के लिए अब आठ टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है।

लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है।

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं। पीटीआई ने क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल आठ टीमों के समीकरणों का जायजा लिया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब बुधवार को उसका सामना केकेआर से है जिसे जीतने पर उसकी प्लेआफ में जगह लगभग पक्की हो जाएगी। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।पंजाब किंग्स : खराब गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से पंजाब को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है लेकिन आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रनरेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा। गुजरात टाइटंस : चार साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 1.103 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 10 | 4 | 5 | 1 | 9 | -0.169 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### ऑरेंज कैप






- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात-501 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -481 रन

### पर्पल कैप






- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट

## मुंबई के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा पंजाब

**मुकाबला आज**

**धर्मशाला, एजेंसी।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, पर लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए।

### हाईलाइट



एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में पीजीए चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के प्रैक्टिस राउंड के दौरान सातवें ग्रीन बंकर से हिट करते गैरी वुडलैंड। एजेंसी

## टेस्ट रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है।

## रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका



**41** वर्ष के हो चुके हैं पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**226** मैच में 143 गोल किए हैं पुर्तगाल के लिए, जो विश्व रिकॉर्ड है



**लिस्बन, एजेंसी।** पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांवों का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। इस साल की शुरुआत में सऊदी प्रो लीग में अपनी क्लब टीम अल नासर की तरफ से खेलते समय उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह एक अप्रैल को अटलांटा में पुर्तगाल और अमेरिका के बीच मैत्री मैच में नहीं खेल पाए थे। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है। अगर वह विश्व कप में खेलते हैं तो वह 2014 में मिशिगन में रियाल मैड्रिड की तरफ से मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर खेलेंगे।

रोनाल्डो इस तरह से अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं।

रोनाल्डो ने नवंबर में सीएनएन को बताया था कि यह विश्व कप ''निश्चित रूप'' से उनका आखिरी विश्व कप होगा। पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था। यह हार इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि रोनाल्डो को एक डिफेंडर को कोहनी मारने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। रोनाल्डो को दो मैच का प्रतिबंध झेलना पड़ा। पुर्तगाल ने वापसी करते हुए आर्मेनिया को 9-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की की।

## लीग में सबसे अधिक कमाने वाले हैं मेसी

**लंदन।** स्टॉर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी इंटर मियामी के साथ नए अनुबंध के तहत मेजर लीग सॉकर में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी बने हुए हैं।

एमएलएस प्लेयर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़े उस अनुबंध के विस्तार को दिखाते हैं जिस पर मेसी ने अक्टूबर में इंटर मियामी के साथ हस्ताक्षर किए था। नए अनुबंध के तहत उन्हें 28.33 मिलियन डॉलर (करीब 267 करोड़ रुपये) की रकम मिलेगी। जो नॉर्थ अमेरिकन लीग के अगले सबसे अधिक कमाने वाले खिलाड़ी से दोगुने से भी अधिक है। एफएएफसी के सोन ह्युंग-मिन दूसरे सबसे ज्यादा कमाने वाले खिलाड़ी हैं। मेसी 2023 में फ्लोरिडा फ्रैंचाइजी में शामिल हुए और उन्होंने 64 रेगुलर-सीज़न एमएलएस गेम्स में 59 गोल किए हैं, जिससे मियामी को 2025 में एमएलएस कप जीतने में मदद मिली। उन्होंने पिछले सीजन में 29 गोल के साथ लीग को लीड किया व अब तक खेले गए दो पूरे एमएलएस सीजन-2024 व 2025-में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर रहे हैं।

## हरियाणा के नाम रहा नंदिनी नगर दंगल

- सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**नवाबगंज (गोंडा)**

**अमृत विचार।** नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपन सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार देर शाम को पदक अलंकरण समारोह के साथ समापन हो गया। देशभर से पहुंचे पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना दबदबा कायम रखा।

फ्री-स्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती को मिलाकर हरियाणा ने 22 स्वर्ण पदक और कुल 700 अंक अर्जित कर प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के लगभग 1400 पहलवानों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में दर्शकों को कई रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले दंगल देखने को मिले। समापन अवसर पर महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




मेडल के साथ महिला पहलवान। अमृत विचार

### महिला वर्ग में उप्र ने दूसरा स्थान हासिल किया

महिला वर्ग में भी हरियाणा की पहलवानों का दबदबा पूरी तरह कायम रहा। हरियाणा की महिला टीम ने 6 स्वर्ण, 8 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की पहलवानों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

50 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंकुश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रचना (हरियाणा) को रजत पदक मिला, जबकि परवीन (हरियाणा) और इशिका (दिल्ली) ने कांस्य पदक जीते। 53 किग्रा वर्ग में निशु (हरियाणा) ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। हिमांशी (हरियाणा) को रजत पदक मिला। तन्नू (हरियाणा) और तानिया (दिल्ली) कांस्य पदक विजेता रहीं। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा की निशा ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। नैना (हरियाणा) रजत पदक पर रहीं। त्निश्का (दिल्ली) और खुशी (हरियाणा) ने कांस्य पदक हासिल किया। 57 किग्रा वर्ग में रीना (हरियाणा) ने शानदार दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश की काजल चौधरी को रजत पदक मिला। शिवानी और हंसिका लांबा (दोनों हरियाणा) ने कांस्य पदक जीते। 59 किग्रा वर्ग में सितो (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिमरन (हरियाणा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। खुशी चौधरी (उत्तर प्रदेश) और पूजा गहलोत (हरियाणा) कांस्य पदक विजेता रहीं। 62 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र की वैष्णवी दिलीप पाटिल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की अंजली को रजत पदक मिला। सारिका (हरियाणा) और प्रगति विनोद गायकवाड़ (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक हासिल किया। 65 किग्रा वर्ग में चंडीगढ़ की अंजली ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**नाराजगी**

अनुबंध नहीं बढाने पर भड़के भारतीय हॉकी जूनियर टीम के कोच, विदेशी कोचों को तरजीह पर उठाये सवाल

## अच्छे प्रदर्शन के बावजूद मुझे हटाया गया : पीआर श्रीजेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के महान गोलकीपर और जूनियर टीम के मुख्य कोच रहे पी आर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के लिये महज 17 महीने बाद पद से हटाने को लेकर हॉकी इंडिया पर सार्वजनिक तौर पर भड़ास निकाली है हालांकि हॉकी इंडिया ने उनके आरोप को खारिज किया। सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक तल्ख पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें फिर कोच नहीं बनाया गया क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है।

श्रीजेश ने 'एक्स' पर लिखा लगता है कि मेरा कोचिंग कैरियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे। उन्होंने कहा मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है।

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में टिर्की ने कहा पी आर श्रीजेश का कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था। इसके बाद प्रोटोकॉल का पालन करके पद के लिये विज्ञापन दिया गया और कुछ नाम चुने गए। उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके चयन किया गया है। इसमें कहा गया प्रक्रिया के बाद एक योग्य कोच का चयन किया गया है जिसके नाम की घोषणा जल्दी ही की जायेगी। टिर्की ने कहा हमने श्रीजेश को हटाया नहीं है बल्कि उन्हें डेवलपमेंट टीम (भारत ए) का कोच बनने की पेशकश की गई थी। उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी नहीं माने। एक सूत्र ने बताया कि श्रीजेश को सीनियर पुरूष टीम का गोलकीपिंग कोच बनाने की पेशकश भी हुई थी। श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था और उन्होंने इस पद के लिए पुनः आवेदन किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टोन हैं जबकि महिला टीम के कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन हैं।



एक मैच के दौरान सलाह देते पीआर श्रीजेश। फाइल फोटो

### ये लगाया आरोप

टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहे श्रीजेश ने कहा हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच,जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।

### कार्यकाल 2025 में ही खत्म हो गया : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें पद से हटाया नहीं गया है बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था और उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके मेरिट के आधार पर नया कोच चुना गया है।

## भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत, सिंधु और लक्ष्य जीते

**थाईलैंड ओपन**

**बैंकॉक, एजेंसी :**

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, सिंधु डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ 17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी।